हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



गिल्ट 3 में नजर आएंगी सारा खान



WWW.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 08 मई 2024, वर्ष - 07, अंक- 79 , पृष्ठ- 8, मूल्य- 3.00 | naisochexpreess@gamil.com

# तीसरे चरण में 64 प्रतिशत मतदान

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को जारी है। इस चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों पर मतदान कराया जा रहा है। शाम पांच बजे तक 60.19 प्रतिशत औसत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक असम में 74.86 प्रतिशत, बिहार में 56.01 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 66.87 प्रतिशत, दादर नागर हवेली दमन दीव में 65.23 प्रतिशत, गोवा में 72.52 प्रतिशत, गुजरात में 55.22 प्रतिशत, कर्नाटक में 66.05 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 62.28 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.40 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 55.13 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत मतदान हुआ है। उधर, गुजरात की पांच तथा कर्नाटक और पश्चिम बंगाल की एक-एक विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव हो रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक गुजरात की वीजापुर सीट पर 59.47 प्रतिशत, खंभात में 59.90 प्रतिशत, पोरबंदर में 51.93 प्रतिशत, वाघोडिया में 63.75 प्रतिशत और माणावदर सीट पर 48.45 प्रतिशत मतदान हुआ। कर्नाटक की शोरापुर सीट पर 66.72 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल की भगवानगोला सीट पर 73.68 प्रतिशत मतदान हुआ।

## लोकसभा चुनावः महाराष्ट्र में सबसे कम 53.40%; बिहार-छत्तीसगढ़ में 3 की मौत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में मतदान किया. पीएम के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सिंगवी सहित कई दिग्गजों ने भी वोट डाला.

| राज्य | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| असम | 74.86% |
| बिहार | 56.01% |
| छत्तीसगढ़ | 66.87% |
| दादर नगर हवेली अंडमान और दीव | 65.23% |
| गोवा | 72.52% |
| गुजरात | 55.22% |
| कर्नाटक | 66.05% |
| मध्य प्रदेश | 62.28% |
| महाराष्ट्र | 53.40% |
| उत्तर प्रदेश | 55.13% |
| पश्चिम बंगाल | 73.93% |
| औसत | 63.77% |



## अहमदाबाद में मतदान केंद्र के बाहर भारी भीड़ के बीच बुजुर्ग महिला ने पीएम मोदी को बांधी राखी

**अहमदाबाद**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद के रानिप स्थित निशान स्कूल में वोट डाला। इस दौरान उत्साही भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। मतदान केंद्र पर माहौल उम्मीद और उत्साह से भरा था। लोगों ने 'जय श्री राम' के नारे के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतदान केंद्र के बाहर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। समर्थकों और शुभचिंतकों की भीड़ के बीच, एक बूढ़ी महिला ने पीएम मोदी को राखी बांधी। बदले में उन्होंने हाथ जोड़कर आशीर्वाद मांगा। पीएम मोदी ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर और ऑटोग्राफ देकर इस गर्मजोशी का जवाब दिया। एक स्थानीय व्यक्ति ने पीएम को एक पेंटिंग भेंट की, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। उन्होंने सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने सुचारू और हिंसा मुक्त चुनावी प्रक्रिया आयोजित करने के लिए चुनाव आयोग की सराहना की। पहले वोटिंग के दौरान हिंसा होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। यह प्रक्रिया चुनाव अनुकूल है। यह दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण है। यह एक केस स्टडी है।

# मुसलमानों को आरक्षण जरूर मिलना चाहिए

## लालू प्रसाद के बयान से बिहार की राजनीति गरमाई

एजेंसी। पटना

इस समय देश में लोकतंत्र का महाकुंभ चल रहा है। इस चुनाव में देश की राजनीतिक पार्टियां अपने वोटरों को लुभाने के लिए कई वादे भी कर रही हैं। वहीं इस लोकसभा चुनाव के दौरान धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण एक बड़ा मुद्दा बन गया है। इसको लेकर पक्ष और विपक्ष तरह-तरह की बयानबाजी कर रहा है। एक ओर जहां इंडिया गठबंधन के नेता इसका समर्थन कर रहे तो वहीं एनडीए और बीजेपी खेमा इसका विरोध करता नजर आ रहा है। इस बीच राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने पटना में पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में सीधे तौर पर कहा कि मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिए। लालू प्रसाद यादव विधान परिषद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। यहां उन्होंने पत्रकारों से मुखातिब हुए कहा कि मुसलमानों को आरक्षण जरूरी मिलना चाहिए। उनसे पत्रकारों ने पूछा कि पीएम मोदी और बीजेपी आरोप



लगा रहे हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को दे दिया जाएगा। इस पर लालू ने मुसलमानों के आरक्षण का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मुसलमनों को भी आरक्षण मिलना चाहिए। गौरतलब है कि कर्नाटक में धर्म आधारित आरक्षण पर बीजेपी हमलावर है। पीएम मोदी कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए आरक्षण के मुद्दे को आधार बनाकर जनता के बीच जा रहे हैं। पीएम मोदी चुनावी जनसभाओं में कई बार कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना संविधान के खिलाफ है। कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीती के लिए ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे रही है। अब लालू यादव ने मुसलमानों के आरक्षण का समर्थन कर सियासत को और गर्मा दिया है। बता दें कि एमएलसी शपथ ग्रहण समारोह में लालू प्रसाद यादव विधान परिषद में पहुंचे और इस दौरान लालू और नीतीश आमने सामने भी हुए, लेकिन दोनों ने बातचीत नहीं की। बता दें कि चुनावी प्रचार के दौरान दोनों के बीच तल्खी बढ़ी हुई है। पत्रकारों के एक सवाल पर लालू यादव ने दावा किया कि बिहार में 40 सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि लंबी-लंबी लाइन लगी है और वोट हमारी तरफ आ रहा है। पीएम मोदी के 400 पार वाले बयान पर लालू ने कहा पार हो गए हैं, सब पार हो गए हैं। लोगों को बीजेपी वाले भड़का रहे हैं। बीजेपी के लोग संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। अब जनता जान चुकी है कि बीजेपी बोली है इस बार वह उनके झांसे में नहीं आने वाली।

## खास ख़बर

### भाजपा में शामिल राधिका खेड़ा और शेखर सुमन ने की नड्डा से मुलाकात



**नई दिल्ली**। कांग्रेस की पूर्व नेता राधिका खेड़ा और अभिनेता शेखर सुमन ने मंगलवार को भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। जेपी नड्डा ने सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि 'हीरामंडी' अभिनेता शेखर सुमन ने 2009 में बिहार के पटना साहिब से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था और भाजपा के शत्रुघ्न सिन्हा से हार गए थे। राधिका खेड़ा कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक रही हैं।

### सुरक्षाबलों ने तलाशी के दौरान लश्कर के टॉप कमांडर डार को घेरा



**श्रीनगर**। जम्मू कश्मीर में हुए हमले के बाद आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन चला रखा है। इसी के तहत सोमवार सुबह दक्षिण कश्मीर में कुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया। इसी बीच सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़ हुई जो कि मंगलवार सुबह तक जारी रही है। मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षाबलों ने संयुक्त रुप से मोर्चा संभाला है। सूत्र बता रहे हैं कि शीर्ष लश्कर कमांडर बासित अहमद डार कुलगाम की इस मुठभेड में घेरा जा चुका है। गौरतलब है कि पिछले साल राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लश्कर के सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के कमांडर बासित अहमद डार पर 10 लाख रुपये का नकद इनाम घोषित किया था। पुलिस अधिकारियों की मानें तो बासित अनेक हत्याओं का मास्टरमाइंड रहा है।

# दिल्ली एलजी ने की केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश

एजेंसी। नई दिल्ली

- दो लोगों ने वीके सक्सेना को पत्र लिखकर की जांच की मांग



कथित शराब घोटाले की वजह से जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की मुसीबत कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। अब दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। एलजी को शिकायत मिली थी कि आप और इसके मुखिया ने खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से फंडिंग ली है। सूत्रों के मुताबिक एक अप्रैल को आशू मोंगिया नाम के एक व्यक्ति ने एलजी वीके सक्सेना को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी। मोंगिया खुद को वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन का महासचिव बताते हैं। आम आदमी पार्टी के सदस्य रहे मुनीष रायजादा ने भी एलजी से जांच की मांग की थी। अब राजभवन ने गृहमंत्रालय से जांच की सिफारिश की है। मोंगिया का कहना है कि उन्होंने वॉट्सएप पर एसएफजे के गुरपतवंत सिंह पन्नू का वीडियो देखा था जिसमें उसने दावा किया था कि केजरीवाल ने आतंकी भुल्लर को छोड़ने का वादा करते हुए 16 मिलियन डॉलर की फंडिंग ली थी। मोंगिया का कहना है कि वॉट्सएप पर वीडियो देखने के बाद उन्होंने शिकायत करने का फैसला लिया। आम आदमी पार्टी का कहना है कि मोंगिया बीजेपी नेता हैं। मोंगिया इससे इनकार करते हुए खुद को एक हिंदू संगठन का नेता बताते हैं। राजभवन की ओर से गृहमंत्रालय को भेजे गए पत्र में आप के पूर्व नेता मुनीश रायजादा का भी जिक्र किया गया है।

# सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ मित्र देशों में भी सड़कें बनाई : रक्षा सचिव

- सीमा सड़क संगठन के 65वें स्थापना दिवस पर उत्कृष्टता पुरस्कार दिए गए
- तीव्र गति से कार्य पूरे करने के लिए नवीनतम तकनीक अपनाने का आग्रह

एजेंसी। नई दिल्ली



सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) मंगलवार को अपना 65वां स्थापना दिवस मना रहा है। आज नई दिल्ली में हुए कार्यक्रम में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा कि बीआरओ ने भारत से लगी भूटान, म्यांमार, अफगानिस्तान और तजाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ मित्र देशों में भी सड़कें बनाई हैं। देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर 9 फीट से 19 हजार फीट तक की ऊंचाई पर सड़क निर्माण करके अग्रिम इलाकों तक सेना की पहुंच बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि दुर्गम इलाकों में मौसम के विपरीत कठिन स्थिति में बीआरओ ने अपने दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उन्होंने सीमा सड़क संगठन को एक अत्यंत महत्वपूर्ण संगठन बताया, जो सीमावर्ती क्षेत्रों में देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रक्षा सचिव ने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन के कर्मयोगी रिकॉर्ड समय में सीमा बुनियादी ढांचे के विकास को जारी रखेंगे। उन्होंने आग्रह किया कि परियोजनाओं को तीव्र गति से पूरा करने के लिए नवीनतम तकनीक अपनाई जाए। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने सिल्कयारा सुरंग ढहने और सिक्किम बाढ़ के दौरान राहत और बचाव प्रयासों में सीमा सड़क संगठन कर्मियों के बहुमूल्य योगदान को याद किया। रक्षा सचिव अरमाने ने सेला सुरंग पर कुछ पुस्तकों का अनावरण भी किया। उन्होंने वर्ष 2023-24 के लिए सीमा सड़क संगठन कर्मियों को उत्कृष्टता पुरस्कार दिए और महिला कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने सेला टनल जैसी विभिन्न परियोजनाओं के साथ-साथ सिक्किम बाढ़ के दौरान काम करने वाले आकस्मिक भुगतान वाले मजदूरों को भी सम्मानित किया। सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने कहा कि बीआरओ की टैगलाइन 'इन द साइलेंस ऑफ आवर ग्रेट माउंटेन्स-वर्क स्पीक्स' संगठन के समर्पण, दृढ़ता और देश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन पर प्रभाव को दर्शाती है। उन्होंने सभी रैंकों से जुड़े कर्मियों का आह्वान किया कि वे लोगों के आपसी संपर्क के लिए स्थानों को जोड़ने का कार्य जारी रखें। इस समय सीमा सड़क संगठन 18 परियोजनाओं पर कार्य करने वाला एक महत्वपूर्ण संगठन बन गया है। अब बीआरओ ने ऊंचाई वाले और कठिन बर्फीले क्षेत्रों में अग्रणी बुनियादी ढांचा निर्माण एजेंसी के रूप में अपनी साख स्थापित कर ली है।

## जयराम रमेश ने केंद्र पर लगाया आदिवासियों की उपेक्षा करने का आरोप

**नई दिल्ली**। कांग्रेस पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने आदिवासियों की उपेक्षा की। इसकी वजह से केंद्रीय बजट में कमी आई। जयराम रमेश ने मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैलियों से पहले यह सवाल आज सोशल मीडिया एक्स पर उठाया है। जयराम रमेश ने कहा कि केंद्रीय बजट में आदिवासियों के लिए भाजपा का आवंटन 2017 में नीति आयोग द्वारा निर्धारित 8.2 प्रतिशत लक्ष्य से लगातार कम रहा है। मध्य प्रदेश में आदिवासी कल्याण के लिए 3 लाख करोड़ रुपये आवंटित करने का उनका चुनावी वादा अधूरा है। इससे स्पष्ट है कि "मोदी का परिवार" में आदिवासी समुदाय के लिए कोई जगह नहीं है। जयराम रमेश ने कहा कि दाहोद-इंदौर और छोटा उदयपुर-धार रेलवे लाइनों को यूपीए सरकार ने मंजूरी दे दी थी लेकिन दस साल बाद भी निर्माण शुरू नहीं हुआ है। बेहतर रेल कनेक्टिविटी मध्य प्रदेश के धार और झाबुआ के अपेक्षाकृत अलग-थलग आदिवासी बहुल जिलों में समृद्धि लाएगी लेकिन राज्य में लगातार भाजपा सरकारें रहीं और केंद्र ने इस परियोजना की उपेक्षा की है। जयराम रमेश ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उसने एससी-एसटी उप-योजना को कानूनी दर्जा देने की गारंटी दी है, जिसके लिए केंद्र को 8.2 प्रतिशत बजट लक्ष्य को पूरा करने की आवश्यकता होगी।

## 50 दिन के बाद आज पुतिन लेंगे 52 शब्दों की शपथ, संभालेंगे नई सरकार की बागडोर

एजेंसी। मॉस्को



मंगलवार को 4 बार रूस के राष्ट्रपति का पद संभालने वाले व्लादिमीर पुतिन पांचवी बार मॉस्को में राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे और एक बार फिर रूस की कमान संभालेंगे। राष्ट्रपति चुनाव के लिए रूस में 15 से 17 मार्च तक मतदान हुए थे। जिसके बाद 18 मार्च को चुनाव के नतीजे सामने आए थे, जिसमें पुतिन ने 87 प्रतिशत वोट हासिल कर एक बार फिर सत्ता हासिल की। बता दें, रूस में राष्ट्रपति का कार्यकाल 6 साल के लिए होता है। जिसके शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रपति देश की संप्रभुता और स्वतंत्रता, सुरक्षा के लिए 52 शब्दों की शपथ लेते हैं। रूस के समय के अनुसार यह शपथ ग्रहण समारोह 12 बजे शुरू होगा जिस समय भारत में 2:30 बज रहे होंगे। रूस के राष्ट्रपति 52 शब्दों की शपथ लेते हैं। वो शपथ लेते हैं कि रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, मैं प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और स्वतंत्रता का सम्मान और सुरक्षा करने की शपथ लेता हूं, रूस के संविधान का पालन करना और उसकी रक्षा करना, राज्य की संप्रभुता और स्वतंत्रता, सुरक्षा और अखंडता की रक्षा करना और लोगों की ईमानदारी से सेवा करना।

# शांति प्रस्ताव पर राजी होने के बाद भी इजराइल ने कर दिया हमला?

एजेंसी। गाजा



इजराइल हमास को खत्म करने के लिए कुछ भी कर रहा है। शांति प्रस्ताव स्वीकारने के बाद भी हमला कर देता है। बीते सोमवार को भी संघर्ष विराम का प्रस्ताव मान लिया था इसके बाद भी राफा पर हमला बोल दिया। हमास की ओर से कहा गया कि अब उसको इजराइल के जवाब का इंतजार है। हमास के ऐलान के बाद सबको लग रहा था कि अब गाजा में खून-खराबा बंद हो जाएगा लेकिन हुआ इसका उल्टा। शांति की जगह इजराइल ने राफा में हमले कर डाले। दरअसल, हमास ने प्रस्ताव तो मान लिया है लेकिन इजराइल इससे सहमत नहीं है। इजराइल की ओर से कहा गया है कि हमास ने जिस प्रस्ताव पर रजामंदी जताई है, वे 'नरम' प्रस्ताव है यानी हमास का मकसद अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ये दिखाना कि उसने संघर्ष विराम प्रस्ताव को मान लिया है। संघर्ष विराम को लेकर इजराइल द्वारा रखे गए प्रस्ताव में बंधकों रिहाई के साथ फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ना, गाजा में मानवीय मदद पहुंचाना और अपने सैनिको को सऊथ गाजा और सेंट्रल गाजा से पीछे हटाना शामिल था। इसमे पूर्ण संघर्ष विराम और इजराइल सैनिकों के पूरी तरह गाजा से वापसी न शामिल होने पर कई फिलिस्तीन समर्थकों ने इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताई थी। सूत्रों के हवाले से बताया कि मध्यस्थता ने हमास के द्वारा स्वाकार किए गए प्रस्ताव की बाधाओं पर फिर चर्चा शुरू की है, जिनपर इजराइल राजी नहीं है। कतर के विदेश मंत्रालय ने एलान किया कि वे एक डेलिगेशन को मिस्त्र की राजधानी कायरो भेज रहे हैं। इजराइल की ओर से भी अधिकारी कायरो जा रहे हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने राफा में अपने हमले जारी रखने के संकेत दिए हैं।

## 100 करोड़ दो-तीन सालों में 1100 करोड़ कैसे हो गए

**नई दिल्ली**। शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में



प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत दी जाए या नहीं इस बात पर सुप्रीम कोर्ट विचार कर रहा है। केजरीवाल द्वारा याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने दलीलें रखीं। एएसजी राजू ने कोर्ट को बताया कि मनीष सिसोदिया की जमानत रद्द होने के बाद 1100 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। इस पर जस्टिस खन्ना ने पूछा कि अपराध की आय यानी रिश्वत 100 करोड़ थी। यह दो-तीन सालों में यह 1100 करोड़ कैसे हो गई। जस्टिस खन्ना की इस टिप्पणी पर राजू ने कहा कि 590 करोड़ थोक व्यापारी का मुनाफा है। इससे शराब कंपनियों ने 900 करोड़ का मुनाफा कमाया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतर करीब 338 करोड़ था और यह पूरी चीज अपराध की आय नहीं हो सकती।

# देश सबके विकास और सबके साथ से ही आगे बढ़ेगाः पीएम

- मप्र में तीसरे चरण के मतदान के बीच प्रधानमंत्री ने की खरगोन में जनसभा



**खरगोन**। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान जारी है। वहीं मध्यप्रदेश की नौ सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। इसी बीच आज पीएम नरेंद्र मोदी 7 मई यानी मंगलवार को खरगोन पहुंचे। यहां चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं कार्यकर्ता था तो सुबह होने वाली जनसभा से बहुत कतराता था। मुझे लगता था कि सुबह दस बजे कौन आएगा। पीएम मोदी ने कहा मैं यहां आपको सौ-सौ बार सलाम करता हूं कि आप इतनी सुबह मुझे सुनने और माताएं-बहनें सुबह-सुबह आशीर्वाद देने आ गई। उन्होंने कहा कि मैंने पता नहीं कौन सा पुण्य का काम किया है जो आप लोगों इतना आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा आज मैं आज आपसे विकसित भारत के संकल्प के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं.। ये मां नर्मदा की कृपा है। नर्मदा तट पर रहने वाला मांगने वाले को निराश नहीं करता। उन्होंने कहा आपको याद होगा मैंने लाल किले से कहा था कि देश सबके विकास और सबके साथ से ही आगे बढ़ेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि ये देश आपके सभी के प्रयास से आगे बढ़ रहा है। यहां इस रैली में आए आपके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूं और बधाई देता हूं। आपके वोट ने 500 साल की प्रतीक्षा खत्म करके भगवान राम का भव्य मंदिर बना दिया है। ये तो ट्रेलर है। अभी तो बहुत कुछ करना है। ये इंडिया गठबंधन वाले किसके लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वो चुनाव अपनी विरासत बचाने के लिए लड़ रहे हैं। अपने बच्चों को अपनी पार्टी सौंपकर जाने के लिए। इन्हें आपके सुख-दुख से कोई फर्क नहीं पड़ता है। पीएम मोदी ने एक कहावत कही-भारत में कहावत है, 'अपना काम बनता, भाड़ में जाए....। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हताश है, निराश है। वो कह रहे हैं कि मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो। भारत में वोट जिहाद चलेगा या राम राज्य। कांग्रेस की नजर आपकी संपत्ति पर है। वो आपकी संपत्ति का एक्सरे करवाएंगे। मैंने कांग्रेस के दिमाग के एक्सरे कर रखा है। ये क्या करेंगे, क्या सोचेंगे, मेरे एक्सरे में सब दिखता है। वो आपके बैंक, गहनों, बहू शादी में लेकर क्या लेकर आई, पत्नी शादी में क्या लेकर आई, इन सबका एक्सरे करेंगे।

## झारखंड हाई कोर्ट ने कहा, रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री की जड़ तक पहुंचना होगा

**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट ने रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर मौखिक नाराजगी जताते हुए कहा कि राजधानी रांची में ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं रहा है। रांची एसएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी राजधानी में ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक नहीं लग पा रहे हैं। ड्रग्स बिक्री के मुख्य सूत्रधार पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए। ड्रग्स की खरीदी-बिक्री की जड़ तक पुलिस को पहुंचना होगा। कोर्ट ने कहा कि पुलिस केवल छोटे-छोटे ड्रग्स विक्रेताओं को ही पकड़ रही है। ड्रग्स की खरीद-बिक्री के मुख्य सूत्रधार अभी भी खुले घूम रहे हैं, जिस कारण ड्रग्स के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। कोर्ट ने मामले में डीजी सीआईडी को ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोकथाम पर एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में झारखंड लीगल सर्विस अर्थॉरिटी झालसा को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि रांची में जिन थाना क्षेत्रों में ड्रग्स की खरीद-बिक्री अभी भी चल रही है वहां के थाना इंचार्ज ने क्या कार्रवाई की है। इसके अलावा जो पुलिस अधिकारी ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने में असफल रहे उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई।

## एक फीचर को लेकर भारत सरकार और व्हाट्स एप में छिड़ी जंग

**नई दिल्ली**। सरकार का नियम (आईटी रुल्स 2021) कंपनी से एन्क्रिप्शन तोड़ने को कहता है तो कंपनी भारत से चली जाएगी। कंपनी के जाने का मतलब भारत में व्हाट्स एप की सर्विस बंद। व्हाट्स एप के सबसे ज्यादा यूजर्स भारत में ही हैं इसका मतलब कंपनी की कमाई भारत से ही होती है। कंपनी कोर्ट में साफतौर पर कह रही है कि एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए दबाव डाला तो वह भारत में अपनी सेवाएं देना बंद कर देंगे। इसका मतलब साफ़ है कि व्हाट्स एप किसी भी क़ीमत पर एंड टु एंट एन्क्रिप्शन के साथ समझौता नहीं करना चाहता। ये मामला अब भारत सरकार और व्हाट्स एप का हो गया है। दरअसल आईटी रुल्स 2021 के तहत भारत में जिन इंस्टैंट मैसेजिंग एप के रजिस्टर्ड यूजर्स 50 लाख से ज्यादा हैं उन्हें मैसेज का ओरिजनेटर बताना होगा यानी मैसेज कहां से किसने किया इसकी जानकारी जरूरत पड़ने पर सरकारी एजेंसियों के साथ शेयर करना होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चिराग पासवान ने अपने गृह जिला खगड़िया के बूथ पर मतदान किया



**पटना**। लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने गृह जिला खगड़िया के अलौली विधानसभा अंतर्गत शहरबन्नी स्थित मध्य विद्यालय बेलाही के बूथ नंबर 8 पर मतदान किये। मतदान करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री चिराग ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व है और ऐसे में सबकी जिम्मेदारी बनती है कि इस महापर्व पर में अपना योगदान दें। अपने भविष्य के लिए, अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए यह हर भारतीयों की जिम्मेदारी है, बाहर निकलें।इस बार हमलोग उम्मीद करते हैं कि मत- प्रतिशत भी ज्यादा रहेगा। पिछली बार से भी ज्यादा होगा और हर कोई अपना अपना योगदान इस महापर्व में देगा। पत्रकारों द्वारा पूछा गया सवाल कि आप यहां पर नेता बनकर आए हैं या बेटा बनकर, आपका यहां पर घर है, इसपर श्री चिराग ने कहा कि मैं बेटा बनकर यहां पर आया हूं। हर किसी से यहां पर मेरा परिचय है, हर कोई हमारे रिश्ते में हैं ,तो मैं यहां सिर्फ एक बेटा, भाई, भतीजा बनकर आया हूं। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

### मुख्यमंत्री समेत 11 नवनिर्वाचित विधान पार्षदों ने ली शपथ

**पटना**। बिहार विधान परिषद् के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सहित 11 नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी गई। बिहार विधान परिषद् के द्विवार्षिक निर्वाचन-2024 में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से नव निर्वाचित 11 सदस्यों को विधान परिषद् के सभागार में सादे समारोह में शपथ दिलाई गई। इसमें जदयू से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मो खालीद अनवर, भाजपा से मंत्री मंगल पांडे, अनामिका सिंह, लाल मोहन गुप्ता, राजद से राबड़ी देवी, अब्दुल बारी सिद्दिकी, डॉ उर्मिला ठाकुर, सैयद फैसल अली हम से मंत्री संतोष कुमार सुमन एवं भाकपा माले की शशि यादव को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम की शुरूआत में बिहार विधान परिषद् के सचिव श्रीअखिलेश कुमार झा ने निर्वाचन अधिसूचना एवं राज्यपाल की ओर से बिहार विधान परिषद् के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को शपथ दिलाने संबंधी गजट अधिसूचना पढ़ी। शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष विधान सभा नंदकिशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार सरकार के मंत्री सुमित सिंह, मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल संजय कुमार सिंह, विधान पार्षद अवधेश नारायण सिंह, रामवचन राय, विरेन्द्र नारायण यादव, संजीव कुमार सिंह, रविन्द्र प्रसाद सिंह, नवल किशोर यादव, रेखा कुमारी,अनिल कुमार, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सत्ता में आकर सरकारी खजाने को लूटना विपक्ष पार्टियों का एकमात्र एजेंडा : उमेश

**पटना**। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को नालंदा लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी कौशलेन्द्र कुमार एवं आरा लोकसभा से आरके सिंह के नामांकन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने जनसभाओं को संबोधित कर एनडीए गठबंधन के लिए वोट मांगा। इस मौके पर उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि एनडीए गठबंधन विकास के एजेंडे पर चुनाव लड़ रही है जबकि इंडी गठबंधन विनाश की मानसिकता से प्रेरित और ग्रसित है। सरकारी खजाने को लूटकर अपनी तिजोरी भरना राजद-कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य है इसलिए ये लोग जनता को भ्रमित कर वोट बिटोरने की कोशिश में लगें हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल दलों के कारनामों को जनता देख चुकी है। देश में 55 सालों तक कांग्रेस की और बिहार में 15 सालों तक राजद की सरकार रही लेकिन इन्होंने आम जनता के हित में कभी नहीं सोचा। राजद और कांग्रेस के दामन पर सिर्फ भ्रष्टाचार के दाग है। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार की जनता विकास शब्द से भी अनजान थी लेकिन नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री का पद संभलाते ही विकास को जमीन पर उतारा। श्री कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समाज के हर वर्ग की चिंता है। हमारे दोनों नेता सभी की तरक्की के लिए दिनरात लगे रहते हैं, जबकि विपक्षी पार्टियां सिर्फ अपने परिवार को आगे बढ़ाने की चिंता में डूबी रहती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तेजस्वी यादव कभी यह क्यों नहीं बताते कि उनके माता-पिता के कार्यकाल में कितने युवाओं को नौकरी मिला था? वें अपनी उपलब्धि बताने के बजायें दूसरे के कामों का झूठा श्रेय ले रहे है लेकिन बिहार की जनता उनके इस झूठ को पहचान चुकी है। कुशवाहा ने कहा कि एनडीए सरकार जनकल्याण और विकास के प्रति निस्वार्थ भाव से काम कर रही है। यही कारण है कि देश के हर हिस्से से जनता का आपार समर्थन एनडीए को मिल रहा है। तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनती है तो हम अधूरे बचे विकास कामों को पूरा करेंगे और भावी पीढ़ी के लिए नए बिहार-नए भारत का निर्माण करेंगे।

### कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**पटना**। मंगलवार को दोपहर महराजगंज के ओवरसीयर चौक के समीप कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इसके बाद महराजगंज अंतर्गत चनचौरा ,इनौरा गांव सहित विभिन्न गांवों में महागठबंधन के सभी नेताओं के साथ किया जनसंपर्क अभियान। इस दौरान आकाश कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार कि जन विरोधी नीतियों के कारण महराजगंज कि जनता में काफी आक्रोश हैं। भाजपा सरकार में छात्र युवा नौजवान, महिला, मजदूर और किसान सभी परेशान हैं। जनता कांग्रेस कि तरफ उम्मीद भरी नजारों से देख रही हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में जिस तरह से बेरोजगार युवा अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है महराजगंज के युवा बड़ी संख्या में यहाँ से सैनिक में शामिल होते है लेकिन मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के साथ छलावा किया है अगर हम यहाँ से जीतते है और हमारी सरकार देश के अंदर बनती है तो हम सभी उन अग्निवीर योजना को समाप्त करके पहले जैसे सैनिक बहाली की प्रक्रिया को स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि यहाँ के युवाओं के लिए खेल का कोई व्यवस्था नही है अगर हम जीत कर आते है तो खेल के लिए मल्टी परपस स्पोर्ट्स स्टेडियम भी बनवाने का काम करेंगे,महराजगंज के विकास के लिए मुझे जो करना होगा वो करेंगे और जहाँ मुझे खुद जाना होगा जाएंगे जहा धरना देने की जरूरत होगी वहां धरना भी देंगे। इस मौके पर मुकेश पांडेय,प्रफुल्ल गौतम,म्नीभूषण सिंह,विजय सोमनाथ ठाकुर,बिट्टू कुमार सिंह सुनील राय,तारकेश्वर राय,अरविंद गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### गोपालपुर डीह में दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने युवक को गोली मारकर की हत्या

**संपतचक, नई सोच एक्सप्रेस**। सोमवार को दिन में गोपालपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर डीह स्थित मे0 शिवम इंटरप्राइजेज में एक बाइक पर सवार दो अपराधी में से एक अपराधी दुकान में घुसकर दनादन गोली चलाने लगा जिससे दुकान में बैठा आलोक कुमार को पैर और सीना में दो गोली लगी जिससे वह जख्मी होकर गिर पड़ा। हालांकि जख्मी युवक अपराधी से डरा नहीं और उसका पीछा भी किया। अंततः वह गिर पड़ा और अपराधी बाइक से परसा बाजार की तरफ भागने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची गोपालपुर पुलिस जख्मी को फोर्ड हॉस्पिटल ले गई जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोपालपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक पुनपुन थाना क्षेत्र के मरांची महमदपुर निवासी सतीश प्रसाद का एकलौता पुत्र आलोक कुमार उम्र करीब 27 वर्ष अपने बहनोई गोपालपुर थाना क्षेत्र के सोना गोपालपुर निवासी अवधेश सिंह का पुत्र नीरज कुमार के सहयोगी के रूप में शिवम इंटरप्राइजेज में काम करता था।

# मतदान की अनदेखी करने वाले को धिक्कारता लोकतंत्र

नई सोच एक्सप्रेस

।। यदि विकास का है संकल्प,
तो मतदान ही है एक विकल्प ।।



वोट देने का अधिकार लोकतंत्र का एक मूलभूत सिद्धांत है और चुनावी भागीदारी एक आवश्यक नागरिक कर्तव्य है। किसी लोकतांत्रिक देश में नागरिकों का मतदान करना उनका अधिकार और कर्तव्य ही नही अपितु संस्कार भी होता है। हमारे विश्व भर में कई येसे देश है जहां की सरकारें अपने नागरिकों को अपने नेताओं को चुनने की शक्ति से वंचित करती हैं, वही जबकि भारतीय संवैधानिक प्रणाली उन्हें अपने राजनीतिक प्रतिनिधियों को चुनने का अवसर प्रदान करती है जो लोकतांत्रिक वैधता का संकेत है। चुनाव सिर्फ इस बारे में नहीं है कि कौन पद पर है। वे इस बारे में भी हैं कि कौन-कौन सी नीतियां लागू की गई और कौन सी नीतियां लागू की जानेवाली है और जनता का पैसा कहां खर्च किया जाता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, वेतन, पर्यावरण, कर, आवास, रोजगार, महंगाई, गरीबी जैसे मुद्दों पर हर दिन सरकार द्वारा निर्णय लिए जाते हैं। जब लोग वोट न देने का निर्णय लेते हैं, तो वे अपनी आवाज़ और शक्ति किसी और को दे देते हैं। हम जिस लोकतांत्रिक दुनिया में रहते हैं उसका आकार देने में हर एक नागरिक का अहम और महत्वपूर्ण भूमिका है और हमारी एक एक आवाज़ मायने रखती है। इसलिए जरूर वोट करें, अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने समुदाय के लिए, अपने देश के लिए, क्योंकि जिस देश या राज्य में राजतंत्र, तानाशाही अथवा कुलीनतंत्र होता है तो वहां के नागरिकों को अपने मन मुताबिक रहने, कार्य करने की आजादी नही होती, वहां के नागरिकों के पास कोई येसी सीधी ताकत नहीं होता, जो लोकतांत्रिक देश के नागरिकों के पास होती है। याद कीजिए जब हम गुलामी के जंजीरों में बंधे हुए थे, जब हमारा देश स्वतंत्र नही था, हमारे पूर्वजो ने हमारी इस आजादी को पाने के लिए ना जाने कितना संघर्ष किया है और न जाने कितनों ने अपनी जान निछावर कर दिया वहीं न जाने कितनों को अपनी जान गंवानी पड़ी जिसके बदौलत आज हम स्वतंत्र भारत में स्वतंत्र रूप से रह रहे है और अपने कार्य को स्वतंत्र रूप से संपादित कर रहे है। आज यदि हम आजाद है तो हमे आजाद रखने की ताकत हमे हमारा वोट देता है। क्यूँकि जिस दिन आपका यह अधिकार नही रहेगा तो समझ लीजिए की अब आप स्वतंत्र नही है। इसलिए इस वोट की कीमत को समझें और वोट जरूर करें। हम भारतवासी कितना सौभाग्यशाली है

- मतदान की अनिवार्यता और लोकतंत्र की दृढ़ता : वोट एक, भविष्य अनेक

कि हमें इतनी बड़ी ताकत मिला है कि हम अपने मन मुताबिक लोगों के पक्ष मे वोट करके सरकार बना सकते है। यह कितना बड़ा प्रचंड शक्ति हमें प्राप्त है, इसको समझने की नितांत आवश्यकता है। कुछ लोग बिना किसी गंभीर समस्या के भी इसे जानबूझकर नजरअंदाज कर देते है और वोट डालने के लिए नही जाते, जिसके कारण लोकतंत्र कराहने को विवश होता है। ऐसे कई लोग हैं जो सोचते हैं कि उनका एक वोट क्या हासिल करेगा ? उनका एक वोट कोई मायने नहीं रखता और इसलिए वोट देने के लिए खुद को पंजीकृत भी नहीं कराते हैं। हालाँकि, हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि हर एक वोट का बड़ा ही महत्व है, एक वोट का अंतर भी एक अच्छी सरकार और एक बुरी सरकार, एक सक्षम और असक्षम, एक कमजोर और एक मजबूत, एक निर्णायक और एक अनिर्णायक सरकार के बीच का अंतर हो सकता है। आपने कई मर्तबा यह देखा अथवा सुना होगा कि एक वोट के लिए उक्त सरकार गिर गई अथवा बच गई। "गर वोट देने तुम नहीं जाओगे, याद रखना एक दिन लोकतंत्र तुम गँवाओगे।" इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वोट देने पर बार-बार जोर दिया जाना चाहिए। मतदान से ही लोकतंत्र को संजीवनी और संरक्षण मिलता है। आपका एक मतदान ही इसे महफ़ूज़ रखता है, इससे कई महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त होते हैं। सबसे पहले, यह आपको ऐसे नेताओं और नीति निर्माताओं को चुनने की अनुमति देकर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है जो आपकी ओर से निर्णय लेने वाले होते है, आपके समस्याओं,अवाजों को उचित मंच पर उठाकर उसका निराकरण करवाने वाले होते है। इसके अलावा मतदान आपके मूल्यों और प्राथमिकताओं के अनुरूप उम्मीदवारों का समर्थन करके आपके देश या क्षेत्र की दशा, दिशा, नीति, शासन इत्यादि का आकार देता है। यह अधिनियमित कानूनों और विनियमों को प्रभावित करता है, रोजी, रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, सामाजिक उत्थान और अन्य क्षेत्रों को प्रभावित करता है। इस प्रकार मतदान सामाजिक परिवर्तन लाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। नागरिक अधिकारों और सामाजिक न्याय की उन्नति में योगदान देना अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है। यह न केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी होती है, बल्कि समाज की प्रगति और समृद्धि के लिए भी आवश्यक है। यह भागीदारी, जुड़ाव और सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करना और नागरिकों को अपने समुदायों और देशों के भविष्य को आकार देने में ऊर्जा प्रदान करता है। मतदान के अधिकार का प्रयोग हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत के लिए जो कल्पना की थी, उसे कायम रखता है। बेहतर भारत के लिए मतदान करके हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों और अपनी पिछली पीढ़ियों के संघर्ष का सम्मान करते हैं और आनेवाले पीढ़ियों के भविष्य का निर्धारण करते है। कम मतदान दर का होना एक स्वच्छ और स्वास्थ्य लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नही हो सकता। मान लिया जाय कि किसी क्षेत्र में यदि 30 प्रतिशत वोटिंग होती है और 70 प्रतिशत नही होती है, तो क्या यह मान लिया जाय की वहां के 70 प्रतिशत आबादी लोकतंत्र नही चाहती ? इसपे चिंतन और मनन करने की नितांत आवश्यकता है। हर एक कार्य करने के लिए सरकार के भरोसे नही रहा जाता, कुछ कार्य खुद से भी किया जाता है। क्योंकि यदि आप वोट डालकर लोकतंत्र को जितना मजबूत करेंगे और जितना सशक्त सरकार बनायेंगे उतना ही वह आपके हित में होगा, क्यूंकि किसी डेमोक्रेटिक देश अथवा राज्य की लोकतांत्रिक बुनियाद चुनाव परिणामों पर आधारित होती है। हमारी विधायिकाएँ और सांसदें जनता का जनता द्वारा और जनता के लिए चुनी जाती हैं। हम अत्यंत सौभाग्यशाली हैं कि हमें वोट देने का संवैधानिक अधिकार मिला है। हमारे हर एक वोट में महत्वपूर्ण बदलाव लाने की क्षमता है। आपकी हर एक वोट में आपका और आपके बच्चों का भविष्य निहित रहता है। यदि आप वर्तमान सरकार से असंतुष्ट हैं तो आप एक बेहतर सरकार के लिए मतदान कर सकते हैं। और यदि संतुष्ट है तो आप इस सरकार को पुनः स्थापित करने के लिए वोट कर सकते हैं। अक्सर देखा जाता है की लोग किसी लालच में आकर या किसी के बहकावें मे आकर या तो मतदान करने नही जाते है अथवा गलत जगह मतदान कर देते है और फिर वही लोग बाद में सरकार को कोसते रहते है। इसलिए जब भी मतदान करे आप अपने हिसाब से मतदान करे। किसी के कहने या लालच देने से नही, क्योंकि हो सकता है कि आज आप क्षणिक सुख के लिए वैसा कार्य कर दें परंतु आने वाला अगला 05 साल बहुत बड़ा दुखदाई का कारण बन सकता है। इसलिए जाति-पाती, ऊंच-नीच, बड़ा-छोटा अगड़ा-पिछड़ा, धनी-गरीब इत्यादि भावनाओं से ऊपर उठकर एक योग्य, शिक्षित और सर्वसुलभ व्यक्ति के लिए मत करें, और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करे। यदि आप जीवित है तो आवश्यक ही वोट करे। क्यूँकि यही वो शक्ति है जो यह साबित करता है की आप जीवित है। क्यूंकि जब कभी(कही) लोकतंत्र नही था (हैं) तो जीवित रहते हुए भी लोग मृत के समान रहने को विवश थे (हैं), इसलिए आप एक लोकतांत्रिक देश में रहकर अपने इस अधिकार और ताकत को इसे यूं ही बर्बाद नही होने दे, क्यूँकी यही वह समय होता है जब आप, जैसा इनपुट दीजिएगा वैसा ही आउटपुट मिलेगा। इसलिए देश और समाज के हर एक नागरिक का परम अधिकार और कर्तव्य है की वह जरूर ही वोट करे और दूसरों को भी वोट देने के लिए जरूर प्रेरित करे ताकी हमारा लोकतंत्र और मजबूत हो और एक स्वस्थ्य, स्वच्छ, निष्पक्ष और न्यायिक सरकार का निर्माण हो सके जिसके परिणामस्वरूप हमारा राष्ट्र प्रगति, समृद्धि और खुशहाली के पथ पर अग्रसर हो सके।

## आओ करे मतदान चले हम

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दर्जनों स्वयंसेवको ने मतदान करने का लिया संकल्प ।फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे । अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें। आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे



शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि वोट से चोट करे । वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे ।अभियान में अदिति राज,साक्षी सिंह, सोनी पटेल, नेहा कुमारी, इशिका कुमारी,शवया प्रवीण, इंशा उजमा, अनवरा , शिशुपालकुमार , रघुवीर, राजदीप,हीरालाल कुमार, ,सुजीत कुमार,गौरव गुप्ता,रवि प्रकाश, हिमांशु शर्मा, विकाश कुमार,सन्नी कुमार , प्रियंका कुमारी, मोना झा, इंशा उजमा,रीता सिंह,दीपक कुमार,आर्यन राज, रागनी जयशवाल समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक जुटे रहे ।

## उपेंद्र कुशवाहा, राजा राम प्रसाद, पवन सिंह नहीं धीरज कुमार सिंह है काराकाट में गेम चेंजर

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। बिहार की 40 लोकसभा सीटों में काराकाट लोकसभा सीट भी अब स्टार वार के कारण पूरे देश में चर्चा में है यहां से एनडीए के तरफ से लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा महागठबंधन की तरफ से वाम दल के राजा राम प्रसाद जबकि निर्दलीय पवन सिंह चुनाव मैदान में उतरे हैं लेकिन जिस प्रत्याशी ने राष्ट्रीय पार्टी का सिंबल लेकर सभी को चौकाया है उनका नाम है धीरज कुमार सिंह उर्फ भानजी। काराकाट लोक सभा सीट पर अंतिम चरण में चुनाव होना है पर चुनाव प्रचार अभी से ही चरम पर है राजपूत कुशवाहा मतदाताओं की इस लोकसभा क्षेत्र में बहुल्यता है पर साथ ही पिछड़े और अति पिछड़ी जातियों का वोट बैंक यहां निर्णायक भूमिका में है नए परिसीमन के बाद से इस सीट पर एक बार भी महागठबंधन का कोई उम्मीदवार



चुनाव जीतने में सफल नहीं हुआ है। इस बार यहां त्रिकोणीय लड़ाई है जिसमें बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार मजबूत दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं उनके साथ सजातीय राजपूत वोटरों के साथ ही साथ दलित और महादलित वर्ग का वोट बैंक तो है ही मुसलमानों का भी बड़ा झुकाव उनकी तरफ है दूसरी तरफ कुशवाहा वोटरों में राजा राम प्रसाद को लेकर बिखराव दिख रहा है उपेंद्र कुशवाहा यहां मोदी लहर में चुनावी गणित को पढ़ने का प्रयास कर रहे हैं पर हाथी पर सवार धीरज कुमार

- काराकाट में बहुजन समाज पार्टी का है मजबूत जनाधार

सिंह जमीनी हकीकत को भली भांति भाग चुके हैं पवन सिंह के आने के बाद चुनाव में रोचकता बढ़ी है माना जा रहा है कि पवन सिंह एनडीए के ही बड़े वोट कटवा के रूप में इस क्षेत्र में आए हैं ऐसे में इस लोकसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल तापमान बढ़ने के साथ ही साथ काफी गर्म हो चुका है बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी धीरज कुमार सिंह कहते हैं कि उनका मुकाबला यहां किसी प्रत्याशी से नहीं बल्कि क्षेत्र के समस्याओं से है जिन्हें यहां के जनप्रतिनिधि दूर करने में सफल नहीं रहे हैं वह अपना मुकाबला यहां किसी दलिए या निर्दलीय प्रत्याशी से नहीं मानते उनका यहां की क्षेत्र की जनता ने खड़ा किया है और उनकी जीत इस क्षेत्र के गरीब पिछड़े अति पिछड़े लोगों की जीत होगी।

## टैगोर एवं मानवतावाद' विषय पर छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। मंगलवार को जे डी विमेंस कॉलेज के दर्शन शास्त्र विभाग में रविन्द्र नाथ टैगोर जयंती मनाई गई। 'टैगोर एवं मानवतावाद' विषय पर छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्या डॉ मीरा कुमारी ने बताया कि टैगोर विलक्षण व्यक्तित्व के स्वामी एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी रहें हैं।दर्शन तथा साहित्य के क्षेत्र में अतुल्य योगदान रहा है। इस अवसर पर विभागाध्यक्षा डॉ मालिनी वर्मा, विभागीय शिक्षिका डॉ वीणा कुमारी, डॉ कुमारी सुमन, डॉ हीना रानी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## ह्यूमन राइट्स डिफेंडर ने अग्नि पीड़ित लोगों के बीच वितरित किया भोजन पैकेट

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। पटना में आए दिन आग लगने की घटना हो रही है। विगत दिनों पटना के बांस घाट, गर्दनीवाग और चितकोहरा पुल के नीचे भीषण आग लगने की घटना घटी है। इन घटनाओं को देखते ही ह्यूमन राइट्स डिफेंडर ने इन सभी जगहों पर भोजन पैकेट तथा पीने का पानी सुलभ कराने का निर्णय लिया। उक्त जानकारी ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रश्मि सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के पदाधिकारी और सदस्यगण मिलकर स्वयं भोजन तैयार कर पैकेट बनाया और इन सभी जगहों पर जाकर आग से पीड़ित लोगों के बीच सुबह से रात तक भोजन पैकेट और पीने का पानी का वितरित शनिवार को



किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रश्मि सिन्हा ने बताया कि ह्यूमन राइट्स डिफेंडर समाज के असहाय लोगों को मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है और समाज के ऐसे लोगों से जो सक्षम है और असहाय लोगों को मदद करना चाहते हैं वे ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के माध्यम से सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आग पीड़ितों के बीच भोजन पैकेट और पीने का पानी का वितरण पटना और हाजीपुर के ह्यूमन राइट्स डिफेंडर की टीम ने किया था। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रश्मि सिन्हा ने यह भी बताया कि भोजन पैकेट और पीने का पानी के वितरण पुनीत कार्य को ह्यूमन राइट्स डिफेंडर की संस्थापिका सह राष्ट्रीय महासचिव पूजा सिन्हा, सह संस्थापिका - सह- राष्ट्रीय महासचिव (एससी/एसटी विंग) आशा देवी, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रश्मी सिन्हा, राष्ट्रीय सहायक सचिव किरण, राष्ट्रीय निगरानी विभाग सरिता देवी, राष्ट्रीय मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंजलि सिन्हा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष सूरज कुमार, बिहार प्रदेश सचिव किशन राज, सक्रिय सदस्य आशुतोष कुमार, ज्योति कुमार, पुनम सिन्हा, पिंकी कुमारी तथा राजकिशोर कुमार ने इस कार्य में बढ़ चढ़ कर अपना सहयोग किया।

## संविधान है तभी तो गांधी एंड लालू फैमिली सजायाफ्ता एवं बेल पर है : डॉ. मधुरेंदु पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा संविधान की रक्षा के लिए जान देने को तैयार जैसे बयान पर पलटवार करते हुए जदयू मीडिया पैनलिस्ट डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने आज कहा कि संविधान,लोकतंत्र और आरक्षण की खतरे की बात कह गांधी एंड लालू फैमिली जनता को गुमराह कर रहे हैं। क्योंकि इंडी गठबंधन के पास न कोई नेता है , न नीति है न नियत है।देश की जनता के लिए लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के पास कोई मुद्दा या एजेंडा नहीं है ,चुनाव में हार को भांपते हुए अनायास संविधान को खतरे में होने की जुमलेबाजी कर रहे हैं। कहा की जिस संविधान ने चारा घोटाले में लालू प्रसाद यादव को सजायाफ्ता बनाया तथा गांधी एंड लालू फैमिली अन्य मामलों में बेल पर हैं तथा देश के एक मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं। ऐसे लोगों को आज संविधान खतरे में दिखाई दे रहा है।भ्रष्टाचारियों और काले धन रखनेवालों पर जब कारवाई हो रही है



तो बाबा भीम राव अम्बेडकर की बनाई हुई संविधान को खतरे में होने की बात कर देश की जनता को गुमराह करने का जो प्रयास कर रहे हैं उसमें गांधी एंड लालू फैमिली को कोई फायदा नहीं होगा। इंडी गठबंधन में शामिल भ्रष्टाचारी नेताओं को यह डर सताने लगा है कि लोकसभा चुनाव उपरांत इनलोगों की जगह जेल में है।इसलिए संविधान,लोकतंत्र और आरक्षण की कंधो पर हांथ रख अपनी राजनीतिक गोंटी सेंक जुमलेबाज़ी कर रहे हैं।पर देश की जनता सब समझ रही है।पांडेय ने कहा कि जिस संविधान ने एक अति पिछड़े नेता को प्रधानमंत्री बनाया उस संविधान पर खतरे में होने की बात कर गांधी एंड लालू फैमिली हंसी के पात्र बन गए हैं।

## पाटलिपुत्र की लड़ाई राजा और रंक में है :-रामकृपाल यादव



नई सोच एक्सप्रेस

पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी रामकृपाल यादव को विजय दिलाने का धनरूआ से हुआ आगाज। रामकृपाल यादव के जनसंपर्क कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब। जनता ने एक बार फिर रामकृपाल यादव को पाटलिपुत्र का सांसद बनने का लिया संकल्प। रामकृपाल यादव ने सीधे तौर पर बताएं कि यह लड़ाई राजा और रंग की है। जिसमें स्वयं को रंक बताएं उन्होंने यह भी कहा कि रंक को हमेशा जनता आशीर्वाद देकर जीताने का काम करती है। उन्होंने यह भी बताएं कि यह लड़ाई जनबल और धनबल का है। धनबल का हमेशा हार होगा और जनबल ही जीतेगा। इस बार पाटलिपुत्र की जनता जनबल को ही जीताने का काम करेगा हमें पूर्ण विश्वास है।

## बेतिया, मोतिहारी समेत 6 जिलों में झमाझम बारिश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। प्रदेश की राजधनी पटना सहित कई जिलों में मंगलवार को मौसम ने करवट ली है। प्रदेशवासियों को तेज धूप और लू से लोगों को राहत मिली है। मंगलवार को गोपालगंज, मोतिहारी, बेतिया, सीतामढ़ी, शिवहर और बगहा में तेज आंधी के साथ बारिश हुई है। दिन में रात सा नजारा देखने को मिला। अंधेरा छा गया। बेतिया में भी काले बादलों के छाने से दोपहर में ही कुछ देर के लिए अंधेरा हो गया। दुकानों में लाइट तक जलानी पड़ गई। बेतिया में भी काले बादलों के छाने से दोपहर में ही कुछ देर के

- 38.4 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा गया व सबसे कम तापमान किशनगंज का 28 डिग्री रहा
- पटना का अधिकततम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया

लिए अंधेरा हो गया। दुकानों में लाइट तक जलानी पड़ गई। बिहार में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा का प्रवेश होने जा रहा है जिससे मौसम बदलने की पूरी संभावना बनी हुई है। 5 मई की शाम से कई जिलों में नमी युक्त हवा का प्रवाह होने के साथ बादल छाए रहेंगे। इसके प्रभाव से नमी की मात्रा में वृद्धि होने के साथ अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। छह मई से नौ मई के दौरान पटना समेत प्रदेश के मौसम में बदलाव की संभावना है।पटना समेत कई शहरों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को उत्तर बिहार के अधिकतर हिस्सों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त की गयी थी जो सच साबित हुई। मंगलवार को सीतामढ़ी में आसमान काले बादलों से ढंक गया। वहीं पटना में भी सुबह में ठंड हवा चल रही थी जिससे गर्मी से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बिहार में 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के साथ किशनगंज जिला का रहा। वहीं प्रदेश का सबसे गर्म 38.4 डिग्री सेल्सियस के साथ गया रहा। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। कटिहार, पूर्णिया,अररिया, मधेपुरा, किशनगंज, सुपौल और सहरसा के यलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली,समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## अंडर 19 वीमेंस इंटर (एन सी ए) टूर्नामेंट में हुआ याशिता और वैदेही का चयन,

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। राजकोट में होने वाले अंडर 19 वीमेंस इंटर (एन सी ए) टूर्नामेंट में बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की याशिता सिंह और वैदेही यादव का चयन हुआ है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने दोनों चयनित खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी और कहा कि आप आपने प्रदर्शन से बिहार का नाम रौशन करें। एन सी ए प्रमुख वी वी एस लक्ष्मण ने बीसीए को एक मेल भेज कर सूचित किया है कि सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के राजकोट में अंडर 19 वीमेंस इंटर (एन सी ए) टूर्नामेंट का आयोजन 23 मई से 2 जून तक तक होगा। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही ळीं-ऊ में बीसीए के याशिता सिंह और वैदेही यादव का चयन किया गया है। याशिता सिंह को ळीं-ऊ का कप्तान बनाया गया है। दोनों खिलाड़ियों को 22 मई को राजकोट में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय में आग से बचाव की जानकारी दी गई



**राजापाकर**।बिहार अग्निशमन सेवा के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे व विद्यालय में जाकर आग से सुरक्षा के बारे में लोगों को बताया जा रहा है।विभिन्न चौक चौराहे पर केनओपी के माध्यम से लाउडस्पीकर के द्वारा लोगों से आग से विभिन्न प्रकार के बचाव की जानकारी दी जा रही है। बताया जा रहा है कि सिगरेट बीड़ी पीकर इधर उधर नहीं फेंके। पटाखे नहीं जलाएं यह ज्वलनशील और खतरनाक है। अधिकृत एलपीजी सिलेंडर खरीदें। गैस इस्तेमाल के बाद रेगुलेटर को बंद कर दें । अधिकृत रूप से बिजली के मीटर से कनेक्शन लें। घर से बाहर जाते समय सभी बिजली उपकरणों को बंद कर दें।आग लगने पर तुरंत बिहार अग्निशमन सेवा को 101 नंबर पर सूचित करें यह सेवा मुफ्त उपलब्ध है। आग की दुर्घटना देखते ही सभी लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में मदद करें। फायर सर्विस की गाड़ी आने रास्ता दें और आग तक पहुंचने में मदद करें। वहीं विभिन्न विद्यालयों में अग्निशमन कर्मियों द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच आग से बचाव हेतु पंपलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अग्निशमन कर्मियों में संतोष कुमार ,राजू कुमार, मोहन कुमार ,तनुजा कुमारी, रागिनी कुमारी, सौरव कुमार आदि शामिल थे।

### एनडीए के खिलाफ भारी मतदानः राजेश राठौड़

- मतदान प्रतिशत ने फिर एनडीए को चेतायाः राजेश राठौड़
- मतदान प्रतिशत बता रहा एनडीए के खिलाफ है हवाः राजेश राठौड़

**पटना**। बिहार में गिरे मतदान प्रतिशत पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि एनडीए के शासन से त्रस्त होकर लोगों ने मतदान के प्रति उदासीनता दिखाई है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार सरकार द्वारा जबरन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बोगस वोटिंग के बावजूद भी मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ सका। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि देश में एनडीए के खिलाफ बही बयार में बिहार के मतदान प्रतिशत ने मुहर लगा दी है और यह बताने को काफी है कि बिहार में एनडीए के प्रति उसी के वोटर उदासीन हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश में 400 पार का नारा देने वाली भाजपा के कैंपेन ने सबसे ज्यादा मतदान में गिरावट कराया है। जनता के वोट की ताकत को उसने पहले ही गुमराह करने की कोशिश की है। बिहार के मतदान प्रतिशत ने केंद्र की निरंकुश सरकार के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशभर में रैली करने और बार बार गुहार लगाने के बाद भी और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा राज्य के सभी जिला अधिकारियों को निर्देश देने के बाद भी मतदान प्रतिशत का गिरना यह बताने को काफी है कि इस सरकार से अब उसी के मतदाता मुंह मोड़ रहे हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि व्यापक मतदाता जागरूकता के नाम पर जितना खर्च किया जा रहा है उसकी भी जांच होनी चाहिए कि आखिर मतदाता पहले से भी कम क्यों आ रहे हैं?

### ध्रुवीकरण की कोशिश नाकाम : भाकपा

**पटना**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ध्रुवीकरण की कोशिश नाकाम हो गई है। तीसरे चरण के चुनाव समाप्त होते ही 284 लोकसभा सीटों पर देश में चुनाव संपन्न हो गया है। जिसमें बिहार की 14 सीटें भी शामिल हैं। देश की जनता ने केंद्र की सत्ता से भाजपा की विदाई कर दी। प्रधानमंत्री बौखलाहट में हिन्दू-मुस्लिम पर आ गए हैं। जिलों से मिली रिपोर्ट के अनुसार तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी पांच सीटों झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया लोकसभा सीट से महागठबंधन के उम्मीदवार जीत रहे हैं। मिथिलांचल और सीमांचल की जनता ने साम्प्रदायिकता के खिलाफ वोट किया। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि देश की जनता ने महंगाई, तानाशाही और फासीवाद के खिलाफ वोट किया है। प्रधानमंत्री अररिया, दरभंगा और मुंगेर की सभा में मुद्दे से हटकर हिन्दू-मुस्लिम करते हुए मंगलसूत्र पर आ गए थे। वे अपनी उपलब्धियों को नहीं बता रहे हैं। 2014 और 2019 में जो वादा किया वह पूरा नहीं किया है। युवाओं को प्रत्येक साल दो करोड़ नौकरी नहीं मिली। गरीबों के खाते में 15-15 लाख रुपये नहीं गये। किसानों की आमदनी दो गुनी नहीं हुई। सभी गरीबों को पक्का घर नसीब नहीं हुआ। उल्टे निर्माण सामग्री की कीमत कई गुना बढ़ गई। देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं। देश की जनता ने तीन चरणों के चुनाव में भाजपा के खिलाफ अपना जनादेश सुना दिया है।

### मेजर विनीत कुमार को झारखंड रत्न पीपुल्स च्वाइस अवार्ड

**पटना**। साइबरपीस फाउंडेशन के संस्थापक और वैश्विक अध्यक्ष मेजर विनीत कुमार को सामाजिक उद्यमी श्रेणी में प्रतिष्ठित झारखंड रत्न पीपुल्स च्वाइस अवार्ड के लिए चुना गया है। रांची क्लब लिमिटेड में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया। झारखंड रत्न पुरस्कार, जिसका उद्देश्य समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले व्यक्तियों को पहचानना और सम्मानित करना है, साइबर शांति और साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के क्षेत्र में उनके अथक प्रयासों की मान्यता के लिए मेजर कुमार को प्रदान किया गया था। पुरस्कार समारोह में झारखंड के 200 से अधिक प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें टीवी अभिनेता काम्या पंजाबी और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं। मेजर विनीत कुमार एक समर्पित सामाजिक उद्यमी हैं जो डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा, सुरक्षा, समावेशिता और शांति को बढ़ावा देने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। उनकी उल्लेखनीय यात्रा में यूके के क्रैनफील्ड विश्वविद्यालय में साइबर डिफेंस और सूचना आश्वासन और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में नेतृत्व का अध्ययन शामिल है। उन्होंने झारखंड सरकार के लिए मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) और साइबर डिफेंस रिसर्च सेंटर (सीडीआरसी) के प्रमुख के रूप में कार्य करने सहित कई उल्लेखनीय पदों पर कार्य किया है। अपनी पेशेवर भूमिकाओं से परे, उन्होंने प्रादेशिक सेना में सेवा करके राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान दिया है और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राजनेता सचिन पायलट, क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी और अभिनेता मोहनलाल जैसी अन्य उल्लेखनीय हस्तियों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं।

### जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से 10 को नामांकन करेंगे अरुण कुमार

**पटना**। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अरुण कुमार 10 मई को जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन के उपरांत गांधी मैदान जहानाबाद में जन सभा का आयोजन किया जाएगा। डॉ. अरुण ने बताया कि 10 मई को प्रातः पटना आवास से नामांकन के लिये जहानाबाद प्रस्थान करेंगे। जहानाबाद समाहरणालय में नामांकन के बाद दोपहर 2 बजे से गांधी मैदान में जनसभा आयोजित की जाएगी। बताया गया कि जनसभा में बसपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ ही प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। डॉ. अरुण ने कहा कि जहानाबाद की जनता ने बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी के रूप में उनके समर्थन का पूरा मन बना लिया है। जन संपर्क के दौरान हर वर्ग, हर धर्म और हर जाति का व्यापक समर्थन मिल रहा है. दूसरे दलों के कार्यकर्ता भी दलीय सीमा से हटकर समर्थन कर रहे हैं। डॉ. अरुण ने कहा कि जहानाबाद की जनता स्वयं ही पहले के उनके कार्यकाल के कार्यों का आकलन कर रही है। वर्तमान सांसद से निराश हो चुकी जनता एक मात्र विकल्प के रूप में मेरे पूर्व के कार्यों को याद कर समर्थन का भरोसा दे रही है।

# मौसम रहा मेहरवान तो बढ़ा वोटिंग प्रतिशत, 60 प्रतिशत हुआ मतदान

नई सोच एक्सप्रेस

- पांच सीटों में सबसे अधिक अररिया में 62.8 ते सबसे कम झंझारपुर में 55.5 प्रतिशत मतदान
- खगडिया में 58.2, सुपौल में 6.24 तो मधेपुरा में 61 प्रतिशत मतदान
- एक पीठासीन पदाधिकारी व एक होमगार्ड जवान की मौत

**पटना**। बिहार में तीसरे चरण के मतदान के दिन मौसम मेहरवान रहा। प्रदेश में कई जिलों में बारिश हुई तो पांच लोकसभा क्षेत्रों में वोटों की बारिश हुई। तीसरे चरण में अन्य चरणों की अपेक्षा ज्यादा मतदान हुआ। बिहार में इसबार औसतन 60 प्रतिशत मतदान हुआ। पांच सीटों में सबसे अधिक अररिया में 62.8 ते सबसे कम झंझारपुर में 55.5 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि खगडिया में 58.2, सुपौल में 6.24 तो मधेपुरा में 61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान सुपौल लोकसभा क्षेत्र में एक पीठासीन अधिकारी व अररिया में एक होमगार्ड जवान की मौत हुई। वोटिंग के दौरान सुपौल में बूथ नंबर-154 पर पीठासीन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार की मौत हो गई है। डॉक्टर हार्ट अटैक से मौत की आशंका जता रहे हैं। वहीं अररिया के जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र में पेचैली मतदान केंद्र पर तैनात होमगार्ड जवान की भी मौत हुई है। सुपौल में बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन सुबह-सुबह वोट किया । उन्होंने कहा कि लोग कह रहे उम्मीदवार नहीं मोदी को वोट दे रहे हैं। वहीं तेजस्वी के बीमार होने पर कहा कि वो यंग हैं, लेकिन उन्हें अपने वजन का ख्याल रखना चाहिए। पीएम से उन्हें सीख लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री इस उम्र में तेजस्वी से ज्यादा फिट हैं और जो फिट है, वो हिट है। वहीं खगड़िया में लोजपा(रा) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने मतदान किया।सुपौल के माधोपुर पंचायत बूथ नंबर 212 पर 115 साल की नसीमा खातून ने मतदान किया। मतदान के लिए लेकर आए उनके बेटे मोती अहमद ने बताया कि वोटिंग को लेकर वह सुबह से उत्साहित थीं। खगड़िया के बैलदोड़ स्थित कात्यानी मंदिर के पास कोसी दियारा में घोड़े से पारा मिलिट्री फोर्स ने पेट्रोलिंग की। ड्रोन से भी निगरानी रखी जा रही है। मंगलवार को मतदान के लिए 98 लाख 60 हजार 377 वोटर्स के लिए 9848 बूथ बनाए गए थे। मधेपुरा और खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के कुल 167 बूथों पर शाम 4 बजे तक ही वोटिंग हुई। इसमें मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के महिषी विधानसभा का 107 और खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा का 60 बूथ भी शामिल है। खगड़िया लोकसभा के सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र में लोगों ने वोट का बहिष्कार किया है। महिषी प्रखण्ड के झाड़ा पंचायत का मामला है। सड़क नहीं रहने पर 8 बूथों पर लगभग 5 हजार वोटर्स ने वोट का बहिष्कार किया है। लोगों का कहना है कि हमने ये मुद्दा कई बार उठाया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं, जब सरकार हमें देखने आएगी ही नहीं तो वोट देकर क्या करेंगे।सुपौल में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दोपहर 1 बजे तक करीब 38.58 फीसदी वोटिंग हो चुकी है। इस बीच सुपौल सदर प्रखंड के गोपालपुर सिरे पंचायत अंतर्गत गोपालपुर खुर्द के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर खुर्द स्थित बूथ संख्या 211 पर अब तक महज दो वोट डाले गए हैं। दोनों वोटर विद्यालय में ही एमडीएम रसोइया के रूप में कार्यरत है। हालांकि, डीएम कौशल कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत कर वोटिंग सुनिश्चित कराने की बात कही है। वहीं मदनपुर पंचायत के वार्ड 11 में उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय मैनिरही के बूथ संख्या 187 पर लोगों ने सड़क की मांग को लेकर वोट बहिष्कार किया था। हालांकि दोपहर 12 बजे के बाद अधिकारियों के समझाने के बाद लोगों ने इसे वापस ले लिया है। फिर मतदान शुरू हुआ। वहीं मुरलीगंज के दीनापट्टी पंचायत स्थित बूथ संख्या 73 पर 12 बजे मतदान शुरू हुआ। एसडीएम संतोष कुमार ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर मतदान करने को मनाया।झंझारपुर के अररिया संग्राम बूथ संख्या 265 पर ईवीएम का सीरियल नंबर उल्टा रहने के कारण मतदाताओं ने हंगामा करते हुए मतदान रोक दिया है।

## शाखा प्रबंधक सेवानिवृत्त कैप्टन व थानाध्यक्ष द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया




नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**।भारतीय स्टेट बैंक की शाखा राजापाकर के परिसर में जल जीवन हरियाली के ब्रांड एंबेसडर सह सेवानिवृत कैप्टन महेंद्र राय एवं शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार द्वारा शाखा परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। शाखा परिसर में आए बैंक ग्राहकों को एक-एक वृक्ष भेंट कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। शाखा प्रबंधक व सेवानिवृत्त कैप्टन द्वारा लोगों को बताया गया कि जिस प्रकार पेड़ों के लिए ऑक्सीजन आवश्यक है इसी तरह एक स्वच्छ मजबूत निष्पक्ष लोकतंत्र के लिए आपके एक मत का भी उतना ही महत्व है। इसलिए सभी मतदाता भाई-बहन आगामी 20 मई को अपने-अपने बूथों पर जाकर अपने मत का प्रयोग जरूर करें। वहीं आस पास के लोगों अपने एक मत के अधिकार के महत्व को बताएं। इस अवसर पर थानाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने ग्राहकों को बताया कि मतदान आपका कर्तव्य और अधिकार है इसे बर्बाद नहीं होने दें। आगामी चुनाव में बूथ पर जाकर अपने मत का प्रयोग जरूर करें। वही लोगों को स्लोगन भी पढ़ कर सुनाया गया। बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, जन-जन की है यही पुकार वोट देना है अधिकार, हमारा गौरव हमारी शान चलो करें मिलकर मतदान सहित अनेक स्लोगन के द्वारा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## कोयरफेड को स्वर्ण मंदिर से एक करोड़ रुपयों का मिला आर्डर

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। गुरु नगरी के स्वर्ण मंदिर के दरवाजे और गलियारे अब केरल में बने कायर उत्पादों के साथ मेहमानों और संगतों का स्वागत करेगी। केरल स्टेट कोपरेटिव कोयर मार्केटिंग फेडरेशन लिमेटिड (कोयरफेड) को गत दिनों स्वर्ण मंदिर से कायर उत्पादों के लिये एक करोड़ रुपयों का आर्डर प्राप्त हुआ है। कोयरफेड के अधिकारियों के अनुसार 100 रोलिंग मैटिंग वाले एक पहले कंटेनर की खेप जल्द ही अमृतसर भेज दी जायेगी। कोयरफेड के अध्यक्ष टीके देवाकुमार (पूर्व विधायक) ने हाल ही में स्वर्ण मंदिर का दौरा किया और वहां गुरुद्वारा प्रबंधकों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कोयरफेड स्वर्ण मंदिर को कोयर उत्पादों की आपूर्ति करता रहा है लेकिन उनके रिश्तों में कुछ अंतर पैदा हो गये थे जो कि सुचारु हो गये हैं। कोयरफेड



अब गुरु नगरी में अपने उत्पादों की आपूर्ति फिर से शुरू कर प्रसन्न है। कोयर उत्पादों में आपार क्षमताओं के चलते कोयरफेड अब अन्य राज्यों में अपने बाजार तलाशने की योजना बना रहा है। इसके अलावा, कोयरफेड को क्रिकेट मैट की आपूर्ति के लिये चेन्नई क्रिकेट एसोसिएशन से पचास लाख रुपये का आर्डर भी मिला था। वर्ष 1979 में गठित कोयरफेड नारियल की जटाओं को उपयोग में लाने वाले कारीगरी को सहकारी समितियों की सर्वोच्च फेडरेशन है जिसके कोयर उत्पादों को समूचे देश के प्रतिष्ठानों के साथ डोमेस्टिक और कमर्शियल उपयोगों में लाये जाते रहे हैं।

## अकादमिक क्षेत्र में मौलिक एवं गुणवत्तापूर्ण शोध द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं एवं भारतीय ज्ञान परम्परा की गरिमा से विश्वगुरु की मान्यता प्राप्त होगीः प्रो माला सिंह

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। मंगलवार को नवसृजित पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वारा प्रथम शोध प्रबन्ध जमा पूर्व मौखिकी परीक्षा आयोजित की गई। इसमें दो शोध प्रबन्ध समीक्षा हेतु प्रस्तुत किए गए। पूर्वाह्न सत्र में कुंदन कुमार सिंह द्वारा डॉ जगन्नाथ गुप्ता के निर्देशन में तथा अपराह्न सत्र में कु. निशा सिंहा द्वारा मध्यकालीन मिथिला की शिक्षा व्यवस्था पर डॉ अविनाश कुमार झा के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। इस अकादमिक आयोजन की अध्यक्षता संकायाध्यक्ष सह विभागाध्यक्ष प्रो माला सिंह द्वारा विभागीय सभागार में संपन्न हुआ जिसमें प्रो.छाया सिंह,प्रो. ब्रजेश पति त्रिपाठी, प्रो कनक भूषण, प्रो योगेन्द्र कुमार, प्रो राजीव रंजन एवं डॉ बिनोद मंगलम, रामाकांत शर्मा, मुकेश कुमार अनूप कुमार झा, डा संजीत लाल, अनवरुल हक ने शोध प्रबन्ध के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव व्यक्त करते हुए




बताया कि शोध प्रबन्ध के लिखने का मुख्य उद्देश्य सुधी छात्रों को शिक्षा द्वारा ज्ञान में मौलिकता,शुचिता एवं शुद्धता के साथ भारतीय दृष्टि बोध एवं सांस्कृतिक विरासत युक्त आत्मविश्वास पैदा करना और भारत के ज्ञान परम्परा की संक्लपना युक्त संस्कृतिक एकता से अवगत कराना है। प्रो राजीव रंजन, डा. अविनाश कुमार झा ने शोध की प्रसागिकता के सन्दर्भ में बताया कि राष्ट्र की आवश्यकता एवं अवधारणा युक्त शिक्षा वैश्विकरण के दौरान काफी आवश्यक 21 वीं सदी में भारत की स्थिति और उसकी अक्षुण्णता में शोध की मान्यता अनुरूप ज्ञान के विकास हेतु उपयोगी शिक्षा के लिए मौलिक शोध प्रस्तुत कर नई सोच और मानसिकता के निर्माण से ही सक्षम आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। डॉ० अनवरूल हक, संजीत लाल ने शोध की समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रो छाया सिंहा, ब्रजेशपति त्रिपाठी एवं कनक भूषण मिश्रा ने स्तरीय उपयोगी शोध सामग्री के साथ इतिहास लेखन एवं शोध कार्य में मार्गदर्शन के लिए मार्गदर्शित किया। इस अकादमिक समारोह में डॉ० बिनोद कुमार मंगलम, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रो राजेश शुक्ला ने भी मतवपूर्ण सुझाव दिए, प्रो. ब्रजेश पति त्रिपाठी, पूर्व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना ने शोध समीक्षा के अद्यतन पक्षों पर प्रकाश डालते हुए मार्गदर्शित किया, प्रो. योगेन्द्र कुमार, इतिहास विभाग, श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना, प्रोफेसर अविनाश कुमार झा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना एवं कई शिक्षकों शोधर्थियो की इस अवसर पर गरिमामई उपस्थिति रही। सभी लोगों महत्पूर्ण शोध कार्य के लिए शोधर्थियों को बधाई दी, विशेषकर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विभागाध्यक्ष सह संकायाध्यक्ष प्रो माला सिंह ने इस तरह के गुणवत्ता युक्त अकादमिक प्रयास की निरंतरता के लिए मतवपूर्ण सुझाव द्वारा मार्गदर्शित एवं प्रेरित करते हुए गुणवत्ता पूर्ण प्रभावी शोध के लिए शुभकामनाएं दी। विश्वविध्याल के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग ने इस अवसर के छात्रोपयोगी स्वरूप को दर्शाया जिससे आगे के लिए छात्रोपयोगी पक्ष और सशक्त पहचान कायम हो सके।

## संत कैरेंस हाई स्कूल में नयी स्टूडेंट काउंसिल का अलंकरण समारोह आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस

- हर छात्र विशेष प्रतिभा का स्वामी होता है : कमांडेंट

**पटना**। संत कैरेंस हाई स्कूल का प्रांगण बैंड के धुनों से गुंजायमान हो उठा। विद्यालय के लिए आज का दिन बड़ा ही विशेष था। यह वस्तुतः मंगलवार को नये काउंसिल मेंबर के अलंकरण समारोह' का अवसर था। 'अलंकरण समारोह' विद्यालय के लिए अत्यधिक गौरव का पल होता है, जब स्कूल के लोग अपने छात्र प्रतिनिधियों को औपचारिक रूप से उनके दायित्व सौंपते हैं। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एससबी की कमांडेंट सुवर्णा साजवान, विद्यालय के निदेशक डीपी गॉलस्टन, प्रधानाचार्या सीमा सिंह, एवं उप प्रधानाचार्य संजय जोसेफ के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्रार्थना गीत एवं स्वागत नृत्य की प्रस्तुति हुई। समारोह की मुख्य अतिथि सुवर्णा साजवान ने छात्रों को संबोधित करते



हुए कहा कि हर छात्र विशेष प्रतिभा का स्वामी होता है एवं इनमें अद्वितीय नेतृत्व क्षमता होती है। आवश्यकता है तो बस स्वयं पर विश्वास कर आगे बढ़ने की। उन्होंने यह भी कहा कि ये बालक ही हमारे भावी भविष्य तथा राष्ट्र के भी निमार्ता हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए समर्पित एक संस्था के रूप में संत कैरेंस हाई स्कूल अपने छात्रों के बीच नेतृत्व के गुणों और सामाजिक जिम्मेदारी की मजबूत भावना को बढ़ावा देता है। इसके बाद चारों सदनों के कप्तान, खेल कप्तान, हेड ब्वॉय व हेड गर्ल द्वारा मार्च पास्ट किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थी परिषद के नव निर्वाचित सदस्यों को बैज और सैश पहनाकर अलंकृत किया। कक्षा बारहवीं के छात्र आर्यन सिंह एवं छात्रा रूचिका झा क्रमशः छात्र प्रमुख (हेडबॉय) एवं छात्रा प्रमुख (हेड गर्ल) चयनित हुए। वहीं ईशान भूषण को लवायलिटी हाउस का उपकप्तान चुना गया। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थी परिषद के नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। विद्यार्थी परिषद के चयनित सदस्यों ने सौंपे गए कर्तव्यों को ईमानदारी तथा दक्षता के साथ निभाने का संकल्प लिया। स्कूल के निदेशक ने परिषद के नव निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए उन्हें अपने कर्तव्य का निर्वहन करने में ईमानदार और निष्पक्ष रहने की सलाह दी। अंत में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य संजय जोसेफ ने धन्यवाद ज्ञापित किया और राष्ट्रीय गीत के साथ अलंकरण समारोह संपन्न हुआ।

## बच्चों ने उड़ाया हेकसा ड्रोन और हेलीकॉप्टर



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। आचार्य श्री सुदर्शन पटना सेंट्रल स्कूल के स्टीम लैब के द्वारा बच्चों ने उड़ाया हेकसा ड्रोन और हेलीकॉप्टर। टेक्नोलॉजी के बिना शिक्षा अधूरी। आचार्य श्री सुदर्शन आचार्य श्री सुदर्शन पटना सेंट्रल स्कूल परिसर में स्टीम लैब के द्वारा हेकसा कॉप्टर संचालित ड्रोन द्वारा पुष्प वृष्टि की गई। जिसको देखकर छात्र और अभिभावक दंग रह गए और करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। इसके अलावा हेलीकॉप्टर उड़ान को ड्रोन द्वारा प्रदर्शित किया गया। चंद्रयान -3 ने भी अपनी उड़ान खुले आसमान में भरी। टेक्सला एयर कौप्टर के अद्भुत प्रदर्शन से स्कूल परिसर जगमग हो उठा। आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज ने स्टीम लैब के इस चमत्कार पूर्ण कारनामों की भूरि -भूरि प्रशंसा की। हमारा स्कूल बिहार का पहला ऐसा स्कूल जहाँ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस स्टीम लैब की व्यवस्था की गई है। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ बी के सुदर्शन ने बताया कि हम अपने स्कूल में बच्चों को ऐसा प्लेटफार्म दे रहे हैं, जिसके द्वारा उन्हें यश और जॉब मिलेगा और टेकनिकल ज्ञान में वे आगे रहेंगे।

## शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**।राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजापाकर के शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। आगामी 20 मई को मतदाता अपने-अपने बूथों पर जाएं एवं अपना एक-एक कीमती मत का प्रयोग करें। एक स्वच्छ ,निष्पक्ष, मजबूत लोकतंत्र सरकार का निर्माण करें। जिनके परिजन बाहर रहते हैं उन्हें भी महापर्व में शामिल होने की अपील की गई। बताया गया कि जो विकलांग है और



बूथ पर आने में असमर्थ हैं उनके लिए बूथ पर लाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा व्यवस्था की गई है। जागरूकता रैली में प्रधानाध्यापक विजय कुमार केशव नारायण राय राजकुमार रवि बिंदेश्वर प्रसाद सिंह सरिता कुमारी शिल्पी कुमारी पुष्पा कुमारी सहित अनेक शिक्षक शिक्षिका शामिल थे।

## मतदान पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण किया गया





नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**। राजापाकर के बीडीओ आनंद प्रकाश के दिशा निर्देश पर मतदाता पाठशाला के अंतर्गत मतदान पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण किया जा रहा है। मंगलवार को राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय राजापाकर स्थित मतदान केंद्र संख्या 53 के बीएलओ धर्मेंद्र कुमार गुप्ता एवं मतदान केंद्र संख्या 54 के अशरफ आलम ने मतदाताओं के बीच मतदान पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण किया। वितरण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका सुजाता कुमारी आशा कार्यकर्ता मंजू देवी जीविका दीदी सरिता सिंह ने सहयोग दिया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं के बीच जागरूकता पैदा करने के निरंतर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आज तीन सौ मतदाताओं के बीच मतदान पर्ची व मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। उधर मतदान केंद्र संख्या 52 से संबद्ध मतदाताओं के बीच घर घर जाकर आशा विभा कुमारी एवं जीविका दीदी सुमन कुमारी ने मतदान पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण किया।

# मैथिली ठाकुर ने अपनी गायन से जिले के मतदाताओं से मतदान करने की अपील की

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर**। आगामी 13 मई को समस्तीपुर जिले में लोकसभा निर्वाचन को लेकर जिला प्रशासन के सौजन्य से ,स्टेट स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मंगलवार को, जिला मुख्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी , उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार और मैथिली ठाकुर एवम अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । मौके पर अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समस्तीपुर व उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के मतदान में मात्र छह दिन ही बचे हैं। इसमें प्रत्येक मतदाता स्वतंत्र, निष्पक्ष, व भय मुक्त वातावरण में निर्भीक होकर अपने-अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत प्रयोग करें। पहली बार मताधिकार का प्रयोग कर रहे नए मतदाताओं से विशेष अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान अवश्य करें। वहीं उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार ने मतदाताओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं मतदान करे और दूसरो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें. तत्पश्चात उपस्थित मतदाताओं को अपर समाहर्ता के द्वारा सभी 13 मई को मतदान करने की शपथ दिलायी गया। इससे पूर्व उन्होंने स्टेट स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर को अंगवस्त्र और पाग से सम्मानित किया। इसके बाद लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने ,"चलो मतदान करें हम" मतदाता जागरूकता गीत के साथ अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की और अपने सु-मधुर गीतो से समा बांध दिया। मैथिली ठाकुर के द्वारा सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद लोगों को भावनात्मक रूप से जगाने के लिए मैथिली ठाकुर ने दिल दिया है जान भी देंगे ऐ, वतन तेरे लिए, की प्रस्तुति दी और श्रोताओं की मांग पर, राम जी से पूछे जनकपुर की नारी, मैथिली गीत से लोगो का मन मोह लिया। इस दौरान कर्पूरी सभागार पूरी तरह से भरा हुआ था। अंत में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह डीपीआरओ अश्विनी कुमार चौबे ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मतदाताओं को उनके कर्तव्य का ध्यान दिलाया और मतदान तिथि ,13 मई मतदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह जिला खेल पदाधिकारी आकाश , कई प्रखंडों के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कर्पूरी सभागार में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के पहली बार मतदाता बने छात्र एवम छात्रा, जीविका की दीदियां,आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका, विकास मित्र , कोचिंग संस्थान के छात्र एवम छात्रा,स्थानीय मतदाता उपस्थित थे।

# इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने उजियारपुर राजद प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता के लिए वोट मांगा



नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर**। इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने उजियारपुर से राजद प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता के पक्ष में मंगलवार को प्रखंड के मुर्गियाचक चौक से सघन जनसंपर्क अभियान शुरू किया। अभियान में बड़ी संख्या में शामिल कार्यकर्ता सरसौना, बहादुरनगर आदि क्षेत्रों के घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से लालटेन छाप के पक्ष में मतदान कर आलोक कुमार मेहता को विजयी बनाने का अपील किया। अभियान का नेतृत्व ऐपवा जिलाध्यक्ष सह माले राज्य कमिटी सदस्य बंदना सिंह, भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र सिंह, माले के मो० एजाज, मो० कयूम, मुंशीलाल राय, अर्जुन कुमार, कांग्रेस के अब्दुल मालिक, राजद के मो० वीआईपी के फैजान अहमद आदि ने किया। मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, पलायन, भ्रष्टाचार के जिम्मेवार मोदी सरकार को 2024 के चुनाव में मतदाताओं ने मजा चखाने का मुड बना लिया है। यहां से राजद उम्मीदवार को जीताकर लोकतंत्र, आरक्षण एवं संविधान बचाने की लड़ाई को सबल बनाना है।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह

मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# जंक फूड सेवन से बढ़ रहा कैंसर का खतरा



**[ नियमित रूप से जंक फूड का सेवन करने से मोटापा, हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह और दंत समस्याओं सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। ये खाद्य पदार्थ प्रायः सुगम और स्वादिष्ट होते हैं लेकिन निम्न पोषण मूल्य प्रदान करते हैं। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की तरफ से और लेखनी के माध्यम से कहना चाहता हूं कि जंक फ़ूड के सेवन से कैंसर जैसी बीमारी का खतरा बढ़ रहा है। बिहार में बढ़ रहे इस खतरे को लेकर आईपीएस विकास वैभव गम्भीर रूप से चिंतनशील है। ]**

इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिये कि भारत जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के विस्फोट का सामना कर रहा है, जहाँ अस्वास्थ्यकर आहार इसके सबसे बड़े योगदानकर्ता कारकों में से एक है। जंक फ़ूड ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिनमें कैलोरी, शर्करा, अस्वास्थ्यकर वसा और नमक की तो उच्च मात्रा पाई जाती है, लेकिन पोषक तत्व कम होते हैं। ये खाद्य पदार्थ प्रायः अत्यधिक प्रसंस्करित होते हैं और इनमें आमतौर पर फाइबर, विटामिन एवं खनिज की मात्रा कम होती है। जंक फूड के उदाहरणों में बर्गर, फ्राइज़ एवं पिज़्ज़ा जैसे फास्ट फूड आइटम, कुकीज़, कैंडी एवं सोडा जैसे मीठे स्नैक्स और चिप्स एवं प्रेट्ज़ेल जैसे नमकीन स्नैक्स शामिल हैं। नियमित रूप से जंक फूड का सेवन करने से मोटापा, हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह और दंत समस्याओं सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। भारतीयों की बढ़ती आहार संबंधी आदतों का विश्लेषण करते समय एक महत्त्वपूर्ण विचारणीय कारक आक्रामक विज्ञापन का प्रभाव है जो 'स्वादिष्ट' एवं 'सस्ते' कम्फर्ट फूड को बढ़ावा देता है जहाँ विशेष रूप से युवा उपभोक्ताओं को लक्षित किया जाता है। भारत में इन्हें प्रायः कम्फर्ट फूड के रूप में पैक किया जाता है और इसके उदाहरणों में कुकीज़, केक, चिप्स, नमकीन, इंस्टेंट नूडल्स, शर्करा पेय, फ्रोज़ेन खाद्य, डिब्बाबंद फल, भारतीय मिठाई एवं बेकरी उत्पाद शामिल हैं। कम्फर्ट फूड उन खाद्य पदार्थों को कहा जाता है जो तृप्ति प्रदान करते हैं, जिन्हें खाकर ख़ुशी मिलती है, जो प्रायः हल्के-फुल्के आहार के रूप में ग्रहण किये जाते हैं, लेकिन प्रायः जिनका पोषक मूल्य कम होता है। कई अन्य देशों की तरह भारत भी एक बड़े 'पोषण संक्रमण' के दौर से गुज़र रहा है। तेज़ी से बदलते आहार पैटर्न की विशेषता वाले इस संक्रमण में पारंपरिक आहार (जो उच्च फाइबर स्तर रखते थे और जिनमें प्रायः गैर-प्रसंस्करित या 'होल फूड' शामिल थे) से हटकर पश्चिमी शैली के आहार (जो प्रसंस्करित होते हैं और उच्च कैलोरी रखते हैं) को अधिक अपनाने के रूप में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है। यह परिवर्तन तीव्र आर्थिक प्रगति और शहरीकरण के साथ-साथ पैकेज्ड एवं प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों—जिसे लोकप्रिय रूप से 'जंक फूड' कहा जाता है, के उपभोग में वृद्धि के साथ मेल खाता है। जंक फूड को वसा, नमक एवं शर्करा में उच्च खाद्य के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वैज्ञानिक प्रमाण पुष्टि करते हैं कि जंक फूड चिकित्सकीय रूप से संक्रमण के विरुद्ध शरीर की प्रतिरक्षा को कमज़ोर करने, रक्तचाप बढ़ाने, रक्त शर्करा में वृद्धि करने, वजन बढ़ने और कैंसर के खतरे को बढ़ाने में योगदान करते हैं। भारत में इन्हें प्रायः कम्फर्ट फूड के रूप में पैक किया जाता है और इसके उदाहरणों में कुकीज़, केक, चिप्स, नमकीन, इंस्टेंट नूडल्स, शर्करा पेय, फ्रोज़ेन खाद्य, डिब्बाबंद फल, भारतीय मिठाई एवं बेकरी उत्पाद शामिल हैं। कम्फर्ट फूड उन खाद्य पदार्थों को कहा जाता है जो तृप्ति प्रदान करते हैं, जिन्हें खाकर ख़ुशी मिलती है, जो प्रायः हल्के-फुल्के आहार के रूप में ग्रहण किये जाते हैं, लेकिन प्रायः जिनका पोषक मूल्य कम होता है। बच्चों और युवा वयस्कों को समान रूप से लक्षित करने वाला एक व्यवहार परिवर्तन अभियान चलाया जाना चाहिये को युवा आबादी को स्वस्थ आहार आदतों और विवेकपूर्ण खाद्य ग्रहण अभ्यासों को अपनाने में मदद करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वर्तमान में खाद्य पैकेट के पीछे छोटे प्रिंट में पोषण तालिका प्रदर्शित की जाती है, जिसे बहुत से लोग न तो ध्यान से देखते हैं और न ही समझ पाते हैं। वर्ष 2013 का सर्वोच्च न्यायालय का एक निर्णय संवैधानिक रूप से सुदृढ़ शुरुआत की पेशकश करता है। निर्णय में न्यायालय ने इस बात पर बल दिया था कि कोई भी खाद्य पदार्थ जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये खतरनाक या हानिकारक है, वह भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन के मूल अधिकार के लिये संभावित खतरा है। स्वस्थ आहार की ओर आगे बढ़ने और इसकी सार्वजनिक मांग पैदा करने की तात्कालिकता को चिह्नित करना या जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि स्वस्थ एवं पोषण की दृष्टि से विविध आहार के लिये 'जन आंदोलन' अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इन प्रयासों के साथ गंभीर नीतिगत हस्तक्षेप भी किया जाना चाहिये जो भारतीयों को सूचना-संपन्न खाद्य विकल्प चुनने के अपने अधिकार का उपयोग करने में मदद करे। पोषक तत्वों, फाइबर और आवश्यक विटामिन से भरपूर संपूर्ण, न्यूनतम प्रसंस्करित खाद्य पदार्थों का चयन कर लोग आमतौर पर प्रसंस्करित खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले अस्वास्थ्यकर योजक, अत्यधिक शर्करा एवं परिष्कृत अनाज का सेवन कम कर सकते हैं। यह अग्रसक्रिय दृष्टिकोण न केवल बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य का समर्थन करेगा, बल्कि मानसिक स्पष्टता और संवहनीय ऊर्जा स्तर को भी बढ़ावा देगा। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की तरफ से और लेखनी के माध्यम से कहना चाहता हूं कि जंक फ़ूड के सेवन से कैंसर जैसी बीमारी का खतरा बढ़ रहा है। बिहार में बढ़ रहे इस खतरे को लेकर आईपीएस विकास वैभव गम्भीर रूप से चिंतनशील है। आइए मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

# मगध विश्वविद्यालय बोधगया में मनाया गया रविंद्र नाथ टैगोर की 164 वीं जयंती



नई सोच एक्सप्रेस

**गया**।मगध विश्वविद्यालय बोधगया के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग में विभागाध्यक्ष डॉक्टर सरिता वीरांगना के नेतृत्व में रविंद्र नाथ टैगोर की 164 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर काव्य पाठ,क्विज प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के करीब 50 छात्रों ने भाग लेते हुए विशिष्ट क्रिएटिविटी का परिचय दिया। साथ ही छात्र अभिषेक ,रुखसार, शिवानी, प्राची, नम्रता ,नेहा ,और जाह्नवी की प्रस्तुति काफी प्रशंसनीय रहा। वहीं रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन एवं भारतीय साहित्य में उनके योगदान को विशेष महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर रहमत जहां, प्रोफेसर नीरज कुमार , डॉ सुशील कुमार, सहायक अध्यापक संजय कुमार ने छात्रों को इस प्रकार की गतिविधि में सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर मनोबल बढ़ाया।

# कमर में दर्द के कारण समस्तीपुर की सभा में नहीं पहुंचे तेजस्वी, राजद समर्थकों के बीच दिखी मायूसी

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर**। आज तेजस्वी यादव अभी तक कुल 109 चुनावी सभाएं कर चुके हैं। कमर में तेज दर्द होने के बावजूद वो पेन किलर खाकर लोकसभा चुनाव में तूफानी दौरा कर रहे थे। लेकिन उनके पीठ का दर्द कम नहीं हो रहा है। जिसके कारण उन्हें लगातार व्हील चेयर का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। तेजस्वी यादव ने आईजीआईएमएस में एमआरआई करायी है। कमर के दर्द से परेशान तेजस्वी आज चुनाव प्रचार के लिए समस्तीपुर नहीं गये। उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के पटोरी में एक जनसभा को उन्हें संबोधित करना था। तेजस्वी यादव के नहीं पहुंचने पर वहां की जनता और राजद समर्थकों के बीच मायूसी छा गयी। समस्तीपुर के उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के पटोरी स्थित कर्पूरी स्टेडियम में होने वाला इंडिया गठबंधन की जनसभा में तेजस्वी यादव के नही आने से लोगों में मायूसी देखी गई। वहीं वहां मौजूद इंडिया गठबंधन के नेताओं ने लोगों को संबोधित करते हुए एनडीए गठबंधन की सरकार पर जमकर निशाना साधा। महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि इस बार बिहार की 40 सीट सहित दिल्ली में महागठबंधन की सरकार बनाई जाएगी ताकि देश में हो रहे संविधान बदलाव की बात भ्रष्टाचार की बात महंगाई की बात बेरोजगारी की बात एवं अन्य कई मुद्दों पर बात कही । इसी दौरान उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के राजद प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता ने मीडिया से रूबरू होते हुए आज की कार्यक्रम को लेकर पूरी जानकारी साझा की।आलोक मेहता ने कहा कि मौसम की खराबी की वजह से पटना से हेलीकॉप्टर नहीं उड़ सका, साथ ही तेजस्वी यादव के कमर में भी मोच है इस वजह से वह नही आ पाए,लेकिन मोबाइल से स्थानीय लोगों को सम्बोधित किया।भीड़ बता रही है कि इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है।

# हिंदू विवाह पर सर्वोच्च फैसला देकर संस्कारों एवं पारम्परिक रिवाजों को पुष्टि किया

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा**। देश की सर्वोच्च अदालत में हिंदू विवाह को लेकर फैसला देकर संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्टि किया है ,साथ ही उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिंदू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार सुदृढ़ता की जरूरत है। हाल के वर्षों में भारत में हिंदू विवाह परंपरा एवं संस्कृति से अनेक विकृतियों जुड़ गई है, डेटिंग संस्कृति की शुरुआत के साथ लव मैरिज का प्रचलन बढ़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवन साथी चुनना पसंद करते हैं। विवाह के साथ प्री वेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक भी बना है। आयोजनों में शराब एवं नशा का प्रचलन भी दुर्घटनाओं का कारण बना है इनके कारण विवाह होने से पहले ही उसमें दरार बढ़ते हुए देखा जा रहा है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं ,उन्हें देश के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से सचेत हो जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा ,बिना सात फेरों हिंदू रीति रिवाज एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू व्यवहार कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागत योग्य बल्कि इसमें दूरगामी परिणाम सुखद होंगे, इसमें हिंदू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा पारिवारिक संस्थाओं को मजबूती मिलेगी, हिंदू विवाह से जुड़ा या फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा की शादी गाने और डांस ,शराब पीने और खाने का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी संस्कृति एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य के अच्छे पारिवारिक के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिंदू समाज व्यवसाय की बुनियादी इकाई एंव मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिंदू विवाह को मानता नहीं मिल सकती है, अर्थात शादी के लिए हिंदू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं ,उसका पालन करना होगा, कोर्ट ने अपने फैसलों में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह को कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोह में सप्तपदी ( दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना शामिल) है और जब सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिंदू विवाह एक संस्था है ,संस्कार है। विवाह कोई व्यावसायिक लेनदेन नहीं है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है, कोर्ट में सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझने की कोशिश हिंदू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी इसमें कोई शक नहीं की विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले तुलना में कम हुआ है अब विवाह बहुतों के के लिए दिखावा, मजबूरी समझौता भर रह गया है। हिंदू विवाह एक आदर्श परंपरा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को 16 संस्कारों में से एक संस्कार माना जाता है। अन्य धर्म में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में थोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी के बीच जन्म अंतर का संबंध होता है जिसे किसी भी परिस्थितियों में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के साथ फेरे लेकर और ध्रुव तारा साक्षी मानकर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं।यह दो परिवार का मिलन है। हिंदू विवाह के सात वचनों में से कम से कम तीन ऐसे हैं जो अपने बुजुर्गों की देखभाल करने का बादा करते हैं। न्यायालय द्वारा इस फैसले के लिए न्याधीश को कोटि-कोटि धन्यवाद लेते हैं धन्यवाद देने वालों में अनील कुमार शर्मा, शोभा पटेल, रेखा शर्मा, पुजा कुमारी, साधना सिंह एडवोकेट ,रवि प्रकाश आदि।

# कटिहार में एक सप्ताह में 500 से अधिक घर अग्नि को भेंट चढ़ गयी

नई सोच एक्सप्रेस



**• सैकड़ो परिवार बेघर होकर जीवन जीने को विवश है**

**कटिहार**। पिछले एक सप्ताह में कटिहार जिले में 500 से अधिक घर अग्नि को भेंट चढ़ गई है। इसके कारण सैकड़ो परिवार बेघर होकर जीवन जीने को विवश है। इन परिवार को रहने के लिए छत नहीं है। सोने के लिए चौकी, खटिया तक नसीब नहीं हो रहा है। चिलचिलाती धूप में पॉलिथीन का टेंट बनाकर परिवार के साथ जीवन बसर करने को विवश है। जिले के बारसोई प्रखंड अंतर्गत आबादपुर थाना अंतर्गत मदारगाछी गाँव में अचानक आग लग जाने से 270 परिवार का 300 से अधिक घर जलकर राख हो गया। जिसमें एक महिला के झुलस जाने से मृत्यु हो गई।अग्नि कॉंड में 70 बाइक चलाकर राख हो गया। कांग्रेस जिला कमेटी के उपाध्यक्ष अबरार उल हक अपने समर्थकों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले और सांत्वना दिया। जिला उपाध्यक्ष अबरार उल हक ने बताया कि मदारगाछी ग्राम में अचानक आग लग जाने से 270 परिवार का 300 से अधिक घर जलकर राख हो गया है। इस अग्निकांड में 70 बाइक चलाकर स्वाहा हो गया। अग्निकांड में नरगिस बेगम बुरी तरह झुलस गई। इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई है। मोहम्मद मकबूल हुसैन का पर और शरीर पूरी तरह झुलस गया है। जो अस्पताल में इलाजरत है। मोहम्मद शब्बीर आलम का पैर और शरीर झुलस गया है। इनका भी इलाज अस्पताल में जारी है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अबरारुल हक ने सरकार एवं प्रशासन से मांग किया है कि इस भीषण अग्निकांड में अग्नि पीड़ित परिवार को क्षति के अनुसार मुआवजा के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान एवं जीवन यापन के लिए पर्याप्त संख्या में पर्याप्त मात्रा में राहत देने की मांग किया है।

# प्रशांत किशोर ने बिहार के लोगों को समझाया, बोले - घर में खाने का ठिकाना नहीं है, लड़का खाए बगैर मर रहा है लेकिन पाकिस्तान-मुसलमान के नाम पर आप वोट मोदीजी को वोट दे रहे हैं





नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने लालू यादव के लालटेन युग का जिक्र करते हुए कहा कि आज बिहार के लोगों को जंगलराज नहीं चाहिए। वो खुद कहते हैं कि पहले अपराध बहुत ज्यादा हुआ करता था। लोग कहते हैं कि अब भाजपा को वोट नहीं देंगे, मगर जैसे ही वोट का समय आएगा और तब वो कहेंगे कि भाजपा जीत रही है, तो लालटेन को वोट दे दो। आज मुसलमान भाई का सोचना है कि जिये चाहें मरे, काम हो चाहे न हो हम भाजपा को वोट नहीं देंगे। एक आम सभा में प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि आज बिहार में आदमी को 4 बात याद है पहला, हमारी जाति क्या है? चुनाव में कौन हमारे जाति का प्रत्याशी है? उसी को वोट दिया जाएगा। समाज में जो जाति से बच गया, उसको हिन्दू-मुसलमान बनाकर वोट दे रहा है। अपने घर में खाने का ठिकाना नहीं है और घर में लड़का खाए बगैर मर रहा है। लेकिन हिन्दू का झंडा लेकर मुसलमान को सबक सिखाने के लिए पाकिस्तान पुलवामा के नाम पर आप वोट दे रहे हैं।

# महाबोधि मंदिर पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



**गया**। सुरक्षा के बीच बोधगया मंदिर पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री चाउना मीन। जहां उनका स्वागत गर्म जोशी के साथ मुख्य भिक्खु चालिंदा, भिक्खु दीनंद, भिक्खु मनोज, बीटीएमसी के सचिव महाश्वेता महारथी, सदस्य डॉ. अरविंद सिंह तथा किरण लामा ने किया। तत्पश्चात श्री मीन ने महाबोधि मंदिर का दौरा कर भगवान बुद्ध का दर्शन किया उसके बाद पवित्र बोधि वृक्ष के पास पहुंच कर भगवान का ध्यान किया। वहीं उप मुख्यमंत्री ने अपने अनुभवों को विचार करते हुए अपनी यात्रा को गहन महत्व को रेखांकित करते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।महाबोधि मंदिर के तरफ से उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किये गए। जिसमें महाबोधि मंदिर की प्रतिकृति, और बीटीएमसी - द होली बोधि ट्री, प्रसिद्ध बौद्ध कलाकार उपेन्द्र महारथी द्वारा बौद्ध विषयों पर चित्रों का कला पोर्टफोलियो, महाबोधि महाविहार पुस्तक के स्मारक (एक सचित्र दस्तावेज़ीकरण) के प्रकाशन शामिल थे। )

## संक्षिप्त समाचार

### पीडीसीए लीग में रन मशीन शशीम राठौर की तूफानी पारी, 19 गेंद में 81 रन, जड़ा लगातार 5 छक्का

**पटना।** शशीम राठौर की आंधी में बाटा सीसी उड़ गया। जी हां पटना जिला सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग के अंतर्गत मंगलवार यानी 7 मई को खेले गए मुकाबले में शशीम राठौर ने 19 गेंदों में नाबाद 81 रन की धुंआधार पारी खेल कर पेसू को 9 विकेट से जीत दिला दी। शशीम ने नाबाद 81 रन की पारी में कुल 12 गगनचुंबी छक्के लगाये और 2 चौके जड़े। एक अन्य मुकाबले में श्लोक कुमार (78 रन) और हर्ष राज (56 रन) के अर्धशतकों के बाद भी आरबीएनवाईएसी की टीम अधिकारी इलेवन से 1 विकेट से हार गई। अधिकारी इलेवन की ओर से पुलक ने 70 रन की पारी खेली। पूल बी में खेल रही अधिकारी इलेवन की यह लगातार छठी जीत है और वह अपने पूल में टॉप पर रही। राजधानी के ऊर्जा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बाटा सीसी ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। बाटा सीसी ने निर्धारित 40 ओवर में 8 विकेट पर 148 रन बनाये। फहद ने 60 गेंद में 6 चौका व 2 छक्का की मदद से नाबाद 55,आयुष राज ने 97 गेंद में 8 चौका की मदद से 47 रन बनाये। पेसू की ओर से राहुल राठौर और पवन कुमार ने 2-2 जबकि राजेश कुमार सिन्हा और कुंदन शर्मा ने 1-1 विकेट चटकाये।नौवें ओवर में बासित रशीद गेंदबाजी कर रहे थे। पहली गेंद पर बाबुल कुमार ने 1 रन लेकर स्ट्राइक शशीम राठौर को थमा दी। बाशित रशीद के अगली पांच गेंद पर शशीर राठौर ने लगातार पांच छक्के जड़े और 9वें ओवर की समाप्ति के बाद पेसू का स्कोर हो गया 1 विकेट पर 147 रन। 10वें की पहली गेंद पर बाबुल ने चौका जड़ कर पेसू को 9 विकेट की जीत दिला दी। पेसू ने 9.1 ओवर में 1 विकेट पर 151 रन बनाये।

### एन स्पोर्ट्स इलेवन ने जीता सुमित्रा दयाल मेमोरियल महिला क्रिकेट टूनार्मेंट का खिताब

**पटना।** एन स्पोर्ट्स इलेवन ने सुमित्रा दयाल मेमोरियल वनडे फाइनल महिला क्रिकेट टूनार्मेंट का खिताब अपने कर कर लिया है। एन स्पोर्ट्स इलेवन ने क्रिकट एकेडमी ऑफ बिहार को 6 विकेट से हराया। क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार के तत्वावधान में खेले गए इस मुकाबले में टॉस सीएबी ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 78 रन बनाये। स्वर्णिमा ने 14 रन की पारी खेली। इसके अलावा रिषिका किंजल ने 8, अंकिता यादव ने 6, कोमल कुमारी ने 5 रन बनाये। एन स्पोर्ट्स इलेवन की ओर से दिव्या भारती, पूजा और रिशु ने दो-दो जबकि और अक्षरा ने 1 विकेट चटकाये। जवाब में एन स्पोर्ट्स इलेवन ने 15.3 ओवर में 4 विकेट पर 80 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। खुशबू ने 23, श्रुति ने 18, सोनी ने 8, प्रगति ने नाबाद 12 और रुपा ने नाबाद 4 रन बनाये। सीएबी की ओर से शोभना साकेत ने 3 और अंकिता ने 1 विकेट चटकाये। खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ब्रिटिश हाई कमीशन के डिप्टी हाई कमिश्वर डॉ एंड्रू ?फ्लेमिंग (प्रभारी, पूर्व व उत्तरपूर्व भारत),नतालिया ले (डिप्टी हेड पॉलिटिकल), आजया मेनन (सलाहकार पॉलिटिकल), पटना की मेयर श्रीमती सीता साहू, डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद इंद्रदीप चंद्रवंशी, पटना नगर निगम के कमिश्नर अनिमेष पराशर, बिहार प्लेयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी, बिहार प्राइवेट स्कूल व वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामल अहमद ने पुरस्कृत किया। सबों का स्वागत एकेडमी के निदेशक सह भारतीय युवा क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अमिकर दयाल ने किया जबकि सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के संतोष तिवारी ने धन्यवाद व्यक्त किया। मंच संचालन मृत्युंजय झा ने किया। रिशु को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड ने 1,300 करोड़ तक जुटाने के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**पटना।** बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड (कंपनी या बीएमएल) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी सूक्ष्म उद्यम, लघु उद्यम, उपभोक्ता सामान, त्यौहार, शिक्षा और आपातकालीन ऋण जैसे ऋण उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। कंपनी इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 प्रत्येक) की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से कुल 13,000 मिलियन 1,300 करोड़, तक का फंड जुटाने की योजना बना रही है (टोटल ऑफर साइज )। कुल प्रस्ताव आकार में शामिल हैं - (प) इक्विटी शेयरों का कुल 10,000 मिलियन 1,000 करोड़, तक का नया निर्गम (नया निर्गम) और (पप) इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए कुल 3,000 मिलियन 300 करोड़, तक का प्रस्ताव (बिक्री के लिए प्रस्ताव)। कंपनी नए निर्गम की शुद्ध आय का उपयोग वित्त वर्ष 2025 में 7,600 मिलियन 760 करोड़, के अनुमानित आगे के उधार के लिए भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए शेष राशि का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है (प्रस्ताव के उद्देश्य )। बिक्री के लिए प्रस्ताव में MAJ इन्वेस्ट फाइनेंशियल इंक्लूजन फंड II K/S द्वारा कुल 1,750 मिलियन 175 करोड़, तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं; साथ ही, अरुम होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा 970 मिलियन 97 करोड़, तक और ऑगस्टा इन्वेस्टमेंट्स जीरो पीटीई लिमिटेड (निवेशक विक्रय शेयरधारक) द्वारा 280 मिलियन 28 करोड़, तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं। (विक्रय शेयरधारक संयुक्त) आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड आईपीओ इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। बीएमएल का लक्ष्य एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार माइक्रोफाइनेंस संस्थान बनना है, जो ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में ऋण के प्रावधान के माध्यम से महिलाओं की उद्यमशीलता और आर्थिक सशक्तीकरण को आगे बढ़ाकर देश भर में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाए।

### जहानाबाद में डोर टू डोर मतदाताओं को जागरूक किया गया



**जहानाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधि के तहत जिले के निर्वाचन आइकॉन श्री अमित कुमार एवं पीडब्ल्यूडी आइकॉन श्री अजीत कुमार के द्वारा 216 जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत बूथ नंबर 155 मोकर उत्तरी भाग एवं बूथ नंबर 160 एवं 161 मध्य विद्यालय सेवनन पूर्वी एवं पश्चिमी भाग के मतदाताओं से डोर टू डोर चला कर कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र के क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक किया गया। सभी ग्रामीणों से जिले के आइकॉन अमित कुमार ने अपील किया कि 1 जून को अपना मतदान अवश्य करें एवं लोकतंत्र मे आपकी भागीदारी हो तथा एक अच्छे नेतृत्व करता का चयन के लिए आपका मतदान जरुरी है गांव की गलियों में घूम कर अमित एवं अजीत ने युवा, महिला, बुजुर्ग सभी लोगों से अपील किया कि अपना बहुमूल्य वोट जरूर दें ताकि आपका कम मतदान प्रतिशत वाला क्षेत्र आता है उसमें बढ़ोतरी हो और भय मुक्त होकर मतदान करें जहानाबाद जिले के कड़ौना स्थित श्याम स्कूल ऑफ नर्सिंग में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जिले के युवा एवं युक्त को भी निर्वाचन आइकॉन ने अपील किया कि अपने साथ-साथ अपने आस पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान देने के लिए प्रेरित करें साथ ही साथ उन्होंने कहा कि 01 जून को पर्व की तरह मनाए जागरूकता अभियान में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के पंचायत पर्यवेक्षकों साथ-साथ टोला सेवक विकास मित्र उपस्थित रहे।

# जहानाबाद दोहरे हत्याकांड में पिता पुत्र दोषी करार, सजा के बिंदु पर 17 मई को होगी सुनवाई

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** व्यवहार न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने कोसडिहरा निवासी अमरेंद्र शर्मा एवं अरविंद शर्मा के हत्या के मामले में बिट्टू कुमार उर्फ बालाजी एवं उसके पिता सुधीर कुमार को दोषी पाया है। बताते चले कि दोनों अभियुक्तों का चरित्र अपराधिक रहा है, और पूर्व में भी इन दोनों के कई कारनामे गांव वालों से सुनी गई है , अभियुक्त ग्राम कोसडीहरा परसबिगहा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। दोनों मामलों में सरकार की ओर से मामले में पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक बिंदु भूषण प्रसाद ने बताया की दोनों मामला परसबीगहा थाना से संबंधित है पहला मामला है कि मृतक अमरेंद्र कुमार ने अपने फर्दबयान में बताया था कि 11 अक्टूबर 2019 को दोपहर में अपने घर से जहानाबाद मोटर साइकिल से जा रहे थे, इसी बीच पूर्व के आपसी विवाद को लेकर सुधीर कुमार एवं उसका पुत्र बिट्टू कुमार उर्फ बालाजी दोनो पिस्तौल से फायर कर दिया, गोली अमरेंद्र कुमार के पेट में लगी और वह गंभीर रूप से जख्मी होकर नीचे गिर गया, तभी कर्राहने कि आवाज सुनकर मौके पर पहुँचे ग्रामीण एवम परिवारवालों के सहयोग से आनन फानन में जहानाबाद सदर अस्पताल लाया गया, जहाँ उसे बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया, जहाँ अठारह दिनों बाद इलाज के क्रम में अमरेंद्र शर्मा की मृत्यु हो गई । परसबिगहा थाना में दोनों नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी 212/19 दर्ज किया गया। बताते चलें कि अभियुक्त बिट्टू कुमार को जुवेनाइल घोषित किया गया, कुछ दिनों बाद अभियुक्त बिट्टू कुमार बाल गृह से भाग कर अमरेंद्र हत्याकांड मुकदमे में गवाह रहे बड़े भाई अरविंद कुमार को मुक़दमे में समझौता करने एवं मुक़दमा वापस लेने की धमकी देने लगा। अंततः अभियुक्त बिट्टू कुमार साजिश रच कर अन्य अभियुक्तों के साथ के 13 नवंबर 2022 को अरविंद शर्मा कि दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी आपको बता दे कि अरविंद शर्मा जहानाबाद एक निजी मैरिज हॉल में रात्रि प्रहरी का काम करता था, प्रतिदिन अपने काम पर जाने के दरमियान कोसडीहरा मोड पर पहुंचकर बस का इंतजार कर रहा था, तभी पहले से घात लगाए दोनों अभियुक्तों ने गोली मार दी और मौके से फरार हो गया था वही अरविंद शर्मा की मृत्यु इलाज के क्रम हो गई थी ! सुचिका प्रतिमा देवी द्वारा परसबिगहा थाना कांड संख्या 322/2022 में दोनों अभियुक्तों को नामजद करते हुए अन्य चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया ।इन दोनो मुकदमो में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने गवाहों की गवाही के मद्देनजर रखते हुए दोनो मामले में सुनवाई करते हुए भारतीय दंड विधि की धारा 302 एवम 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियुक्त सुधीर कुमार, बिट्टू कुमार उर्फ बालाजी को दोषी करार दिया, वही सबूतों के अभाव में अन्य अभियुक्त जयंती देवी, रुचि कुमारी, रेणु देवी एवं अप्राथमिकी अभियुक्त अमन कुमार उर्फ रोहित को न्यायालय द्वारा रिहा कर दिया गया। वहीं सजा के के बिंदु पर सुनवाई 17 मई को अगली तिथि मुकर्रर की है।

### पशुपति पारस व प्रिस राज ने किया मतदान

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस मंगलवार को खगड़िया लोकसभा अन्तर्गत अलौली विधानसभा के मध्य विद्यालय बेलाही, मंत्री जी का टोला , बूथ संख्या 08 पर मतदान किया। उनके साथ सांसद प्रिंस राज और सुपुत्र मुस्कान राज मतदान किया। पशुपति पारस वोट डालने के बाद अपने पैतृक निवास सहरबन्नी में स्वर्गीय रामविलास पासवान की पत्नी (बड़ी भाभी) राजकुमारी देवी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया साथ ही ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी हाल चाल जाना। वोट डालने के बाद अपने आवास पर मीडिया के माध्यम से देशवासियों से भी बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। उन्हेंने तीन चरण में भाग लिए देश के मतदाताओं का भी आभार व्यक्त किया।

## प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट में कई क्षेत्रों के कंटेस्टेंट द्वारा नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट (एनडीए) के उल्लंघन के बाद की गई कानूनी कार्रवाई

नई सोच एक्सप्रेस



**मुंबई।** प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट ने कई कंटेस्टेंट और पार्टिसिपेंट्स द्वारा नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट (एनडीए) के गंभीर उल्लंघन के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू की है। इस उल्लंघन में संवेदनशील जानकारी का अनधिकृत खुलासा शामिल था, जो कि गोपनीय शर्तों का उल्लंघन है जिस पर सभी प्रतिभागियों ने सहमति व्यक्त की थी। ब्यूटी पेजेंट ग्लोबल लेवल पर एक जाना-माना इवेंट है, जिसमें विभिन्न क्षेत्र के कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। एनडीए का उल्लंघन करने वाले कंटेस्टेंट दिल्ली, यूएसए, छत्तीसगढ़, संयुक्त अरब अमीरात, उत्तर प्रदेश, रांची, बैंगलोर, मध्य प्रदेश, हांगकांग और तमिलनाडु से हैं। सख्त एनडीए के बावजूद, कुछ कंटेस्टेंट ने गोपनीय जानकारी लीक कर दी, जो अब इवेंट की रेप्यूटेशन और इंटीग्रेशन के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। पेजेंट आयोजकों ने नियमों के उल्लंघन के जवाब में तत्काल कानूनी कार्रवाई की है, लीक के सोर्स की पहचान करने और इसमें शामिल सभी पक्षों की पहचान करने के लिए जांच शुरू की है। पेजेंट की कॉन्फिडेंशियल्टी और इंटीग्रीटी को बनाए रखने के उद्देश्य से, आयोजक भविष्य अनधिकृत खुलासों को रोकने के लिए हर्जाना और निषेधाज्ञा राहत की मांग कर रहे हैं। सूत्रों की मानें कॉम्पिटिटर्स द्वारा ब्यूटी पेजेंट के कर्मचारियों के साथ पोचिंग की घटनाएं हुई हैं। इस पोचिंग में कर्मचारियों के कॉन्टेक्ट और कनेक्शनों का अनऑथराइज्ड उपयोग शामिल है, जो कि नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट (एनडीए) उल्लंघन के इन्वेस्टिगेशन में चिंता की एक और परत बढ़ता है। ऐसा लगता है जैसे ये रिप्रेजेंटेटिव ही इन सबका कारण हैं। इस इंसीडेंट के बारे में इंक्वायरी के जवाब में, ब्यूटी पेजेंट ने कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट या कमेंट देने से इनकार करते हुए चुप्पी साध ली है।

### सुगौली संवाद सहयोगी रेल पुलिस ने सैंतीस बोतल विदेशी शराब व दो जिंदा कारतूस बरामद किया है

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली।** सुगौली संवाद सहयोगी रेल पुलिस ने सैंतीस बोतल विदेशी शराब व दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। एएलटीएफ प्रभारी के निर्देशानुसार विशेष चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन सगौली के प्लेटफार्म संख्या 01 पर खड़ी गाडी संख्या-19037 अवध् एक्सप्रेस के इंजन से दूसरा साधारण बोगी में रौशन कुमार ग्राम दिछौलिया, मुजफ्फरपुर, परसौनी पगहिया, थाना-कथैया, के पास से काले रंग के पिठ्ठु बैग मे 09 बोतल ब्लेंडर प्राइड तथा एक स्क्रीन टच मोबाइल, हरि शंकर सा0- दिसतौलिया, थाना- कथईया, जिला -मुजफ्फरपुर के पास से 06 बोतल रॉयल स्टैग व एक स्क्रीन टच मोबाइल, राजन् कुमार, सा0- दिसतौलिया, थाना- कथईया, जिला -मुजफ्फरपुर के पास से 12 बोतल व एक स्क्रीन टच मोबइल व चांद, थाना-कथैया, जिला-मुज़फ्फरपुर के पास लाल रंग के पिठ्ठु बैग मे 06 बोतल वाइट मिस्चिएफे वोडक व एक स्क्रीन टच मोबाइल एवं दो जिंदा कारतूस सहित कूल-17.910 लीटर अंग्रजी शराब बरामद हुआ है। रेल पुलिस अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

## अवैध उत्तखनन करने के आरोप में बंदोबस्तधारी पर चार लाख छब्बीस का जुर्माना

नई सोच एक्सप्रेस




**गया।** डीएम के निर्देश पर दिनांक 05.05.2024 को गया जिला के अन्तर्गत नवबन्दोबस्त बालूखण्ड संख्या-49 (गया ढ़ाढ़र 02) का स्थलीय निरीक्षण खनन पदाधिकारी निधि कुमारी एवं खनन इंस्पेक्टर द्वारा करवाया गया। निरीक्षण के दौरान मौजा-जमुआवां गोविन्दपुर में **अवस्थित बालूघाट पर निम्नांकित तथ्य पाये गये :-**

1. बालूघाट पर धर्मकांटा एवं सी.सी.टी.वी. कैमरा लगा हुआ पाया गया।
2. बालूघाट के स्थलीय निरीक्षण के दौरान सीमांकन पाया गया।
3. बालूघाट के पर्यावरणीय स्वीकृत क्षेत्र के अन्दर उत्खनित गड्ढ़ों की मापी किये जाने पर अधिकतम गहराई 10 फीट से कम पायी गई, जो नियमसंगत है।
4. बालूघाट के स्थलीय निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पर्यावरणीय स्वीकृत क्षेत्र के बाहर Geo Co-ordinate Lat. 24.79667422° Long 85.29523218° के समीप लगभग लम्बाई 40 फीट, चौड़ाई 25 फीट एवं गहराई 04 फीट अर्थात कुल 4000 घनफीट बालू का अवैध निष्कासन पाया गया। उक्त अवैध उत्खनित स्थल बालूखण्ड संख्या-49 (जमुआवां गोविन्दपुर) के पर्यावरणीय स्वीकृत क्षेत्र से सटा हुआ है। जबकि पर्यावरणीय स्वीकृत क्षेत्र के 100 मीटर परिधि में पड़ने वाले अबन्दोबस्त बालूघाटों / बालू के निक्षेप वाले स्थलों के निगरानी एवं सुरक्षा की जिम्मेवारी संबंधित बन्दोबस्तधारी को विभागीय आदेश के आलोक में दी गई है। जांच के दौरान संबंधित बालूघाट बन्दोबस्तधारी द्वारा बालूघाट के पर्यावरणीय स्वीकृत क्षेत्र से बाहर जाकर बालू का अवैध उत्खनन/ प्रेषण किये जाने के फलस्वरूप विरूद्ध बिहार खनिज नियम के अनुसार मो0-4,26,000/- (चार लाख छब्बीस हजार) रू० जुर्माना/ अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए उक्त राशि की वसूली करने का आदेश ज़िला पदाधिकारी ने दिया है।

## सफोला के साथ हर रोज स्वस्थ जीवनशैली की तरफ कदम बढ़ाये

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** देश भर के कई पाठक सुबह उठतेही अखबार का पहला पन्ना तेल से सना हुआ देख चौंक गए। सफोला के नए विज्ञापन अभियान ने पाठकों को सुबह-सुबह स्वस्थ जीवनशैली के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता और पुणे के अखबारों के पाठकों को हाल ही में यह अभिनव अनुभव मिला। पिछले साल वर्ल्ड हार्ट डे पर शुरू हुई बातचीत को आगे बढाते हुए, सफोला ने लोगों को हैसटैग रोज़काहेल्थीस्टेप लेने के लिये प्रेरित किया ताकी उनका दिल और शरीर दोनो स्वस्थ रह सकें। इस तथ्य पर जोर देने के लिए कि हमारा स्वास्थ्य एक दिन में बेहतर नहीं हो सकता, सफोला ने जागरूकता पैदा करने के लिए एक विशेष विज्ञापन बनाया। अखबार पे रखे पकोडे और उनसे निकले तेल के दाग की छबी को एक अखबार के पन्ने पर दिखाते हुए यह विज्ञापन हैसटैग रोज़काहेल्थीस्टेप का संदेश देता है ताकी न केवल वर्ल्ड हेल्थ डे पर स्वास्थ्य के महत्व का गायन करें, बल्कि हर दिन स्वास्थ्य के नियमों का पालन करें। इस विज्ञापन के बारे में बोलते हुए मेरिको लिमिटेड की मुख्य विपणन अधिकारी सोमश्री बोस अवस्थी ने कहा, "स्वास्थ्य संकल्पों का नियमित पालन काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मुलेन लिंटास के मुख्य रचनात्मक अधिकारी (सीसीओ) राम जयारमन ने कहा, "कभी-कभी, सबसे अच्छा प्रासंगिक / सामयिक विज्ञापन वह होता है जिसे जानबूझकर कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया जाता है। मैडिसन मीडिया अल्ट्रा के सीओओ जोलीन सोलंकी ने कहा, "परिवर्तन आम तौर पर तब होता है जब बातचीत शुरू होती है।

### जलावन लाने के क्रम में बच्ची को साप ने डसा ,सदर अस्पताल में चल रहा इलाज



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** शाम का खाना बनाने हेतु जलावन लाने के लिए गई बच्ची को साप ने डस लिया। जिसे तत्काल जहानाबाद सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज जारी है। बताया जाता है कि परसबिगहा थाना क्षेत्र के ग्राम झुनाठी कलाली निवासी रिपू माझी की पुत्री खुशबू कुमारी घर में खाना बना रही थी।इसी क्रम जलावन (गोईठा) लाने हेतु गई जहां जलावन में बैठा साप ने डस लिया। बच्ची ने शोर मचाया तो परिजन वहाँ पहुंचकर तत्काल जहानाबाद सदर अस्पताल ले आये। वही खशबू के पिता रिपू माझी ने बताया जब मेरी पुत्री शाम खाना बनाने हेतु जलावन (गोईठा) लाने हेतु गई कि अंधेरे में जलावन में बैठा साप ने डस लिया। वही उन्होंने ने बताया कि साप काटने की शोर मचाई तो हमलोग तत्काल बच्ची को सदर अस्पताल लाया, वही उन्होंने बताया कि हालांकि साप को भी अस्पताल में लाया हूं,जो बहिरा साप है। तथा इलाजोपरात बच्ची खतरे से बाहर है।

## हर माह 14 तारीख को स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान आरोग्य शिविर लगेगा

नई सोच एक्सप्रेस

- **सभी पीएचसी, सीएचसी और एचडब्ल्यूसी पर विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे उपचार व जांच**
- **आठ प्रकार के होंगे जांच व उपचार, प्रतिवेदन आयुष्मान भवः पोर्टल पर होगा अपलोड**

**पटना।** राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन प्रत्येक माह की 14 तारीख को किया जाएगा। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी शामिल हैं। आयुष्मान आरोग्य शिविर विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में आयोजित होगा। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता संबंधित जिले अथवा निकटतम चिकित्सा महाविद्यालय, जिला, अनुमंडल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से किए जाएंगे। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने राज्य के सभी जिला पदाधिकारी सह जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष और स्वास्थ्य विभाग के सभी क्षेत्रीय अपर निदेशक को इस सम्बन्ध में पत्र जारी जरूरी निर्देश दिया है। पत्र के अनुसार, आयुष्मान आरोग्य शिविर में आरोग्यम यानी संपूर्ण स्वास्थ्य के मद्देनजर कुल आठ प्रकार के स्वास्थ्य जांच व उपचार किए जाएंगे। इसमें निःशुल्क दवा से लेकर आरोग्य सभा, योग, टेली कंसलटेशन सेवाएं, आभा—आईडी, मधुमेय स्क्रीनिंग खोज, उच्च रक्तचाप जांच और आरोग्य सेवाएं शामिल हैं। आयुष्मान आरोग्य शिविर पर होने वाले सभी स्वास्थ्य जांच या उपचार से संबंधित प्रतिवेदन उसी दिन आयुष्मान भवः पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी है। कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने आरोग्य शिविर की सफलता के लिए व्यापक प्रचार—प्रसार भी कराने का भी निर्देश दिया है। ताकि आम जरूरतमंद लोग इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें।

## किसानों को एफिकॉन से रस चूसने वाले कीटों पर काबू पाने में मदद मिलेगी




नई सोच एक्सप्रेस

**बेगूसराय।** छेदकर रस चूसने वाले कीट भारत में कृषि फसलों के लिए बड़ा संकट पैदा करते हैं, जिससे उत्पादकता और फसलोपज में 35 से 40 प्रतिशत तक भारी नुकसान पहुँचता है। अब भारतीय किसान लॉन्च किए गए बीएएसएफ के नए कीटनाशक एफिकॉन, की सहायता से इस मुश्किल भरी चुनौती पर काबू पा सकते हैं। एफिकॉन एक विशेष फॉर्मूलेशन में बीएएसएफ के नए एक्टिव इंग्रीडिएंट एक्सालियॉन की शक्ति से लैस है। अनूठी क्रियाविधि रखने वाला एफिकॉन कीटनाशक नए आईआरएसी समूह 36 के तहत बाजार में पेश किए गए उन पहले कंपाउंड्स में से एक है, जो पूरी तरह से कीटनाशकों की एक नई श्रेणी (समूह 36-पायरिडाजाइन) का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका बाजार में मौजूदा उत्पादों के साथ कोई ज्ञात क्रॉस-रेजिस्टेंस नहीं है जिससे, यह एक श्रेष्ठतर कीटनाशक प्रतिरोध प्रबंधन का साधन बन जाता है। पहली बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया में एफिकॉन कीटनाशक लॉन्च किया गया था। भारत दुनिया के उन कुछ देशों में से एक है जहाँ इतनी जल्दी यह नई केमिस्ट्री उपलब्ध होने जा रही है जिससे किसानों को मुश्किल चुनौती पेश करने वाले रस चूसने वाले कीटों पर काबू पाने में मदद मिलेगी। एशिया पैसिफिक स्ट्रेटजी के अनुरूप, बीएएसएफ खास तौर से स्थानीय बाजार की जरूरतों के लिए समाधान विकसित कर रहा है। बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस, एशिया पैसिफिक की सीनियर वाईस प्रेसिडेन्ट सिमोन बर्ग ने कहा "बीएएसएफ में, हम जो कुछ भी करते हैं वह कृषिकार्य के प्रति लगाव के चलते करते है।

## टीकेएम ने इनोवा क्रिस्टा जीएक्स प्लस पेश किया

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने इनोवा क्रिस्टा लाइनअप में नए ग्रेड, जीएक्स प्लस की शुरुआत की घोषणा की। ग्राहक केंद्रितता पर कंपनी के फोकस से प्रेरित होकर, नया ग्रेड उन्नत सुविधाओं का दावा करता है और इस प्रकार ग्राहक की प्राथमिकताओं के अनुरूप उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए टीकेएम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इनोवा क्रिस्टा लाइन-अप को पुनर्जीवित करते हुए, नई पेश की गई इनोवा क्रिस्टा जीएक्स प्लस ग्रेड 14 अतिरिक्त सुविधाओं से भरी हुई है, जो सामंजस्यपूर्ण रूप से कार्यात्मक और सौंदर्य संवर्द्धन का मिश्रण है और ड्राइविंग के समग्र अनुभव को बढ़ाती है। इनोवा क्रिस्टा जीएक्स प्लस की मुख्य विशेषताओं में रियर कैमरा, ऑटो-फोल्ड मिरर, डीवीआर जैसी कार्यात्मक विशेषताएं शामिल हैं, साथ ही डायमंड-कट अलॉय, वुडन पैनल और प्रीमियम फैब्रिक सीट जैसी सौंदर्य वृद्धि भी शामिल है। 7 और 8-सीटर विकल्पों में पेश किया गया, जीएक्स प्लस ग्रेड पांच रोमांचक रंगों में उपलब्ध है। टीकेएम के बिक्री-सेवा-उपयोगी कार व्यवसाय के वाइस प्रेसिडेंट सबरी मनोहर ने कहा, "2005 में अपने लॉन्च के बाद से ही इनोवा ब्रांड ने उद्योग के मानक स्थापित करके इस क्षेत्र में अग्रणी होने की अडिग प्रतिष्ठा अर्जित की है। गुणवत्ता और भरोसे का पर्याय, इनोवा ने भारतीयों की कई पीढ़ियों की विविध गतिशीलता आवश्यकताओं को पूरा किया है और उसी आकांक्षात्मक मूल्य को बनाए रखना जारी रखा है।

## सियासी खुदकुशी होगी

आरक्षण एक बार फिर चुनाव मैदान में है। अंतर केवल इतना है कि अबकी इसे लालू प्रसाद ने नहीं, कांग्रेस ने लाया है। इसके नेता राहुल गांधी अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को आरक्षण मिटाने वाला गैंग कह रहे हैं। इससे भाजपा आत्मरक्षात्मक मुद्रा में आ गई है। उसे 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में मिली चोट ताजा हो गई है। तब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने चुनाव-बीच आरक्षण की समीक्षा की बात कर चौंका दिया था। यद्यपि संविधान में इसका जिक्र है कि 15 साल बाद इसकी समीक्षा की जाएगी और उस आधार पर हटाया भी जा सकता है, लेकिन संसद सर्वसम्मत से इसे आगे बढ़ाती रही है। यह मान लिया गया है कि भारतीय समाज इस उन्नत दशा में नहीं पहुंचा है कि आरक्षण की समीक्षा की जाए। इसे ध्यान में रखकर ही भागवत के बयान पर सफाई दी गई और दिलाई भी गई। पर राजद नेता लालू प्रसाद ने बड़ी कुशलता से मतदाताओं का रुख बदल दिया था। भाजपा बिहार में कमांडर होते-होते रह गई थी। इस बार भी कांग्रेस के प्रचार से ऐसे परिणाम के आसार नजर आ रहे हैं। जब 2024 के चुनाव में, नरेन्द्र मोदी की भाजपा ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया तो विपक्ष ने, इतनी सीटों को संविधान बदलने, लोकतंत्र नष्ट करने के उसकी 'हवस' से जोड़ दिया। इसमें भाजपा के कुछेक अदूरदर्शी नेताओं के बयान-भाषणों ने भी कांग्रेस का साथ दिया। आरक्षण पर आरएसएस का शुरू से ही एक रिजर्वेशन रहा है। इसलिए जब भी ऐसी चर्चा होती है, संघ के स्थापना काल का नजरिया सामने आ जाता है। भागवत इससे इनकार करते हैं। यह सच है कि मोदी का मौजूदा मंत्रिमंडल आरक्षण के व्यवहारतः निर्वाह का सुंदर प्रमाण है। यह स्वतंत्र भारत का ऐसा पहला मंत्रिमंडल है। खुद मोदी ओबीसी हैं। फिर भारतीय राजनीतिक चेतना के मौजूदा स्तर को देखते हुए संविधान, चुनाव या लोकतंत्र तथा आरक्षण को खारिज करने की किसी दल की हिमाकत, उसकी सियासी खुदकुशी होगी। इसके लिए कौन दल तैयार होगा? आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र सब रहेगा। यह बिल्कुल प्रचार के लिए प्रचार की बात है। इसमें वह कांग्रेस अपरहैंड है। भाजपा सफाई तो दे रही है पर इसका प्रतिकारी विमर्श कम बना रही है।

# उत्तर प्रदेश में ममता के सियासी सारथी बने अखिलेश



आरती कुमारी

देश का आम चुनाव जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जनविश्वास की चुनौती का बड़ा सवाल है। वहीं दूसरी तरफ विखरे विपक्ष की सियासी एकता की अग्निपरीक्षा भी है। आम चुनाव को लेकर देश में शोर की राजनीति है। जनपक्ष से जुड़े जमीनी मुद्दे गायब हैं सिर्फ जुबानी जंग की लड़ाई है। आधुनिक भारत में विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम में हम चाँद और सूरज को नाप रहे हैं जबकि राजनीति में हमारी सोच आरक्षण, दलित, सम्प्रदाय, जाति, अगड़ा -पिछड़ा, हिन्दू -मुस्लिम से आगे नहीं निकल पा रही। यह आधुनिक भारत और युवापीढ़ी के लिए शर्म की बात है। फिलहाल राजनीति भी प्रयोगवाद का विज्ञान है लिहाजा प्रयोग लाजमी है। चलिए हम उसी सियासी प्रयोगवाद के अध्ययन की तरफ ले चलते हैं। उत्तर प्रदेश राजनीतिक लिहाज से बड़ा प्रयोग क्षेत्र है। 'भाजपा का नारा अबकी बार 400 पार' की असली जमीन उत्तर प्रदेश ही है। इस बार पश्चिम बंगाल की कुशल राजनीतिज्ञ खिलाडी ममता बनर्जी इण्डिया गठबंधन के रास्ते नया प्रयोग करना चाहती हैं। वह भदोही लोकसभा सीट के जरिए उत्तर प्रदेश की राजनीति में घुसपैठ करना चाहती हैं। उनकी इस सोच को जमीन देने का काम किया है समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने। उन्होंने अपनी सियासी दोस्ती में भदोही जैसी अहम सीट तृणमूल की झोली में डाल दिया है। ममता दीदी इस प्रयोग में कितनी सफल होंगी यह वक्त बताएगा। ममता बनर्जी इस प्रयोगवाद के जरिए भाषाई राजनीति से अलग हटकर उत्तर भारत के सबसे बड़े हिंदी भाषी क्षेत्र में अपनी उपस्थित दर्ज करना चाहती हैं। अगर इण्डिया गठबंधन के जरिए यह प्रयोग सफल रहा तो वह इसी रास्ते हिंदी भूभाग पर राजनैतिक विस्तारवाद की फसल उगाएंगी। उनके इस सफर के सबसे अहम साथी यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव होंगे। मोदी बनाम विपक्ष की इस सियासी दोस्ती में दीदी को अखलेश यादव जैसा एक मजबूत सियासी दोस्त मिला है। दीदी के लिए उन्होंने बड़ा दिल दिखाया है। सपा यूपी में 63 जबकि कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। ममता और अखिलेश यादव के बीच हुए इस समझौते में मीडिया में यह बात भी आयी थीं कि अखिलेश यादव पश्चिम बंगाल में समाजवादी पार्टी के उपाध्याय किरणमय नंदा के लिए दक्षिण कोलकाता की सीट चाहते थे। क्योंकि यहाँ पूर्वांचल के आजमगढ़, गाजीपुर और चंदौली जिले के मतदाता काफी संख्या में रहते हैं। जिससे सपा वहां अपनी पैठ जमा सकती है। अब यह समझौता हुआ या नहीं कहना मुश्किल है। किरणमय नंदा 35 साल तक विधायक रहे। वह वाममोर्चा सरकार में 30 साल तक मंत्री रहे। वे समाजवादी विचारधारा के पोषक रहे जिसकी वजह से वे मुलायम सिंह यादव के करीब आए और परिवार में सियासी उठापटक के दौरान वे अखिलेश यादव के साथ मजबूती से खड़े रहे। जिसकी वजह से वह अखिलेश यादव के करीबी बन गए। नंदा की वजह से ही समजवादी पार्टी का अधिवेशन कोलकाता में हुआ था। बंगाल में वह समाजवादी पार्टी को खड़ा करना चाहते हैं। फिरहाल अखिलेश यादव ने ममता दीदी के लिए बड़ा दिल दिखाया और उन्हें भदोही सीट मिल गई है। हालांकि अखलेश यादव के इस फैसले से पार्टी के बड़े नेता आंतरिक तौर पर खुश नहीं होंगे। लेकिन भदोही के समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद जमाल बेग बातचीत के दौरान इस बात से इनकार किया था। फिलहाल बीमारी की वजह से वे अस्पताल में हैं। यहाँ से ममता ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे पंडित कमलापति के प्रपौत्र ललितेश पति त्रिपाठी को चुनावी मैदान में उतारा है। ललितेशपति का परिवार खानदानी तौर पर कांग्रेस कल्चर से रहा है। ललितेश भी कभी गाँधी परिवार के बेहद करीबी माने जाते रहे। वे कांग्रेस से मिर्जापुर की मडिहान विधानसभा से 2012 में विधायक चुने गए। मिर्जापुर उनके परिवार की सियासी कर्मस्थली रही है। उनके दादा लोकपति त्रिपाठी का यह कर्म क्षेत्र रहा है। ललितेश



कभी प्रियंका गाँधी के बेहद खास रहे। लेकिन राजनीति में सबकुछ चलता है। किसी बात से नाराज होकर 2021 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल की शरण में चले गए। अब ममता ने उन्हें भदोही से उम्मीदवार बनाया है। पश्चिम बंगाल में इण्डिया गठबंधन का कोई मतलब नहीं है वहां कांग्रेस और ममता एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। ममता दीदी भदोही में ललितेश को चुनावी मैदान में उतार कर सोची समझी रणनीति का परिचय दिया है। उन्होंने कांग्रेस को जहाँ जमीन दिखाई है वहीं एक ब्राह्मण चेहरा उतार कर एक नई सियासत का आगाज किया है। ललितेश कभी कांग्रेस के वफादार सिपाही थे। उनका पूरा खानदान कांग्रेस कल्चर का है लेकिन कांग्रेस से जब ठुकराए गए तो दीदी ने गले लगाया। ममता का दांव कांग्रेस के लिए एक सबक भी है। दूसरी बात ललितेश एक ब्राह्मण चेहरा हैं। ममता भी ब्राह्मण हैं। भदोही में ब्राह्मण वोटर सबसे अधिक हैं। 2014 के बाद ब्राह्मण भाजपा की झोली में चला गया है। जबकि पश्चिम बंगाल में भाजपा यानी मोदी और ममता की सियासी दुश्मनी जगजाहिर है। इसलिए उन्होंने पूर्वांचल के सियासी दिग्गज परिवार के युवा उमीदवार को उतार कर भजपा के वोट में सेंधमार अपना सियासी दाँव को सफल करना चाहती हैं। क्योंकि भदोही प्रधानमंत्री मोदी की वाराणसी संसदीय सीट की पड़ोसी सीट है। ममता का चुनावी दाँव अगर सफल हो जाता है तो यह मोदी के लिए भी चुनौती होगी। दूसरी तरफ भदोही समाजवादी और भजपा की टककर वाली सीट है। यहाँ ब्राह्मण, बिंद के बाद मुस्लिम और यादव अच्छी तादात में हैं। भाजपा बंगाल में ममता पर हिन्दु विरोधी होने का आरोप लगाती है। उन्हें बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों और मुस्लिमों का सबसे बड़ा हितचिंतक बताती है। जिसका लाभ ममता को भदोही में मिलेगा। क्योंकि एमवाई यानी मुस्लिम और यादव अखिलेश यादव का बेहद करीबी है। ममता और अखिलेश यादव के राजनीतिक विचारधारा में समानता है जिसका लाभ तृणमूल को मिलेगा। भदोही का ब्राह्मण अगर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को किनारे कर ब्रह्मणवाद के लिए शंख बजा दिया तो यहाँ ममता और अखलेश यादव की सियासी दोस्ती गुल खिला सकती है। ममता दीदी को भदोही के रास्ते उत्तर प्रदेश की राजनीति में पाँव फैलाने का अच्छा खासा मार्ग मिल जाएगा। फिलहाल मोदी बनाम विपक्ष की इस लड़ाई में ममता की सियासी गुगली कितनी सफल होती है या समय बताएगा। लेकिन दीदी और अखिलेश की दोस्ती एवं सियासी समझौते को हल्के में लेना भाजपा की बड़ी भूल होगी।

# पहाड़ का विनाश करती वनों की आग! कौन है जिम्मेदार ?

मनोज कुमार अग्रवाल

इस बार भी गर्मी बढने के साथ ही पहाड़ के वन क्षेत्र से आग की घटनाएं सामने आ रही है। यह कोई नया नहीं है हर साल पहाड़ पर आग की घटनाएं लगातार घटने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है ऐसी स्थिति में सबसे पहले उन कारणों पर गौर करना जरूरी है जिनके कारण जंगल जल रहे हैं। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों मे इन दिनों जंगल आग की चपेट में हैं। इस फायर सीजन में जंगल की आग की 886 घटनाएं हो चुकी हैं। जिसकी चपेट में आकर अब तक पांच की मौत और पांच लोग घायल हो चुके हैं। वहीं, 1107 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है।उत्तरकाशी जिले की बाड़ाहाट रेंज से लेकर धरासू रेंज के जंगल अधिक जल रहे हैं। उत्तराखंड में जंगल की आग भयावह हो गई है। शुष्क मौसम के चलते तेजी से फैल रही आग काल बन रही है। लगातार बढ़ रही आग की घटनाओं में बीते रोज तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। जबकि, एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। शुक्रवार को 24 घंटे के भीतर प्रदेश में आग की 64 नई घटनाएं हुईं, जिनमें कुल 75 हेक्टेयर वन क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा है।विभाग के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो अब तक 19.55 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल गए हैं। जहां धुएं से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं आग बुझाने में वन विभाग नाकारा साबित हो रहा है।आग का एक बड़ा कारण स्थानीय ग्रामीण लोगों की नादानी है वह सूखी पत्तियों के सफाए के लिए आग जलाने की गलती करते हैं यही आग बढ़ कर भारी क्षति का कारण बनती है। उत्तराखंड में जंगलों के झुलसने का सिलसिला जारी है। वन विभाग सेना के सहयोग से लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। शरारती तत्व भी वन विभाग की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। अब तक इस सीजन में जंगल में आग लगाने पर वन संरक्षण अधिनियम और वन अपराध के तहत 350 मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। जिनमें 290 मुकदमे अज्ञात और 60 मुकदमे ज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध कराए गए हैं।साथ ही अब तक कुल 58 व्यक्तियों को जंगल में आग लगाने पर गिरफ्तार किया जा चुका है। वन विभाग की ओर से मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। गर्मी चरम पर है एक ओर देश के कई हिस्सों में तापमान 44 वर्ष के रिकॉर्ड तोड़ चुका है और 'आसमान से अग्निवर्षा अभी जारी है। वहीं, उत्तराखंड में भी पारा तीस से पार पहुंच गया है ऐसे में जंगल जलने लगे हैं। देखते ही देखते दावानल ने विकराल रूप धारण कर लिया है और अब जंगलों की इस आग को बुझाने के लिए सेना की मदद ली जा रही है। संभवतः यह कदम भी इसलिए उठाना पड़ रहा है क्योंकि नैनीताल में दावानल रिहायशी क्षेत्रों तक आ पहुंची है, पिछले शुक्रवार-शनिवार को नैनीताल की हाईकोर्ट कॉलोनी के घरों तक इसकी लपटें पहुंच गई। जंगलों में इस तरह की आग न पहली बार है और न ही आखिरी बार। हर साल लाखों पेड़ इसी तरह अग्नि की भेंट चढ़ जाते हैं। इससे निपटने के लिए सरकार क्या कर रही है? हर बार की तरह लकीर पीटी जा रही है। आग लगने से पहले बचाव कदम उठाने के बड़े-बड़े दावे कागजों पर किए जाते हैं, फिर जब आग लग जाती है तो पूरा अमला उसे बुझाने में जुटता है। हर बार की यही कहानी। हर बार मीडिया में किसी कोने में छोटी-मोटी खबरों में दब जाने वाली जंगलों की आग का असर कितना है, पहले यह समझते हैं।एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में जंगलों पर नजर रखने वाले ग्लोबल फ़ॉरेस्ट वॉच डेटा से पता चलता है कि भारत में 2000 के बाद से 23.3 लाख हेक्टेयर वृक्ष क्षेत्र नष्ट हो गया। इसके पीछे प्राकृतिक गड़बड़ी और मानव-प्रेरित दोनों कारकों को कारण माना गया है। कुल वृक्ष आवरण की बात करें तो पिछले 23 वर्ष में देश के वृक्ष आवरण में 6 प्रतिशत की कमी आ गई है। आपको बता दें कि साल 1980 में वन संरक्षण अधिनियम बनने के बाद से अब तक देशभर में लगभग 10 लाख 26 हजार हेक्टेयर वन भूमि का गैर वनीय उपयोग के लिए डायवर्जन हुआ है। यह क्षेत्र कितना बड़ा है, इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि यह भूमि दिल्ली के क्षेत्रफल से लगभग 7 गुना अधिक है। उदारीकरण से ठीक पहले साल 1990 में सर्वाधिक 1 लाख 27 हजार से अधिक वन भूमि का डायवर्जन हुआ है। दूसरा सबसे बड़ा डायवर्जन साल 2000 में हुआ। इस साल 1 लाख 16 हजार से अधिक वन भूमि गैर वनीय उपयोग के लिए डायवर्ट की गई। सबसे अधिक डायवर्जन सड़कें बनाने और खनन के लिए किया जाता है। इसके अलावा ट्रांसमिशन लाइनों, सिंचाई परियोजनाओं, रक्षा परियोजनाओं, रेलवे, नहरों, वनग्रामों के कन्वर्जन, उद्योग, पाइपलाइन आदि के लिए भी बड़े पैमाने पर वनभूमि का डायवर्जन हुआ है। साल दर साल ऐसी घटनाएं होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि कोई भी सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है । ताजा घटनाओं को ही ले लीजिए। वन जल रहा है 24 घंटे में वन में आग लगने की 31 घटनाएं हुई, 4 हैक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। लेकिन इतनी व्यापक वजूद आर्थिक क्षति मात्र 39,440 रुपये की बताई जा रही है। जब क्षति का आकलन इतना कम करके आंका जाएगा तो जंगल जलने से कैसे बचाया जाएगा। नेपाल सीमा पर स्थित जंगलों में लगी आग से जहां वन संपदा नष्ट हो रही है वहीं आग की चपेट में आकर वन्य जीव संकट में आ चुके हैं। आग से बचने के लिए वन्य जीव गांवो की तरफ आ रहे हैं उनके शिकार के लिए गुलदार दिनदहाड़े गांव में पहुंच रहे हैं। गेठीगड़ा के भेलानी गांव में दिन में ही आंगन में ही गुलदार पहुंच गया। सरकार की एजेंसिया ही सरकार को गलत रिपोर्टिंग कर गुमराह कर रही है और कागज पर आग लगा बुझा कर अपनी पीठ थपथपा रहीं हैं और सरकारी फंड को उदरस्थ कर रहीं हैं। जंगल जलने के दो सबसे बड़े कारण हैं पहला चीड़ के जाने वाला गोंद लीसा (रेजिन)। यह चीड़ के पेड़ में भारी मात्रा है, इसी से तारपीन का तेल निकलता है जो अत्यंत ज्वलनशील इस कारण गर्मी में हल्की-सी रगड़ से ही ये दहक उठते हैं। दूसरा है भेड़-बकरी पालने वाले चरवाहों की लापरवाही। इनको पशुओं के लिए ताजी घास की जरूरत होती है, इसलिए ये आग लगा देते हैं ताकि सूखे पत्ते जलें और बारिश आते ही नया घास उग आए। चीड़ से निकला रेजिन सरकार को भारी राजस्व दिलाता है, फिर भी हर साल जंगल जलते हैं। सरकार को राजस्व हानि तो होती ही है, किन्तु सबसे बड़ा नुकसान है पर्यावरण को। यदि जंगल इसी तरह जलते रहे तो कुछ ही दशकों में गर्मी असहनीय हो जाएगी। इसलिए सरकार को इन जंगलों को इस तरह स्वाह होने से बचाने के लिए हरसंभव कदम उठाने चाहिए। लोगों को जागरुक करने से लेकर आग फैलने से रोकने वाले अत्याधिक यंत्रों तक, किसी भी मामले में सरकार की ओर से की गई कंजूसी भविष्य में बहुत महंगी पड़ेगी। चिंताजनक यह है कि अभी कोई इस दिशा में गंभीरता से योजना नहीं बनायी गयी है । एक ओर ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनिया गर्मी से धधक रही है और वन संपदा की जरूरत पर जोर दिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर वन सम्पदा जलकर राख हो रही है और इस स तपिश और प्रदूषण और अधिक बढ़ रहा है। हमें वन की आग की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि आक्सीजन का अपार उत्सर्जन के स्रोत हमारे जीवन को मंगलमय बनाने का साधन बने रहें।हिमालय से बह रही शीतल प्राकृतिक हवाएं सिर्फ निकटस्थ क्षेत्र को ही नहीं वरन सुदूर देश की आन्तरिक जलवायु को प्रभावित करती है इस का कोई विकल्प विश्व के सबसे सम्पन्न देशों जैसी हजार सरकारें भी मिलकर तैयार नहीं कर सकती है ये पहाड़ ये वन ये झरने प्राकृतिक धरोहर है इन्हें संरक्षित कर अक्षुण्ण बनाए रखना मानवीय कर्तव्य है।




**मेष राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कोई शुभ समाचार मिलेगा जिसकी खुशी आप अपने दोस्तों के साथ शेयर करेंगे। थोड़ी सी मेहनत करने से आप अपने कामों में सफलता जल्दी हासिल करेंगे। दोस्त लोग आज आपको सरप्राइज पार्टी देंगे जिससे मस्ती का माहौल बनेगा। शुगर की समस्या से आज काफी हद तक आराम मिलेगा। आज आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा ।

**वृष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाने का अवसर मिलेगा। जिसमें शामिल होकर आप बेहतर फील करेंगे। पिता जी आपके बिजनेस में आपकी हेल्प करेंगे, जिससे अधिक लाभ होगा। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी, नई डिशेज बनाएंगी जिनका आनन्द आपका पूरा परिवार उठाएगा। किसी नए काम की तरफ मन अट्रैक्ट होगा, उसकी शुरुआत करेंगे और लाभ कमाएंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज किसी नए व्यापार को शुरू करने से पहले उसके बारे में गंभीरता से जान लेना जरुरी है, किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते हैं जिससे अधिक लाभ होगा। आज किसी दोस्त की हेल्प से आपको कोई अच्छी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। हेल्थ से रिलेटेड प्रॉब्लम के लिए

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल अच्छा रहेगा। आपकी बेटी का सेलेक्शन आज सरकारी जॉब में होगा। जीवन में सफल होने के लिए आपको कठिन मेहनत करनी होगी। अपने बच्चों के साथ घर पर रह कर अच्छा समय गुजारेंगे। आपको घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

**सिंह राशिः** आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे, जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इस राशि के जो लोग प्लास्टिक का कारोबार कर रहे हैं उन व्यापारियों का काम अच्छा चलेगा, ज्यादा प्रॉफिट होगा। नवविवाहितो को आज कोई खुशखबरी मिलने वाली है। इस खबर को सुनकर घर में सभी का मन खुश हो जायेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिलेगा, जिसको आप किसी जरूरी काम में लगाएंगे। प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता हैं, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आपके फैसले में आपके भाईयों का सहयोग मिलेगा, जिससे लोगों में आपकी छवि अच्छी बनेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला राशिः** आज आपका दिन मंगलकारी रहने वाला है। आज ऑफिस में स्टाफ के साथ अच्छा व्यवहार बना कर रखें जिससे कार्यों में आपको उनका सहयोग मिलेगा। आज घर में नन्हे मेहमान के आने से खुशी का माहौल रहेगा। ऑफिस में जो लोग आपके विरोधी है, वो भी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे। अधूरे कामों को पूरा करने में आज आप सक्षम रहेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों की पदोन्नति के योग बन रहें है, सैलरी बढ़ेगी। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से मिलेंगे, जिससे कुछ राहत मिलेगी। अपनी सही बात के लिए आपके परिवार वालों का फुल सपोर्ट मिलेगा। जॉब की तलाश खत्म होगी, किसी दोस्त की मदद से जॉब मिल जाएगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा, आप चीजों को बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, टेक्निकल क्षेत्र में कुछ नया अनुभव मिलेगा। आपको अपने खान पान पर ध्यान देने की जरुरत है, जिससे स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। किसी कंपनी के शेयर खरीदने के लिए आप किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है। कोई पुरानी बात आपको पता चल सकती, जिसको लेकर आप सरप्राइस होंगे। आप कोई कीमती सामान खरीदेंगे, आपको अच्छा ऑफर भी मिल सकता है। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे, कोई बढ़िया डील फाइनल करेंगे। किसी प्रोजेक्ट में उलझे विद्यार्थी आज अपने डाउट क्लियर करेंगे। आज थोड़ा समय निकाल कर अपने परिवार वालों के साथ बातचीत करें, जिससे आपकी समस्याओं का समाधान मिलेगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका व्यवहार विनम्र बना रहेगा, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज कोई भी कारोबार शुरू करने से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह ले जिससे आपको उसके बारे में फुल इनफार्मेशन पता हो जाएगी, उसी के एकार्डिंग आप अपनी योजनाओ को बनायेंगे। आज परिवार वालों के साथ मिलकर किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने दिनचर्या में पॉजिटिव बदलाव लाएंगे।

# क्या मालदीव और भारत में फिर हो सकती है दोस्ती ?

अशोक भाटिया

भारत के साथ तनाव के चलते मालदीव जाने वाले पर्यटकों में लगातार कमी आई है । इसका असर द्वीपसमूह देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है । इसे देखते हुए मालदीव के प्रधानमंत्री ने सोमवार को भारतीयों से उसकी इकनोमी में योगदान देने की अपील की है । पी टी आई को दिए एक इंटरव्यू में इब्राहीम फैजल ने अपने देश और भारत के बीच एतिहासिक संबंधो पर जोर दिया है । उन्होंने कहा ' हमारा इतिहास रहा है । हमारी नई सरकार भारत के साथ मिल कर काम करना चाहती है । हमने हमेशा शांति और मैत्रीपूर्ण माहौल को बढ़ावा दिया है । यहाँ के लोग और सरकार भारतीयों के आगमन को गर्मजोशी से स्वागत करेंगे । गौरतलब है की भारत-मालदीव के बीच का संबंध राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू की नई सरकार के सत्ता संभालने के समय से उथल-पुथल भरे हालात का सामना कर रहा है। भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर मालदीव के जूनियर मंत्रियों की विवादित और अपमानजनक टिप्पणियां, इसके जवाब में भारत में सोशल मीडिया पर 'बायकॉट मालदीव' कैंपेन का ट्रेंड होना, राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू की तरफ से परोक्ष रूप से ये फटकार लगाना कि 'मालदीव एक छोटा द्वीपीय देश हो सकता है लेकिन वो किसी को इस बात की इजाज़त नहीं देता कि मालदीव पर धौंस जमाए'- इन सभी बातों ने दिखाया कि कैसे एक समय का मज़बूत द्विपक्षीय संबंध तेज़ी से सार्वजनिक तौर पर कूटनीतिक हार में बदल सकता है। भारत अपने पड़ोस के कई देशों में चुनावी अभियानों के निशाने पर रहा है जो आख़िर में ख़त्म हो गया। अंतरराष्ट्रीय संबंधों और विदेश नीति का परिदृश्य निर्णायक रूप से बदल रहा है। छोटे देशों के सामने भागीदारी के लिए कई नए विकल्प और अवसर पेश हो रहे हैं जिन पर अब ऐतिहासिक संबंधों और भौगोलिक नज़दीकी का दबदबा नहीं है। इसके नतीजतन विदेश नीति में यू-टर्न और झुकाव भविष्य में अपवाद की तुलना में कसौटी बनने जा रहा है। हालांकि दुनिया भर में संबंधों और गठबंधनों में अस्थिरता के बावजूद द्विपक्षीय समीकरणों के कुछ पहलू, विशेष रूप से भारत और मालदीव जैसे पुराने साझेदारों के बीच, नीति में निरंतरता दिखाएंगे। चुनाव अभियान के दौरान की बयानबाज़ी, जो उत्साही और कभी-कभी तीखी भी होती है, सरकार के सत्ता संभालने और कामकाज शुरू करने के साथ संयमित दृष्टिकोण में बदल जाती है। ये चुनावी राजनीति है। भारत अपने पड़ोस के कई देशों में चुनावी अभियानों के निशाने पर रहा है जो आख़िर में ख़त्म हो गया। जैसे ही चुनाव पीछे छूटता है, वैसे ही गवर्नेंस का काम महत्वपूर्ण हो जाता है और फिर भारत के पड़ोसी अपनी राजनीतिक अर्थव्यवस्था में भारत के द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका को पहचानते हैं। इसके साथ-साथ वो अपने पास मौजूद विकल्पों को भी पहचानते हैं और फिर वो विकल्पों को तौलना और अपना दांव लगाना शुरू करते हैं। मालदीव में राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू की नई सरकार बिल्कुल यही करने की प्रक्रिया में है। जैसे-जैसे मुइज़्ज़ू सरकार भारत पर मालदीव की निर्भरता कम करने के लिए संभावित विकल्पों की तलाश कर रही है । जैसे कि तुर्किए से ड्रोन की ख़रीदारी के लिए समझौता, संयुक्त अरब अमीरात और थाईलैंड के अस्पतालों को कवर करने वाला स्वास्थ्य बीमा, वैसे-वैसे मालदीव भारत के साथ संबंधों को फिर से सामान्य बनाने के लिए भी कदम उठा रहा है। मुश्किल हालात में कुछ अच्छी बातें भी हैं जो भविष्य में दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के बीच नज़दीकी भागीदारी और सहयोग के लिए संभावना को उजागर करती हैं। पिछले साल नवंबर में कार्यभार संभालने के बाद मीडिया के साथ अपने पहले इंटरव्यू में राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने बयान दिया था कि भारत मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी बना रहेगा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इसको लेकर कोई सवाल नहीं है। मुइज़्ज़ू ने कहा कि 'विवाद होने की इकलौती वजह मालदीव में भारतीय सेना की मौजूदगी थी।' उन्होंने ये भी जोड़ा कि 'भारत ने भी इस बात को स्वीकार किया है और सैन्य कर्मियों को वापस लेने पर सहमत हो गया है।' लगता है कि अपने पहले के कड़े रुख के विपरीत मुइज़्ज़ू ने एक समाधान वाला सुर अपना लिया है जब उन्होंने ये कहा "चर्चा और बातचीत के ज़रिए सब कुछ हासिल किया जा सकता है। मेरा तो यही मानना है। राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू की टिप्पणी को ध्यान में रखते हुए उच्च-स्तरीय कोर ग्रुप की तीसरी बैठक को भारत और मालदीव के बीच संबंधों में सुधार की तरफ एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। ये बैठक 17 मार्च 2024 को माले में हुई। वैसे तो दोनों देशों की सरकारों ने भारतीय सैन्य कर्मियों की पहले तैनाती और मौजूदा वापसी को अलग-अलग नज़रियों से देखा लेकिन अब ये मुद्दा विवाद का विषय नहीं रह गया है।दोनों देशों की सरकारों ने भारतीय सैन्य कर्मियों की पहले तैनाती और मौजूदा वापसी को अलग-अलग नज़रियों से देखा लेकिन अब ये मुद्दा विवाद का विषय नहीं रह गया है। एविएशन प्लैटफॉर्म पर तैनात भारतीय कर्मियों की वापसी मुइज़्ज़ू के चुनाव अभियान का एक प्रमुख वादा था। राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने एक इंटरव्यू में बयान दिया कि एक समाधान तक पहुंचा जा चुका है। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि "सबसे महत्वपूर्ण बात सेना का नहीं होना है। दूसरा सर्वश्रेष्ठ विकल्प है कि मालदीव के लोग उनका संचालन करें। इन दोनों विकल्पों के बीच समझौते के रूप में एक समाधान पर हम पहुंच गए हैं। तीसरी मीटिंग के बाद मालदीव के विदेश मंत्रालय ने ये बयान जारी किया कि "दोनों पक्षों ने मालदीव में एविएशन प्लैटफॉर्म पर सैन्य कर्मियों को असैनिक कर्मचारियों से बदलने की दिशा में प्रगति पर गौर किया।" महत्वपूर्ण बात ये है कि ऐसी ख़बरें आईं कि उच्च-स्तरीय कोर ग्रुप की तीसरी बैठक में भारत और मालदीव ने कई दूसरे मुद्दों पर भी चर्चा की। इनमें मौजूदा विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेज़ी, नियमित रूप से साझा निगरानी की व्यवस्था, द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने की कोशिशें और क्षमता निर्माण एवं यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच आपसी संपर्क में बढ़ोतरी शामिल हैं। ये दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग में व्यापक विस्तार को उजागर करता है। भारत-मालदीव-श्रीलंका के बीच त्रिपक्षीय 'दोस्ती 16' कोस्ट गार्ड अभ्यास, जो कि मार्च 2024 में हुआ और जिसकी मेज़बानी मालदीव ने की, एक और संकेत है कि नई सरकार मतभेदों को अलग रखने के लिए उत्सुक है और द्विपक्षीय रिश्तों को आगे ले जाना चाहती है। दोस्ती 16 के अतिरिक्त मालदीव भारत के द्विवार्षिक मिलन नौसेना अभ्यास में भी शामिल हुआ जो 19-27 फरवरी 2024 के बीच विशाखापट्टनम में आयोजित हुआ। 2023 के आख़िर में मॉरीशस में आयोजित सालाना कोलंबो सिक्युरिटी कॉन्क्लेव से बाहर रहना, ये कहकर भारत के साथ हाइड्रोग्राफी समझौते को रद्द करना कि "मालदीव के समुद्र के बारे में सूचना पर किसी दूसरे देश का अधिकार नहीं होना चाहिए" और "ये फैसला देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए लिया गया" और शी जिनपिंग की ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव (GSI) के साथ-साथ मालदीव-चीन रक्षा समझौते का समर्थन करना- ये सभी इस बात के संकेत हैं कि मालदीव भारत से दूर हो रहा है और चीन की तरफ झुक रहा है। हालांकि मालदीव के द्वारा दोस्ती अभ्यास की मेज़बानी करना क्षेत्रीय सहयोग की भावना और साझा समुद्री सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के जारी रहने को दिखाता है। दोस्ती 16 की शुरुआत मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद ग़सन मॉमून के द्वारा की गई और उन्होंने "साझा समुद्री सुरक्षा की चिंताओं का समाधान करने के लिए मालदीव, भारत और श्रीलंका के कोस्ट गार्ड के बीच अधिक सहयोग के महत्व" पर ज़ोर दिया। वैसे तो राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू चुनाव अभियान के दौरान अपनी बयानबाज़ी की तुलना में भारत के साथ मालदीव के द्विपक्षीय संबंध सामान्य होने का संकेत दे रहे हैं लेकिन भारत पर अपने देश की निर्भरता कम करने का उनका व्यापक लक्ष्य अभी भी बना हुआ है। मुइज़्ज़ू सक्रिय रूप से विकल्पों की तलाश कर रहे हैं, ख़ास तौर पर उन क्षेत्रों में जहां मालदीव ने आम तौर पर भारत के साथ सहयोग किया था जैसे कि ज़रूरी सामानों की ख़रीद, पर्यटन, व्यापार, समुद्री सुरक्षा और स्वास्थ्य। इसका सबूत तुर्किए के साथ मौजूदा समय में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर चल रही बातचीत या पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चीन के कई शहरों से मालदीव तक डायरेक्टर फ्लाइट का विस्तार करने की संभावना को लेकर चल रही चर्चाओं से मिलता है। हालांकि विदेशी कर्ज़ के संकट को लेकर चेतावनी के साथ ऐसा लगता है कि मुइज़्ज़ू को लग रहा है कि भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाना तत्काल रूप से ज़रूरी कर्ज़ राहत उपायों के लिए फायदेमंद है। यही वजह है कि उन्होंने भारत से अपील की। वैसे तो राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू के नेतृत्व में मालदीव निरंतरता और बदलाव के बीच झूलते हुए अपनी विदेश नीति की प्राथमिकताओं को तय कर रहा है (जो अभी तक बराबर है) लेकिन भारत को अपनी तरफ इस बदले हुए सामंजस्यपूर्ण रवैये को एक अवसर के रूप में देखना चाहिए। भारत को अपने पड़ोस में दबदबे वाली बड़ी ताकत की मौजूदा नकारात्मक सोच से हटकर एक विश्वसनीय विकास के साझेदार के रूप में ख़ुद को दिखाने पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए युवा बेरोज़गारी, ईंधन की बढ़ती कीमत और कर्ज़ संकट जैसी तत्काल समस्याओं पर गौर करना चाहिए।

# सूर्यकुमार की शतकीय पारी से मुंबई ने सनराइजर्स को 7 विकेट से हराया

एजेंसी, मुंबई



सूर्यकुमार यादव की 51 गेंद में 102 रन की नाबाद पारी के अलावा चौथे विकेट के लिए तिलक वर्मा (नाबाद 37) के साथ 79 गेंद में 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। यह मुंबई के लिए चौथे विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी है। सनराइजर्स को आठ विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद मुंबई इंडियंस ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया। मुंबई की यह 12 मैचों में यह चौथी जीत है। सनराइजर्स की यह 11 मैचों में पांचवीं हार है। टीम 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है। मुंबई ने पांचवें ओवर में 31 रन पर तीसरा विकेट गंवा दिया था लेकिन सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान 12 चौके और छह छक्के लगाकर टीम को दबाव में नहीं आने दिया। तिलक ने 32 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके लगाये। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (48) के बाद मुश्किल हालात में कप्तान पैट कमिंस की 17 गेंद में 35 रन की नाबाद पारी खेली। 17वें ओवर में 136 रन पर आठवां विकेट गंवा दिया था लेकिन कमिंस ने दो चौके और दो छक्के जड़ने के साथ नौवें विकेट के लिए सनवीर सिंह (नाबाद आठ) के साथ 19 गेंद में 37 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को संघर्ष करने लायक लक्ष्य तक पहुंचाया। हेड ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। मुंबई के लिए अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला (33 रन पर तीन विकेट) और कप्तान हार्दिक पंड्या (31 रन पर तीन विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह एक बार फिर किफायती रहे तो वहीं अपने पदार्पण मैच में अंशुल कंबोज ने प्रभावित किया। लक्ष्य का बचाव करते हुए सनराइजर्स के गेंदबाजों ने शुरुआती तीन ओवर में 18 अतिरिक्त रन दिये लेकिन इस बीच दूसरे ओवर में मार्को यानसेन (45 रन पर एक विकेट) ने इशान किशन (नौ) को पवेलियन की राह दिखायी। चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये कमिंस (35 रन पर एक विकेट) ने रोहित शर्मा (चार) को विकेटकीपर हेनरिच क्लासेन के हाथों कैच कराया। अगले ओवर में भुवनेश्वर कुमार (22 रन पर एक विकेट) ने नमन धीर को आउट किया।

# टी20 विश्वकप में नजर नहीं आएंगे आईपीएल में धूम मचाने वाले नरेन

एजेंसी, मुंबई



आईपीएल 2024 सत्र में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से धूम मचाने वाले वेस्ट इंडीज के सुनील नरेन आगामी टी20 विश्वकप कप में नजर नहीं आयेंगे। नरेन से विश्वकप में खेलने के लिए इंडीज टीम के कप्तान रोवमन पॉवेल ने संन्यास से वापसी की अपील की थी पर इस क्रिकेटर ने ये कहते हुए इंकार कर दिया कि ये स्थान किसी युवा क्रिकेटर को मिलना चाहिये। नरेन ने आईपीएल में 400 से ज्यादा रन बनाए हैं जबकि14 विकेट भी लिए हैं। वह आईपीएल में सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की सूची में तीसरे नंबर पर हैं और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में छठे नंबर पर है। नरेन इस सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने अब इस टी20 लीग में 41.90 की औसत और 183.66 स्ट्राइक रेट से 461 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने 14 विकेट भी लिए हैं। अब तक केवली 5 गेंदबाज ही उनसे ज्यादा विकेट ले पाए हैं इसके बाद भी वह वेस्टइंडीज की टीम में नहीं रहेंगे। पॉवेल ने नरेन को मनाने की बहुत कोशिश की पर वह नहीं माने। पॉवेल ने कहा कि नरेन को वेस्टइंडीज की विश्व कप टीम का हिस्सा बनना चाहिये। पॉवेल ने कायरन पोलार्ड सहित कई दिग्गजों से भी अपनी बात नरेन तक पहुंचाई पर नरेन ने साफ इंकार कर दिया और कहा कि उन्होंने बहुत सोच समझकर संन्यास लिया है और अब वे इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी नहीं करेंगे। सुनील नरेन ने नवंबर 2023 में ही संन्यास का ऐलान किया है।

## आईपीएल में एक शतक और लगते ही बनेगा सबसे अधिक शतकों का रिकार्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली** : आईपीएल में इस बार जिस प्रकार से शतक लग रहे हैं। उससे साफ है कि शतकों के मामले में एक नया रिकार्ड बनेगा। आईपीएल में मुम्बई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार यादव के शतक के साथ ही इस सत्र में अब तक 12 शतक लग गये हैं। इससे पहले 2023 सत्र में इतने शतक लगे थे। वहीं एक और शतक के साथ ही आईपीएल में सबसे अधिक शतक का नया रिकॉर्ड बन जाएगा क्योंकि सत्र में अभी 19 मैच और होने हैं। सनराइजर्स के खिलाफ 102 रन की पारी खेलने के साथ ही सूर्यकुमार ने भी एक उपलब्धि हासिली की है। वह ऐसे दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस की ओर से दो शतक बनाए हैं। उनसे पहले केवल रोहित शर्मा ने यह रिकार्ड बनाया था। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 51 गेंद पर 102 रन बनाये। यह आईपीएल 2024 में 12वां मौका है, जब किसी बल्लेबाज ने शतकीय पारी खेली है। सूर्यकुमार ने टी20 क्रिकेट में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए चौथा शतक बनाया है। इस नंबर पर उनसे ज्यादा शतक सिर्फ ग्लेन मैक्सवेल 5 ही लगा सके हैं। डेविड मिलर 4 शतक के साथ बराबरी पर हैं। सूर्यकुमार ने शतकीय पारी के दौरान तिलक वर्मा 37 के साथ 143 रन की नाबाद साझेदारी की। यह मुंबई इंडियंस के लिए चौथे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है।

# सुनील गावस्कर ने विराट के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिए बयान का किया बचाव

एजेंसी, मुंबई





भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल में विराट कोहली के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिये अपने बयान का बचाव किया है। गावस्कर ने कहा कि कमेंटरी करने पर जो दिखता है वही हम बोलते हैं। इस सत्र में 500 से अधिक रन बनाने विराट पावर प्ले में कम स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना का केन्द्र बने थे। इसके बाद कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में 44 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी खेलकर सबका मुंह बंद कर दिया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स को को मिली जीत के बाद विराट ने स्ट्राइक रेट को लेकर अपनी आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया थी। वहीं उनके बयान से गावस्कर नाराज दिखे। गावस्कर ने कहा कि कमेंटेटर कोहली से सवाल इसलिए पूछ रहे थे क्योंकि वह 118 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे और 14-15वें ओवर में आउट हुए थे। वहीं विराट ने गुजरात के खिलाफ 70 रन बनाकर कहा था कि वो सभी लोग जो स्ट्राइक रेट और मेरे अच्छे से स्पिन नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं वो नहीं जानते कि मेरे लिए केवल टीम को जीत दिलाना ही मायने रखता है। 15 साल तक ऐसा करने की वजह है कि मैंने बहुत से मैदानों पर टीम के लिए मैच खेले और जीते भी हैं। ऐसे में मुझे नहीं लगता कि जो खुद मैदान पर नहीं होते, उन्हें कमेंटरी बॉक्स में बैठकर ऐसी बातें करनी चाहिए। वहीं इससे पहले गावस्कर ने कहा था कि यदि आप पारी शुरु करते हैं, फिर 14वें या 15वें ओवर में आउट हो जाते हैं और तब भी आपका स्ट्राइक रेट 118 रहता है तो इस स्थिति में अगर आप चाहते हैं कि तालियां मिलें तो यह थोड़ा अजीब है।

## शुभमन गुजरात टाइटंस की कप्तानी के लिए सबसे बेहतर पर उन्हें काफी सीखना होगा : मिलर

**एजेंसी, अहमदाबाद** : दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि युवा शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की कप्तानी के लिए सबसे उपयुक्त खिलाड़ी हैं पर उन्हें अभी काफी कुछ सीखना होगा। शुभमन को इस सत्र की शुरुआत में हार्दिक पंड्या के मुम्बई टीम में जाने के कारण नया कप्तान बनाया गया था। उनके लिए ये सत्र हालांकि अच्छा नहीं रहा और टीम के साथ ही शुभमन का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा। इसके बाद भी मिलर इस युवा खिलाड़ी को कप्तानी देने को सही मानने हैं। मिलर ने आरसीबी और जीटी मैच के बाद कहा कि शुभमन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जैसा कि हम सभी जानते हैं। वह अब भी युवा है लेकिन मुझे अब भी लगता है कि वह कप्तानी के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। शुभमन ने आरसीबी के खिलाफ 7 गेंदों में 2 रन बनाए जबकि मिलर ने 20 गेंदों में 30 रन बनाये। मिलर ने इसी को लेकर कहा कि शुभमन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जैसा कि हम सभी जानते हैं, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने को साबित किया है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदें तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। टीम को अपने 11वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पडा था। इस मैच में गुजरात टाइटंस गुजरात आईपीएल 2024 की अंक तालिका में 9वें स्थान पर आ चुकी है। टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहने से शुभमन पर सवाल उठ रहे हैं।

## व्यापार

# गिरावट पर खुला शेयर बाजार

**एजेंसी, नई दिल्ली** : वैश्विक बाजारों से मिले खराब संकेतों की वजह से मंगलवार को हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत के बाद शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। एचसीएलटेक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के दबाव में भारतीय शेयरों ने शुरुआती बढ़त गंवा दी। सेंसेक्स 400 अंकों की गिरावट के साथ 73,495 के स्तर पर कारोबार करता दिख रहा है। जबकि निफ्टी50 100 से अधिक अंकों की गिरावट के साथ 22,329 के स्तर पर आ गिरा। शुरुआत में सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत बढ़कर 73,954.96 पर खुला था, जबकि निफ्टी 50 0.13 प्रतिशत बढ़कर 22,471.95 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। बेंचमार्क सेंसेक्स हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को एक सीमित दायरे के कारोबार में साथ लगभग सपाट बंद हुआ। हाई वेल्युएशन से संबंधी चिंताओं के बीच निवेशकों ने इंडेक्स हैवीवेट में मुनाफावसूली की जिसके चलते बाजार आज लगभग सपाट रहा। बीएसई सेंसेक्स 17.39 अंक बढ़कर 73,895.54 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 74,359.69 अंक के हाईएस्ट और 73,786.29 अंक के निचले लेवल तक चला गया था। दूसरी तरफ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी-50 33.15 अंक की गिरावट लेकर 22,442.70 अंक के लेवल पर बंद हुआ। एफएमसीजी प्रमुख मैरिको में 8 फीसदी की तेजी आई जबकि ल्यूपिन में 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। इसी तरह एनएसई पर, बीपीसीएल और टाइटन टॉप गेनर्स रहे जबकि बजाज ऑटो और श्रीराम फाइनेंस प्रमुख पिछड़ गए। व्यापक बाजारों में, निफ्टी स्मॉलकैप 0.56 प्रतिशत गिरा जबकि मिडकैप 0.48 प्रतिशत गिरा। सेक्टर के हिसाब से, निफ्टी एफएमसीजी 1.50 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ शीर्ष पर रहा।



## सऊदी अरब के एक फैसले से कच्चा तेल हुआ महंगा

**एजेंसी, मुंबई** : सऊदी अरब के एक फैसले के बाद वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल के महंगे होने के आसार बढ़ गए हैं। सोमवार को भी क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। दरअसल सऊदी अरब ने ज्यादातर क्षेत्रों के लिए जून में कच्चे तेल की कीमत बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके बाद सोमवार को तेल वायदा में तेजी आई और गाजा युद्धविराम समझौते की संभावना भी कम दिखाई दे रही है। इससे यह आशंका फिर से बढ़ गई कि प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र में इजरायल-हमास संघर्ष अभी भी बढ़ सकता है। सऊदी अरब के इस तिमाही में ऑयल सप्लाई में कमी के बीच अधिकांश क्षेत्रों के लिए जून ओएसपी बढ़ाने के बाद तेल के दाम ऊपर जाने तय लग रहे हैं। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के भाव सोमवार को उछाल के साथ कारोबार कर रहे हैं। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.31 फीसदी चढ़कर 78.85 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है जबकि ब्रेंट क्रूड 0.24 फीसदी चढ़कर 83.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। सऊदी अरब ने जून में एशिया, उत्तर-पश्चिमी यूरोप और भूमध्य सागर में बेचे जाने वाले अपने कच्चे तेल की आधिकारिक बिक्री कीमतें बढ़ा दीं, जो इस गर्मी में मजबूत मांग की उम्मीद का संकेत है। इसी का असर है कि जियो-पॉलिटिकल टेंशन कम होने पिछले हफ्ते 7.3 फीसदी से थोड़ी ज्यादा गिरावट के बाद, आईसीई ब्रेंट ने मजबूत स्तर पर नए कारोबारी सप्ताह की शुरुआत की है।पिछले हफ्ते दोनों कच्चे तेल के दोनों कॉन्ट्रेक्ट्स में तीन महीने में अपना सबसे बड़ा साप्ताहिक घाटा दर्ज किया था। इसमें ब्रेंट 7 फीसदी से ज्यादा गिर गया और डब्ल्यूटीआई 6.8 फीसदी लुढ़का था।

# भारतीय बाजार में 5 डोर गुरखा एसयूवी लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली** : भारतीय बाजार में फोर्स मोटर्स ने अपनी 5 डोर गुरखा एसयूवी को लॉन्च कर दिया है। गुरखा एसयूवी की बुकिंग 25,000 रुपये में शुरू की है। कंपनी ने गुरखा के 3 डोर वैरिएंट को भी अपडेट के साथ लॉन्च किया है। फोर्स गुरखा 5 डोर वैरिएंट की कीमत 18 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तय की गई है, जबकि नए 3 डोर मॉडल को 16.75 लाख रुपये की एक्स-शोरूम कीमत पर उतारा गया है। फोर्स गुरखा 5 डोर और 3 डोर वैरिएंट का डिजाइन एक जैसा है, हालांकि दोनों के साइज और व्हीलबेस में अंतर है। इसके अलावा दोनों एसयूवी में अपडेटेड फीचर्स के साथ समान इंजन का इस्तेमाल किया गया है। गुरखा 5-डोर की बात करें तो इसे 3 डोर वैरिएंट की तरह बॉक्सी डिजाइन में पेश किया गया है। इसमें पहले की तरह एलईडी हेडलाइट, एलईडी डीआरएल और ग्रिल पर गुरखा की बैजिंग दी गई है। इसके डैशबोर्ड में 9-इंच का बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिए गया है जिसके साथ एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले कनेक्टिविटी भी मिलती है। इसके अलावा इसमें फैक्ट्री फिटेड स्नोर्कल भी मिलता है। एसयूवी के बूट डोर पर स्पेयर व्हील अटैच किया गया है। 5-डोर वैरिएंट में 18-इंच के मशीन कट अलॉय व्हील्स लगाए गए हैं। वहीं इसमें रूफ पर भी टायर माउंट करने का ऑप्शन मिलता है। 5-डोर वैरिएंट में तीन पंक्तियों में सीटें दी गई है जिनमें बीच की सीटें बेंच डिजाइन में हैं जबकि आखिरी पंक्ति में दो कैप्टन सीटें दी गई हैं। गुरखा 5 डोर वैरिएंट में 7 लोग बैठ सकते हैं। गुरखा के 3 डोर वैरिएंट में भी अब कंपनी 18-इंच के अलॉय व्हील्स दे रही है। वहीं डैशबोर्ड लेआउट को भी अपडेट कर दिया गया है। इस वैरिएंट में कंपनी ने केवल फ्रंट में पावर विंडो का ऑप्शन दिया है। 3-डोर में भी कंपनी ने 9-इंच का बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिए गया है जो कि एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले कनेक्टिविटी के साथ आता है। दोनों वैरिएंट में कंपनी ने मैनुअल एसी फंक्शन और डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले दिया है।



## भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मार्च में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर: पीएमआई

**एजेंसी, नई दिल्ली** : भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला। घरेलू मांग में तेजी के अलावा कंपनियों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए कारोबारी लाभ का भी उल्लेख किया जिसने सामूहिक रूप से सितंबर 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि को बल दिया। इस बीच एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स अप्रैल में 61.5 रहा जो मार्च में 61.8 था। यह 14 वर्षों में दूसरे सबसे मजबूत उछाल को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि समग्र गतिविधि के संदर्भ में, विनिर्माण व सेवा दोनों क्षेत्रों में कुल उत्पादन अप्रैल में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा यद्यपि थोड़ी धीमी गति से जो इन क्षेत्रों में निरंतर बेहतरी का संकेत देता है।



## रुपया 4 पैसे बढ़कर 83.48 डॉलर पर

**एजेंसी, मुंबई** : घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच रुपये ने मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले सीमित दायरे में कारोबार किया और चार पैसे मजबूत होकर 83.48 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की निकासी से स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा और इसकी तेजी पर रोक लगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.48 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.52 पर बंद हुआ था।

# सेबी ने ट्रेडिंग का समय बढ़ाने का प्रस्ताव किया खारिज

**एजेंसी, मुंबई** : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को डेरिवेटिव सेगमेंट में कारोबार का समय बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था मगर बाजार नियामक ने प्रस्ताव पर ब्रोकरों के एकमत नहीं होने की वजह से उसे खारिज कर दिया। एनएसई ने बाजार नियामक से डेरिवेटिव मार्केट को अतिरिक्त तीन घंटे शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक खोलने का अनुरोध किया था। एनएसई का तर्क था कि इससे बाजार भागीदारों को देर शाम वैश्विक संकेतों का आकलन करने और उसके हिसाब से खरीद-बिक्री करने में मदद मिलेगी। लेकिन शेयर ब्रोकरों में इस पर सहमति नहीं थी। ब्रोकरों का कहना था कि इससे उनकी लागत बढ़ जाएगी और अतिरिक्त तकनीक की भी जरूरत होगी। एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस प्रस्ताव को फिलहाल ठंडे बस्ते में डालने की पुष्टि की। एनएसई के नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि फिलहाल कारोबार का समय बढ़ाने की कोई योजना नहीं है क्योंकि ब्रोकरों की ओर से इस बारे में अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलने की वजह से सेबी ने हमारा आवेदन खारिज कर दिया। इसलिए मार्केट का समय बढ़ाने की योजना फिलहाल स्थगित कर दी गई है।' इस साल की शुरुआत में शेयर ब्रोकरों के निकाय एसोसिएशन ऑफ नैशनल एक्सचेंजेज मेंबर्स ऑफ इंडिया ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालांकि बंबई स्टॉक एक्सचेंज ब्रोकर्स फोरम अलग सेगमेंट के पक्ष में नहीं था। बाजार नियामक ने बाजार में कारोबार का समय बढ़ाने के साथ ही अन्य मुद्दों पर ब्रोकरों के बीच आम राय बनाने के लिए ब्रोकर्स इंडस्ट्री स्टैंडर्ड फोरम का गठन किया था जिसमें ब्रोकरों के तीन संगठन बतौर सदस्य शामिल थे। सूत्रों के अनुसार आईएसएफ ने पिछले महीने प्रस्ताव पर अपनी टिप्पणियां सौंपी थीं। उसने न तो बाजार का समय बढ़ाने की जरूरत की पुष्टि की और न ही इससे जुड़ी चुनौतियों से इनकार किया। बाजार नियामक ने एक्सचेंज के परिचालन, सौदों का निपटान, पोजीशन की निगरानी और जोखिम प्रबंधन के मसले पर सवाल उठाए थे। दूसरी ओर कई ब्रोकरों ने छोटे निपटान चक्र, ब्लॉक मैकेनिज्म तथा ग्राहकों के पैसों के उपयोग सहित अन्य नियामकीय बदलावों के बीच अतिरिक्त लागत और अनुपालन पर चिंता जताई थी। ब्रोकरों की राय थी कि कारोबार का समय बढ़ाने से तकनीक और मानव संसाधन पर अतिरिक्त निवेश करने की जरूरत होगी और संभवतः यह उतना लाभकारी नहीं होगा। एनएसई की इरादा विस्तारित घंटों में केवल इंडेक्स डेरिवेटिव में ट्रेडिंग की अनुमति देने की थी।





# जब इंडस्ट्री के लोग ही..., अपना मजाक उड़ता देख दुखी हैं करण जौहर

फिल्ममेकर करण जौहर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। करण सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। अपनी बात रखने के लिए वह सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं। हाल ही में उन्होंने एक टीवी शो के एक कॉमेडियन को खराब कहा है। उन्होंने कहा कि वह कॉमेडियन को उनकी नकल करते देख परेशान थे। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नोट साझा करते हुए इस मिमिक्री को खराब कहा है। उन्होंने कहा कि ट्रोलर्स से उन्हें इस तरह की उम्मीद थी, लेकिन इंडस्ट्री के लोगों से उन्हें ये उम्मीद नहीं थी। करण जौहर ने अपने पोस्ट में बिना किसी शो या कॉमेडियन का नाम लिए निशाना साधा है। करण के इस पोस्ट को देखकर कई यूजर्स हैरान हैं। वहीं, कई सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि वह केतन सिंह के बारे में बात कर रहे हैं। केतन ने सोनी टीवी के शो मैडनेस मचाएंगे- इंडिया को हंसाएंगे में उनकी मिमिक्री की थी। करण ने अपने नोट में लिखा, मैं अपनी मां के साथ बैठकर टेलीविजन देख रहा था और मैंने एक प्रतिष्ठित चैनल पर एक रियलिटी कॉमेडी शो का प्रोमो देखा। एक कॉमिक बेहद खराब तरीके से मेरी नकल कर रहा था। मैं ट्रोल्स और अंजान लोगों से यही उम्मीद करता हूं, लेकिन जब आपकी अपनी इंडस्ट्री किसी ऐसे व्यक्ति का अनादर कर सकती है, जो 25 वर्षों से अधिक समय से बिजनेस कर रहा है। यह इस समय के बारे में बहुत कुछ बताता है, जिसमें हम रह रहे हैं। इससे मुझे गुस्सा भी नहीं आता, बस दुख होता है। उनका ये नोट हाल ही में सोनी टीवी औ उसके इंस्टाग्राम पर साझा किए गए हालिया प्रोमो को लेकर है। शो के प्रोमो में केतन ने करण की मिमिक्री की है। वह उनके शो कॉफी विद करण को आड़े हाथ लेते दिखाई दिए हैं। कॉमेडी शो में केतन करण के शो को टॉफी विद चूरन कहते हुए मजाक बनाया है। केतन शो में करण पर कई स्टार किड्स को लॉन्च करने को लेकर निशाना साधा है। इसके साथ ही करण जौहर की डांस करने की आदत का भी मजाक उड़ाया है। इस शो को बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरेशी जज कर रही हैं।



# गिल्ट 3 में नजर आएंगी सारा खान

टीवी शो सपना बाबुल का...बिदाई से घर-घर में अपनी खास पहचान बनाने वाली अभिनेत्री सारा खान जल्द ही फिल्म गिल्ट 3 में नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक बातचीत में उन्होंने इस फिल्म को लेकर खुलकर बात की। इस साक्षात्कार में अभिनेत्री ने अपने किरदार के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही, उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर भी अपडेट दिया।

## किरदार निभाना रहा चुनौतीपूर्ण

फिल्म पर बात करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि यह पिता-पुत्री और सौतेली मां की कहानी है, जो खुशहाल जिंदगी बिता रहे हैं, लेकिन इसी दौरान उनके जीवन में हैरान कर देने वाला मोड़ आता है और सब कुछ बदल जाता है। अपने किरदार पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी उम्र से 10 साल छोटी लड़की का किरदार निभाना उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने बताया कि इस रोल को निभाने में उन्हें काफी ज्यादा मजा आया।

## परिवार के साथ वक्त बिताना है पसंद

उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर बात करते हुए बताया कि उन्हें पार्टी में जाने से ज्यादा अपने परिवार के साथ वक्त बिताना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि उनके कुछ दोस्त हैं जिनके साथ उन्हें बाहर जाने में अच्छा लगता है। इस बातचीत में उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट पर भी बात की।

## जल्द आएगी एक और फिल्म

उन्होंने बताया कि उनका प्रोडक्शन हाउस एक कॉन्सेप्ट पर काम कर रहा है, जिस पर फिल्म आने वाली है। उन्होंने आगे बताया कि उनके प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले तीन गाने भी जल्द ही लोगों को सुनने को मिलेंगे।



# अपनी सभी फिल्मों को अपनी डेब्यू फिल्म मानती हैं सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों हीरामंडी में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। संजय लीला भंसाली की नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। सीरीज में सोनाक्षी ने विलेन की भूमिका निभाई है। अब अभिनेत्री ने अपने करियर के बारे में बात की और बताया कि वे अपने किरदार को किस तरह से चुनती हैं। सोनाक्षी ने कहा कि उन्होंने दबंग से डेब्यू किया था, जिसके बाद 14 साल वे इंडस्ट्री में बिता चुकी हैं। सोनाक्षी अपनी मेहनत के दम पर किरदार पाना चाहती हैं और टाइपकास्ट नहीं होना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वे अपनी सभी फिल्मों को डेब्यू फिल्म मानती हैं, ताकि वे सबकुछ मेहनत से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे सके।

# इस वजह से जब वी मेट 2 नहीं बनाना चाहते इम्तियाज अली

इम्तियाज अली इन दिनों अपनी फिल्म चमकीला की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इम्तियाज जब वी मेट जैसी सुपरहिट फिल्म भी दे चुके हैं। करीना कपूर खान और शाहिद कपूर अभिनीत यह फिल्म रोमांस का प्रतीक है और आज भी दर्शकों से जुड़ी हुई है। हम प्रशंसक काफी समय से निर्देशक से सीक्वल के बारे में पूछ रहे हैं। अब उन्होंने इस बारे में फिर खुलकर बात की है। उन्होंने जब वी मेट के सीक्वल के बारे में बात करते हुए इम्तियाज अली ने इसके विचार को खारिज कर दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह करीना कपूर खान के साथ फिर से काम करना पसंद करेंगे। यह बताते हुए कि ऐसा अभी तक क्यों नहीं हो सका निर्देशक ने आगे कहा कि जब भी कोई फिल्म निर्माता किसी कलाकार के साथ काम करता है तो उस पर यह जिम्मेदारी होती है कि वह केवल उस कलाकार के के लिए ही कुछ भी न करें। विचार यह है कि पुनर्मिलन केवल तभी किया जाए, जब आपने पहले जो किया है उसकी तुलना में कोई बेहतर या पूरी तरह से अलग प्रोजेक्ट हो।



# इस फिल्म के सीक्वल में काम करना चाहती हैं प्रीति

प्रीति जिंटा बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हैं। 90 के दशक से लेकर अब तक वे कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने फैंस के लिए एक चैट सेशन का आयोजन किया। इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि अगर संघर्ष का सीक्वल बनी तो वे उसमें जरूर काम करना चाहेंगी। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रीति जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। लाहौर 1947 में वे सनी देओल के साथ दिखेंगी।





# शेखर सुमन ने आमिर खान से की अपनी तुलना, बोले- सिर्फ दिखने के लिए काम नहीं करता

शेखर सुमन मनोरंजन की दुनिया में काफी पुराना नाम हैं। उन्होंने लगातार कई वर्षों से लोगों का मनोरंजन किया है। इस दौरान वह एक मशहूर टीवी स्टार, जज, गायक और बॉलीवुड अभिनेता के तौर पर दिखे। फिलहाल वह निर्देशक संजय लीला भंसाली की डेब्यू वेब सीरीज हीरामंडी में नजर आ रहे हैं। वह लंबे समय बाद स्क्रीन पर नजर आए हैं। शेखर के फैंस उन्हें फिर से अभिनय करते देखने को लेकर काफी उत्सुक थे। उनके फैंस इस सीरीज को उनकी वापसी करार दे रहे थे, लेकिन अभिनेता इसे वापसी के रुप में नहीं देखते। अच्छे खासे अंतराल के बाद स्क्रीन पर नजर आ रहे शेखर इसे वापसी के तौर पर नहीं देखते। अपने रुख साफ करते हुए उन्होंने कहा, मैं एक थियेटर का कलाकार हूं। आप एक अच्छे किरदार का इंतजार करते हैं। ऐसे किरदार मिलने में समय लग सकता है। इसलिए आप थोड़े अंतराल के बाद दिखते हैं, क्योंकि वो किरदार मुझे उत्साहित करना चाहिए। मैं सिर्फ दिखने के लिए काम नहीं करता कि मैं 10 ओटीटी सीरीज और पांच फिल्मों का हिस्सा हूं।

## दिलीप कुमार और आमिर खान से सीखा

स्क्रीन पर कम नजर आने को लेकर उन्होंने आमिर खान और दिलीप कुमार का जिक्र किया। उन्होंने कहा, मैंने दिलीप कुमार साहब से काफी कुछ सिखा है। वह दो-तीन सालों में एक फिल्म किया करते थे। दिलीप कुमार,आमिर खान ये लोग खुद को काफी संयमित और अच्छे-खासे अंतराल के बाद दर्शकों के सामने पेश करते हैं। इस वजह से लोगों के अंदर इन्हें पर्दे पर देखने की जिज्ञासा होती है। खुद को भेड़ चाल का हिस्सा बना लेना, किसी भी कलाकार के लिए काफी बुरा होता है। किसी फिल्म या शो के बीच में यह एहसास होना कि आपने गलती की है, यह बहुत बुरा अनुभव होता है।

## पिता-पुत्र दोनों ने किया है काम

शेखर सुमन इससे पहले बिग बॉस के 16वें सीजन में दिखे थे। फिलहाल वह ओटीटी सीरीज हीरामंडी में नजर आ रहे हैं। इसमें वह जुल्फिकार का किरदार अदा कर रहे हैं। शो में उनके साथ उनके पुत्र अध्यन सुमन भी नजर आ रहे हैं। इसमें वह जोरावर अली खान का किरदार निभा रहे हैं। इससे पहले अध्यन वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश में नजर आए थे। फिलहाल दोनों पिता-पुत्र की जोड़ी स्क्रीन पर लोगों को पसंद

# देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 गरीबों को वापस मिलेगा लूटा हुआ धन, कानूनी सलाह ले रहा हूं,आंध्र प्रदेश में विपक्ष पर मोदी का हमला
2 प्रधानमंत्री ने इस दौरान राम मंदिर को लेकर भी विपक्ष पर निशाना साधा,उन्होंने राज्य के प्रसिद्ध अभिनेता और राजनेता रहे एन टी रामाराव को याद करते हुए कहा कि रामाराव ने भगवान राम को हर घर तक पहुंचाया था,उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति के कारण अयोध्या में राम मंदिर अभिषेक का बहिष्कार किया
3 तीसरा फेज,11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग,मोदी-शाह अहमदाबाद में वोट डालेंगे;7 केंद्रीय मंत्री और 4 पूर्व सीएम मैदान में
4 तीसरा चरण बीजेपी के लिए सबसे अहम,पिछली बार यहीं से मिला था बूस्टर डोज;विपक्षियों पर बना ली थी बंपर बढ़त
5 प्रियंका ने रायबरेली कार्यकर्ताओं में भरा जोश,बोलीं:अभी जिसे डर लगता है वो पीछे हट जाए,फिर हटने नहीं दूंगी
6 मोदी यदि विश्व के सबसे बड़े नेता हैं तो देश में रोजगार क्यों नहीं लाते हैं,सत्ता पाने के लिए अरबपतियों से सांठगांठ करते हैं और कांग्रेस को सबसे भ्रष्ट पार्टी बताते हैं,परिवारवाद की बात करते हैं,लेकिन उनकी ही पार्टी में भाई,बहन, चाचा,चाचियां इकट्ठे हो रहे हैं,क्या यह परिवारवाद नहीं हैः प्रियंका गांधी
7 राहुल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लिखी चिट्ठी;बोलेःयह हमारे लोकतंत्र-संविधान को बचाने की लड़ाई
8 राहुल ने लिखाःमैं अब तक की आपकी सारी मेहनत के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं,आपकी वजह से ही हम भारत की जनता की बात सुनकर एक क्रांतिकारी घोषणापत्र बना पाए हैं,हमने चुनाव के पहले दो चरणों में अच्छा संघर्ष किया है,हम भाजपा के झूठ और ध्यान भटकाने वाले कार्यों का विरोध करने और उन्हें हमें जवाब देने के लिए मजबूर करने में सक्षम हैं
9 लोकसभा चुनाव में दो चरणों का मतदान पुरा हो चुका है,तीसरे चरण की वोटिंग हुई,इस बीच बीजेपी एक बार फिर एनडीए के लिए 400 पार का नारा मजबूत करती नजर आ रही है,हाल ही में एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने 400 सीटें पार का गणित समझाया है
10 टाइम्स नाउ से बातचीत में पीएम मोदी ने कहाःसिर्फ हमारे मौजूदा सांसदों को देखें,जब हम 2019 में जीते,तब हमारे पास करीब 359 सांसद थे, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के राजनीतिक दल हमेशा से हमारे साथ थे,यह आंकड़ा करीब 35 सांसदों का है,इसके बाद पूर्वोत्तर का साथ हमारे साथ है,ऐसे कार्यात्मक तरीके से एनडीए+ हमेशा 400 के आसपास था,संसद में हमारी ताकत पहले ही 400 है
11 पीएम मोदी ने कहा मुझे नहीं पता कि लोग क्यों हैरान होते हैं,जब हम 400 से ज्यादा सीटें कहते हैं,सच्चाई यह है कि हम 2014 से ही करीब 400 सांसदों के समर्थन से संसद चला रहे हैं
12 केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर SC में सुनवाई,दिल्ली सीएम के वकील बोले थेःगिरफ्तारी गैरकानूनी;के कविता की कस्टडी पर भी आज फैसला
13 एनआईए करेगी जांचःकेजरीवाल पर आतंकी संगठन से फंड लेने का आरोप,आप बोलीः2022 में भी भाजपा ने लगाए थे ये आरोप
14 कर्नाटक सेक्स स्कैंडल पर पहली बार बोले मोदी,कहाःप्रज्वल जैसों के लिए जीरो टॉलरेंस नीति,उसे देश छोड़ने की इजाजत कर्नाटक सरकार ने दी
15 सहयोगी दल बढ़ा रहे भाजपा की सिरदर्दी;पहले जेडीएस ने उलझाया,अब आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू ने किया मुस्लिम कोटे का समर्थन
16 राजस्थान की भूमि भू-वैज्ञानिकों के लिए बनी सवाल;बीकानेर के बाद बालोतरा की जमीन में आई दरार
17 तीसरे चरण में कुछ देर बाद शहर में मतदान शुरू होगा,त्रिकोणीय मुकाबले में रोचक हुआ मुकाबला,दिग्गज नेताओं ने अपने अपने उम्मीदवारों के लिए किया था प्रचार और रैलियां
18 सूर्या के शतक से मुंबई ने जीता चौथा मैच,आईपीएल में हैदराबाद को 7 विकेट से हराया; हार्दिक-चावला को 3-3 विकेट
19 हमास ने मानी मिस्र और कतर की बात,स्वीकार किया युद्धविराम प्रस्ताव
20 तीसरे चरण की वोटिंग से पहले राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को लिखा पत्र,बोलेःहम आपके बिना नहीं जीत सकते
21तमिलनाडुःसूर्योदय देखना छात्रों को पड़ा भारी,समुद्र में डूबने से पांच मेडिकल स्टूडेंट्स को गंवानी पड़ी जान
22 हम हो जाएंगे बर्बाद,ठिकाने आया होश तो भारत से गिड़गिड़ाने लगा मालदीव
23 मैं चीखती रही पर राधिका खेड़ा हुईं भावुक,कांग्रेस नेताओं पर लगाए गंभीर आरोप
24 ओडिशाःपीएम मोदी का भाषण सुनने उमड़ा जनसैलाब,पंडाल के अंदर से ज्यादा मैदान में दिखे लोग
25 लोक सभा इलेक्शन 2024ःगुजरात पहुंचे पीएम मोदी, अहमदाबाद में किए मतदान
26 पीएम मोदी बोलेःनवीन पटनायक सरकार की एक्सपायरी डेट 4 जून,बीजू जनता दल प्रमुख का तंज-दिवास्वप्न देख रहे प्रधानमंत्री
27 खड़गे के दामाद सहित 5 के खिलाफ कर्नाटक के मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में 800 करोड़ के स्कैम की शिकायत
28 तीसरे चरण का मतदान हुई,93 सीटों पर मैदान में 1331 उम्मीदवार,पीएम मोदी-अमित शाह डालें वोट
29 फिर इतिहास रचेंगी भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स,12 साल बाद करेंगी अंतरिक्ष की यात्रा
30 दिल्ली एलजी की सिफारिशःकेजरीवाल की एनआईए जांच हो,दिल्ली सीएम पर सिख फॉर जस्टिस समेत खालिस्तानी संगठनों से 133 करोड़ रुपए लेने का आरोप
31 प.बंगाल के गवर्नर बोस बोलेःदीदीगिरी बर्दाश्त नहीं करूंगा,यौन उत्पीड़न के आरोपों पर कहाःममता बनर्जी गंदी राजनीति कर रही है
32 कर्नाटक सेक्स स्कैंडल पर पहली बार बोले मोदी,कहाःप्रज्वल जैसों के लिए जीरो टॉलरेंस नीति,उसे देश छोड़ने की इजाजत कर्नाटक सरकार ने दी
33 मैनिफेस्टो पर चिदंबरम बोलेःबीजेपी नेता आंखों का इलाज कराएं,कांग्रेस की सरकार होती तो आज इकोनॉमी 200 लाख करोड़ होती
34 राजस्थान छत्तीसगढ़ नीट के गलत पेपर बंटे,लीक का आरोप,NTA बोलाःकुछ बच्चे समय से पहले सेंटर से भागे;बिहार से 9 सॉल्वर अरेस्ट
35 ईडी ने साइबर ठग पुनीत के बैंक लॉकर से 19 किलो से अधिक सोना किया जब्त
36 हमारी सरकार आने पर 50% आरक्षण की सीमा हटाएंगेःराहुल गांधी
37 तुर्किये का इराक में बड़ी कार्रवाई,हवाई हमले में मारे 16 आतंकवादी;यूएन सहित कई संगठनों ने घोषित किया है आतंकी संगठन
38 म्यांमार रिफ्यूजीसःम्यांमार से 10 महिलाओं समेत 50 और लोग भागकर आए मिजोरम,राज्य में शरणार्थियों का आंकड़ा 34 हजार पार
39 कुलगाम एनकाउंटरःकुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में मुठभेड़,सुरक्षाबलों ने आतंकियों के मंसूबों को किया विफल
40 घर में घुसकर धोया,भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को लगातार चौथे मैच में हराया

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **आरती कुमारी** द्वार अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। ***संपादक - अविनाश**। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001,
RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेबार।